CMYK

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 23°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, बुधवार 30 जुलाई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 350 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com श्रावण शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 4 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ले केंद्र सरकार: प्रियंका गांधी पेज 2



सात्विक-चिराग बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष 10 में फिर शामिल खेल टाइम्स



दो महाशक्तियों के बीच फंसी विदेश नीति और अंबानी की हिस्सेदारी सम्पादकीय



नीदरलैंड ने इजरायल के दो कट्टर मंत्रियों पर लगाया बैन पेज 12

## विपक्ष अखबारों की सुर्खियों में जगह बना सकता है, लेकिन लोगों के दिलों में नहीं

# ऑपरेशन सिंदूर: मोदी ने विपक्ष को खूब किया लाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में किसी भी देश ने भारत को अपनी सुरक्षा में कार्रवाई करने से रोका नहीं है। संयुक्त राष्ट्र के 193 देश में से सिर्फ तीन देश ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के समर्थन में थे। क्वाड, ब्रिक्स, फ्रांस, रूस, जर्मनी समेत तमाम देश दुनियाभर से भारत को समर्थन मिला। लेकिन देश के वीरों के पराक्रम को कांग्रेस का समर्थन नहीं मिला।

22 अप्रैल के बाद तीन-चार दिन में ही ये उछल रहे थे। कहने लगे कि कहां गया मोदी? मोदी फेल हो गया। बड़ा मजा ले रहे थे। उनको पहलगाम के निर्दोष लोगों की हत्या में राजनीति दिख रही थी। अपनी स्वार्थी राजनीति के लिए मुझ पर निशाना साधा रहे थे। उनकी बयानबाजी और छिछोरापन देश के सुरक्षा बलों का मनोबल गिरा रहा था। कांग्रेस के नेताओं को न भारत के सामर्थ्य पर भरोसा है और न सेना पर। इसलिए वे ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठा रहे हैं। ऐसा करके वे देशवासियों के दिल में जगह नहीं बना सकते। पीएम मोदी ने कहा कि नेवी, आर्मी, वायुसेना तीनों के संयुक्त प्रयास ने पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए। पहले आतंकियों के मास्टरमाइंड निश्चिंत रहते थे। अब स्थिति बदल गई है। अब हमले के बाद उनको नींद नहीं आती। उनको पता है कि भारत आएगा और मारकर जाएगा। ये न्यू नॉर्मल भारत ने सेट कर दिया है। दुनिया ने देख लिया कि हमारी कार्रवाई का दायरा कितना बड़ा है। सिंदूर से लेकर सिंधु तक पाकिस्तान पर कार्रवाई की -शेष पृष्ठ दो पर



**कहा: दुनिया में किसी भी देश ने भारत को अपनी सुरक्षा में कार्रवाई करने से नहीं रोका**

**संरा के 193 देश में से सिर्फ तीन देश ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के समर्थन में थे**

### पहलगाम हमले के आतंकी मुठभेड़ में मारे गए: शाह



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोकसभा में घोषणा की कि पहलगाम आतंकी घटना को अंजाम देने वाले तीनों आतंकी सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए। श्री शाह ने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि ऑपरेशन महादेव के दौरान सोमवार को पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकी सुलेमान उर्फ फैसल, अफगान और जिब्रान सैन्य बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए। सुलेमान आतंकी संगठन लश्कर का ए श्रेणी आतंकी और तथाकथित कमांडर था। अफगान और जिब्रान भी लश्कर ए तैयबा से जुड़े हुए ए श्रेणी के आतंकवादी थे।

### राज्यसभा में नड्डा के बिगड़े बोल, खड़गे से माफी मांगी



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से माफी मांगनी पड़ी। दरअसल हुआ यह कि विपक्ष की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बहस की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के लिए कौन जिम्मेदार है, वह कुर्सी खाली करें। अगर कोई जिम्मेदार नहीं है, तो पीएम जवाब दें। इस पर जेपी नड्डा ने कहा कि उन्होंने (खड़गे) प्रधानमंत्री पर टिप्पणी की है, उनकी तकलीफ समझ सकता हूं। 11 साल से उनको वहां बैठाए रखा है। उन्होंने कहा कि वह (मोदी) दुनिया के -शेष पृष्ठ दो पर

# एआई के सहारे फर्जी फैसले कोर्ट में रखे जा रहे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस राजेश बिंदल ने कहा है कि भारत और अमेरिका में कुछ युवा वकील एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) टूल्स से कोर्ट के फर्जी फैसले खोज कर अदालत में पेश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कई बार युवा वकील एआई पर सिर्फ दो-तीन शब्द डालकर सर्च करते हैं और जो भी फैसला सामने आता है, उसे कोर्ट में दिखा देते हैं। कई बार वो फैसला गलत होता है, अल्पमत (मतभेद वाले जज का) होता है या फिर एआई ने खुद से कोई नया फर्जी जजमेंट बना दिया होता है। जस्टिस बिंदल सोमवार को ऑल इंडिया सीनियर लॉयर्स एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त किए गए चार नए जजों जस्टिस जॉयमाल्य बागची, निलय वी. अंजारिया, विजय बिश्नोई और अतुल एस. चंदुरकर का सम्मान किया गया। मंच पर राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील पी. विल्सन, वरिष्ठ अधिवक्ता अदीश अग्रवाल और पितांबरी आचार्य भी थे। जस्टिस बिंदल बोले-जजमेंट के पीछे युवा वकीलों की रिसर्च होती है जस्टिस राजेश बिंदल कहा कि जज भले ही फैसले देते हैं, लेकिन उसके पीछे असली मेहनत युवा वकीलों की रिसर्च और सीनियर वकीलों की दलीलों की होती है। इस मौके पर बोलते हुए सांसद और वरिष्ठ वकील पी. विल्सन ने बताया कि उन्होंने संसद में एक प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया है, जिसमें जजों की रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने का प्रस्ताव है।

**सुप्रीम कोर्ट के जज बोले- युवा वकील इससे सावधान रहें, सीनियर अधिवक्ता उन्हें समझाएं**



### विधानसभा से पास बिल को राष्ट्रपति व राज्यपाल की मंजूरी कब तक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि राज्य विधानसभाओं की ओर से पारित विधेयकों को मंजूरी देने की समय सीमा तय करने संबंधी राष्ट्रपति के संदर्भ की जांच 19 अगस्त से शुरू की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की संविधान पीठ ने सुनवाई की तारीखें तय करते हुए सभी पक्षों से 12 अगस्त तक लिखित दलीलें पेश करने को कहा। न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अदालत शुरुआत में केरल, तमिलनाडु और अन्य की सुनवाई करने की विचारणीयता के मुद्दे पर दलीलें सुनेगी। शीर्ष अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को दलीलें पेश करने के लिए चार-चार दिन का समय देने के सुझाव पर सहमति जताई। पीठ ने कहा कि शुरुआत में हम प्रारंभिक आपत्ति पर एक घंटे तक पक्षकारों की सुनवाई करेंगे।

### आठ अतिरिक्त जजों को स्थायी जज, सात के कार्यकाल बढ़ाने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने आठ अतिरिक्त न्यायाधीश की स्थाई न्यायाधीश पद पर नियुक्ति और सात का कार्यकाल एक साल बढ़ाने की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत की ओर से जारी बयान के मुताबिक कॉलेजियम ने आंध्र प्रदेश, कलकत्ता, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक उच्च न्यायालयों के अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की है। बयान में कहा गया है कि आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के लिए न्यायमूर्ति हरिनाथ नुनेपल्ली, न्यायमूर्ति किरणमई मांडवा उर्फ किरणमई कनपर्थी, न्यायमूर्ति सुमति जगदम और न्यायमूर्ति न्यापति विजय के नामों की सिफारिश की गई है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के लिए न्यायमूर्ति रवींद्र कुमार अग्रवाल और कर्नाटक उच्च न्यायालय के लिए न्यायमूर्ति गुरुसिद्धैया बसवराज के नाम का प्रस्ताव किया गया है।

### चार देशों के राजनयिकों ने राष्ट्रपति को परिचय किए पत्र प्रस्तुत

**नई दिल्ली।** चार देशों डोमिनिकन गणराज्य, तिमोर-लेस्ते, श्रीलंका और गैबोनीज़ गणराज्य के राजदूतों तथा उच्चायुक्तों ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किए। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार इन राजनयिकों ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में अपने परिचय पत्र पेश किए। परिचय पत्र प्रस्तुत करने वालों में डोमिनिकन गणराज्य के राजदूत फ्रांसिस्को मैनुअल कॉम्प्रेस हर्नांडेज़, तिमोर-लेस्ते लोकतांत्रिक गणराज्य के राजदूत कार्लिटो नून्स, श्रीलंका की उच्चायुक्त सुश्री प्रदीपा महिशिनी और गैबोनीज़ गणराज्य के उच्चायुक्त गाय रोड्रिग डिकाय शामिल थे।

# बिहार में 65 लाख के मताधिकार से वंचित होने की आशंका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार विशेष गहन पुनरीक्षण में 65 लाख मतदाताओं के मतदाता सूची से बाहर होने की आशंकाओं पर मंगलवार को मौखिक रूप से फिर कहा कि यदि ऐसा हुआ, तो न्यायालय हस्तक्षेप करेगा।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण की आशंका पर यह आश्वासन दिया। पीठ के समक्ष अधिवक्ता भूषण ने निर्वाचन आयोग के इस बयान का जिक्र कि 65 लाख लोगों ने पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान गणना फॉर्म जमा नहीं किए हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- वह हस्तक्षेप करेगा**

### वडोदरा नाव दुर्घटना पीड़ितों को छह सप्ताह के अंदर अनुग्रह राशि दें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के वडोदरा में नाव दुर्घटना पीड़ितों के लिए 1.2 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि छह सप्ताह के भीतर संबंधित परिजनों को तर्कसंगत आधार पर वितरित करने का मंगलवार को आदेश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने आदेश देते हुए कहा कि ये राशि 18 जनवरी, 2024 को हुई नाव दुर्घटना में मारे गए 12 बच्चों और 2 शिक्षकों के परिजनों को वितरित की जाए।

### SC कॉलेजियम ने की बॉम्बे और दिल्ली हाईकोर्ट में 4 जजों की नियुक्ति की सिफारिश

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने बॉम्बे उच्च न्यायालय में तीन और दिल्ली उच्च न्यायालय के लिए एक न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत के बयान के मुताबिक बॉम्बे उच्च न्यायालय के लिए अधिवक्ता अजीत भगवानराव कडेथांकर, आरती अरुण साठे और सुशील मनोहर घोडेश्वर को न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की गई है। इसी प्रकार न्यायिक अधिकारी विमल कुमार यादव को पदोन्नत कर दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद पर नियुक्त करने प्रस्ताव किया गया है। बयान में कहा गया है कि कॉलेजियम की 28 जुलाई को हुई बैठक में न्यायाधीशों के नियुक्ति की सिफारिश से संबंधित यह फैसला किया गया।

# हिमाचल में बादल फटा, घरों में घुसा मलबा

**नई दिल्ली।** देशभर में बारिश के कारण जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बिहार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

एमपी में भोपाल सहित 34 जिलों में भारी बारिश हो रही है। हिमाचल प्रदेश के मंडी में सोमवार देर रात बादल फटा। अब तक 3 लोगों की मौत हो गई और 2 लापता हैं। 15 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया। चंडीगढ़-मनाली और मंडी- जोगेंद्रनगर फोरलेन बंद हो गया है। भूस्खलन और पानी के तेज बहाव से कई घरों में मलबा घुस गया। राजस्थान में भारी बारिश से कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। चित्तौड़गढ़, झालावाड़, कोटा, पाली व सिरोही में घरों तक में पानी घुस गया है। टोंक- चित्तौड़गढ़ में बारिश से हुए हादसों में दो लोगों की मौत हो गई।



### दिल्ली-एनसीआर में रेड अलर्ट जारी, अगले सात दिन बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली- एनसीआर और अन्य राज्यों में अगले सात दिनों में बारिश होने का अनुमान जताया है। दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार को मूसलाधार बारिश होने के बाद रेड अलर्ट जारी कर दिया। राजधानी समेत पूरे एनसीआर में मंगलवार सुबह से तेज बारिश होने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने दिल्ली में पूरे दिन बारिश रुक-रुक बारिश होने का अनुमान जताया गया, लेकिन जब सुबह बारिश शुरू हुई तो उस समय अधिकतर लोग दफ्तर रवाना हो रहे थे। तेज बारिश के कारण आईटीओ, धौला कुआं, नारायणा, पटेल नगर, विजय चौक, जंगपुरा, आरके पुरम, लाजपत नगर, तालकटोरा रोड, रफी मार्ग, वजीरपुर, भजनपुरा और रोहिणी से लेकर लगभग पूरे दिल्ली के इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया, जिसके कारण लोगों को ऑफिस पहुंचने में काफी दिक्कत हुई।

### उपग्रह निसार का प्रक्षेपण आज

**चेन्नई।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन 'इसरो' का 'सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह' 30 जुलाई भारतीय समयानुसार शाम 5:40 बजे प्रक्षेपित किया जाएगा। इस 2,400 किलोग्राम वज़नी उपग्रह को इसरो के जियोसिक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल-एफ16 (जीएसएलवी -एफ16) की मदद से आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से कक्षा में स्थापित किया जाएगा। इसरो के अनुसार निसार उपग्रह से जुड़े मिशन को अलग-अलग चरणों में विभाजित किया गया है। 30 जुलाई को प्रक्षेपण चरण के बाद उपग्रह अपने 'तैनाती' चरण में प्रवेश करेगा। इस महत्वपूर्ण चरण में निसार के 12 मीटर व्यास वाले 'रिफ्लेक्टर' को कक्षा में जटिल रूप से 'खोलना' शामिल है।

# ऑपरेशन सिंदूर पर बहस, थरूर व तिवारी रहे दूर

## मनीष तिवारी ने लिखा-भारत का रहने वाला हूं..., शशि थरूर ने कहा था-मौनव्रत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद में चल रही ऑपरेशन सिंदूर पर पार्टी की ओर से न बोलने दिए जाने पर कांग्रेस नेता शशि थरूर के बाद मनीष तिवारी ने भी नाराजगी जाहिर की है।

कांग्रेस सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री तिवारी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में एक खबर का स्क्रीनशॉट साझा किया, इसमें बताया गया था कि थरूर और उन्हें क्यों बोलने नहीं दिया गया। तिवारी ने इसके साथ पूरब और पश्चिम फिल्म के देशभक्ति गीत की पंक्तियां लिखी कि भारत का रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं। जय हिंद!। वहीं, अपने पोस्ट के बारे में पूछे जाने पर तिवारी ने मीडिया से कहा कि अगर तुम मेरी चुप्पी नहीं समझ सकते, तो मेरी बातों को कभी नहीं समझ पाओगे। इससे पहले कांग्रेस नेता शशि थरूर सोमवार को लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में शामिल होने के सवाल को टाल गए थे। उन्होंने मीडिया से कहा कि मौनव्रत... मौनव्रत। दरअसल, पहले खबर आ रही थी कि वे संसद की बहस में शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी और शशि थरूर ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष रखने के लिए विदेश की यात्रा पर गए थे। थरूर ने दुनिया के अलग-अलग देशों में भेजे गए सात डेलिगेशन में से एक का नेतृत्व किया था। वहीं, तिवारी एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व वाले डेलिगेशन में शामिल थे। जब मनीष तिवारी से उनके बयान पर पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि अगर आप मेरी खामोशी नहीं समझते, तो मेरे शब्द भी नहीं समझ पाएंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस के एक सांसद ने कहा कि पार्टी ने जानबूझकर नए सांसदों को मौका दिया, क्योंकि थरूर और तिवारी जैसे नेता विदेश में सरकार के समर्थन में बोल चुके हैं। पार्टी अब चाहती है कि संसद में सरकार की आलोचना हो और विपक्ष की आवाज सामने आए। इसलिए ऐसे नेताओं को चुना गया जो पूरी तरह पार्टी लाइन पर हों। शशि थरूर और मनीष तिवारी जैसे नेता अक्सर अपनी अलग राय रखते हैं। हाल में जब वे विदेशों में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, तब उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर और सर्जिकल स्ट्राइक जैसे मुद्दों पर सरकार की तारीफ की थी।



**कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी और शशि थरूर ने ऑपरेशन सिंदूर पर विदेश यात्रा के दौरान मोदी सरकार की तारीफ की थी**

# प्रलय मिसाइल के दो लगातार सफल उड़ान परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पिछले दो दिनों में प्रलय मिसाइल के लगातार दो सफल परीक्षण किए हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार ये परीक्षण सोमवार और मंगलवार को ओडिशा तट पर डा. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किए गए।

ये उड़ान परीक्षण मिसाइल प्रणाली की अधिकतम और न्यूनतम सीमा क्षमता को प्रमाणित करने के लिए मूल्यांकन परीक्षणों के एक भाग के रूप में किए गए थे। मिसाइलों ने सभी परीक्षण उद्देश्यों को पूरा करते हुए सटीकता के साथ लक्ष्यों पर निशाना साधा। सभी उप-प्रणालियों ने अपेक्षाओं के अनुरूप प्रदर्शन किया, जिसका सत्यापन एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) द्वारा तैनात विभिन्न ट्रैकिंग सेंसरों द्वारा प्राप्त परीक्षण आंकड़ों का उपयोग करके किया गया। प्रलय स्वदेशी रूप से विकसित ठोस प्रणोदक अर्ध-बैलिस्टिक मिसाइल है, जो विभिन्न लक्ष्यों पर कई प्रकार के आयुध ले जाने में सक्षम है।



# स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर गुस्सा

## दिव्यांगों के हक की लड़ाई में उतरी भारतीय किसान यूनियन प्रधान, सीएमओ को दी चेतावनी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** स्वास्थ्य विभाग की लगातार लापरवाही से नाराज होकर भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह से मिला। मंडल मुरादाबाद मीडिया प्रभारी रामोद कुमार प्रजापति, कार्यालय प्रभारी यशपाल राठी एवं युवा जिला अध्यक्ष आकाश डबास के नेतृत्व में यूनियन पदाधिकारियों ने जच्चा-बच्चा की मौत और दिव्यांगों से दुर्व्यवहार जैसे कई गंभीर मुद्दे उठाए। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि नजीबाबाद में सिटी हॉस्पिटल और साहनपुर के एक अवैध नर्सिंग होम में डॉक्टरों की लापरवाही से एक महिला की मौत हो गई, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित रही।

यूनियन पदाधिकारियों ने सीएमओ को अवगत कराया कि हर सोमवार को बनाए जाने वाले दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए सुबह 10 बजे बुलाए जाने के बावजूद डॉक्टर दोपहर 2 बजे तक भी नहीं पहुंचे। इससे कई विकलांग नागरिकों को घंटों धूप में इंतजार करना पड़ा।

रामोद कुमार मंडल मीडिया प्रभारी व कार्यालय प्रभारी यशपाल राठी एवं युवा जिलाध्यक्ष आकाश डबास ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि यह अमानवीय व्यवहार जारी रहा तो यूनियन को सीएमओ कार्यालय पर धरना देने को मजबूर होना पड़ेगा। दबाव के चलते सीएमओ ने आनन-फानन में डॉक्टर को बुलाकर प्रमाण पत्र निर्माण शुरू करवाया, लेकिन सवाल ये है कि हर सोमवार ऐसा क्यों होता है? क्या दिव्यांगों का समय और सम्मान की कोई कीमत नहीं?

### डॉ. राजेंद्र प्रसाद पर गंभीर आरोप

**बिजनौर।** यूनियन ने स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा पर भी गंभीर आरोप लगाए। जानकारी दी गई कि पूर्व में सीएमओ ने उन्हें हटाने की बात कही थी, लेकिन वो आज भी नजीबाबाद तहसील में नोडल पद पर काबिज हैं। डॉ. राजेंद्र विश्वकर्मा पर आरोप है कि वह नजीबाबाद क्षेत्र में क्लीनिक, हॉस्पिटल, पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड सेंटर व अन्य माध्यमों से प्रतिमाह लगभग 10 लाख रुपये की अवैध वसूली कर रहे हैं। यूनियन ने स्पष्ट कहा है कि यदि डॉ. राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा को तत्काल प्रभाव से पद से नहीं हटाया गया, तो भाकियू (प्रधान) का बड़ा आंदोलन होगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष हेमेंद्र धनक्कड़, शोभित चौधरी, अवनीश कुमार, संजीव कुमार आदि सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# रोष मार्च की सफलता के लिए विभिन्न विद्यालयों एवं कार्यालयों में किया संपर्क



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण के विरोध में होने वाले 1 अगस्त अटेवा/एनएमओपीएस के आह्वान पर रोष मार्च की सफलता को लेकर ब्लॉकाध्यक्ष मुजफ्फर इस्लाम एवं जिला संगठन मंत्री नवीन चौधरी के नेतृत्व में शिक्षकों एवं कर्मचारी से संपर्क कर रोष मार्च में शामिल होने का आह्वान किया।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि यह वक्त संगठित होकर आंदोलन करने का है। आंदोलन की बदौलत सरकार एनपीएस से यूपीएस की ओर गई है और आंदोलन की बदौलत ही सरकार यूपीएस से ओपीएस की ओर निश्चित जाएगी। जिला पीडब्ल्यूडी मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने कहा ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारे भविष्य के आर्थिक सामाजिक सुरक्षा है, जिसके लिए हम सभी को संगठित होकर संघर्ष करना होगा। जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने 1 अगस्त के रोष मार्च को पूर्ण समर्थन देते हुए कहा कि पुरानी पेंशन हमारे भविष्य की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा का संघर्ष है जिसे अटेवा ईमानदारी से संघर्षरत है। इरिगेशन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार एवं भंडारा पाल कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष शिव कुमार ने कहा कि अटेवा निरंतर पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्षरत हैं संघर्ष के क्रम में 1 अगस्त को हमें जिम्मेदारी के साथ रोष मार्च में शामिल होंगे। अटेवा जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव ने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से रोष मार्च में शामिल होने का आह्वान करते हुए कहा कि संगठित होकर संघर्ष करेंगे तो जल्द संघर्ष के सुखद परिणाम मिलेंगे। आकाशदीप, अभिषेक कुमार, अंकित कुमार संदीप कुमार शर्मा, उमेश कुमार रवि, लोकेंद्र कुमार, अजय कुमार, प्रमोद कुमार, महेश कुमार, इंजी. आजाद सिंह, राजेश कुमार, अतुल कुमार, मनीष यादव, सोनू, अनिल कुमार, अंकित मलिक, धीरेंद्र सिंह, अमर सिंह, प्रदीप, राजीव कुमार, स्पर्श खंडेलवाल, अवधेश कुमार, पवन कुमार, महेश कुमार, प्रशांत कुमार, दीपक कुमार, प्रदीप कुमार, दीपक कश्यप, मिथुन, नितिन आशुलिपिक, रजनीश कुमार, सचिन कुमार, मुकेश त्यागी आदेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# सीओ से इंसाफ की गुहार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** बिजली घर के सामने माहेश्वरी कालोनी की रहने वाली दुलारी ने सीओ से इंसाफ की गुहार लगाई है ।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंडी चौकी के क्षेत्र रायपुर रोड बिजली घर के सामने माहेश्वरी कालोनी का है, जहां एक महिला दुलारी किराए के मकान पर रह कर अपना जीवन व्यतीत करती है। महिला पड़ोस में ही प्रयाण फैक्ट्री में मेहनत मजदूरी कर अपनी परिवार का पालन पोषण करती है। उसी फैक्ट्री में दीक्षित नाम का एक लड़का भी काम करता था, जो कि उसी जगह किराए पर रहता था। जहां दुलारी किराए पर रहती थी। 20 जुलाई को दीक्षित छुट्टी लेकर घर जल्दी आ गया और जब दुलारी फैक्ट्री की छट्टी होने पर घर पहुंची, तो उसने अपने संदूक का ताला टूटा हुआ पाया। जिसमें महिला की जीवन भर की जमा पूंजी से बनाए गए कुछ आभूषण थे, जो कि दीक्षित लेकर फरार हो गया। महिला ने थाना नजीबाबाद में तहरीर दी और मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज की। लेकिन कोई कार्रवाई न होने के बाद अब महिला ने सीओ ऑफिस पहुंच कर इंसाफ की गुहार लगाई है।

# भाकियू की गोष्ठी में विभिन्न मुद्दों पर चिंतन

## गन्ना भुगतान, बिजली समस्याएं और क्षेत्रीय मुद्दे छाए रहे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर स्थित एक बैंक्वेट हॉल में भाकियू अराजनैतिक संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें किसान समस्याओं और क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीर चिंतन किया गया। इस गोष्ठी का मुख्य विषय किसानों को बिलाई चीनी मिल से समय पर गन्ना भुगतान न मिलना रहा, जिसे लेकर कार्यकर्ताओं ने गहरी चिंता व्यक्त की।



गोष्ठी को संबोधित करते हुए संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर सिंह ने कहा कि गन्ना भुगतान में हो रही देरी ने किसानों की आर्थिक रीढ़ तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि समय पर भुगतान न मिलने से किसान कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है और निजी सूदखोरों के शिकंजे में फंसकर आत्महत्या जैसे कठोर कदम उठाने को मजबूर हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की इस दुर्दशा के खिलाफ सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर सशक्त संघर्ष करना होगा। साथ ही उन्होंने अपील की कि किसान अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाएं।

इस अवसर पर भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही ने भी कई अहम मुद्दों को उठाया। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग द्वारा जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे आम जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा उन्होंने जर्जर हो चुकी हाई वोल्टेज विद्युत लाइनों को बदलवाने, क्षेत्र में गुलदार, बंदर और अन्य संरक्षित पशुओं से निजात दिलाने तथा हल्दौर को तहसील का दर्जा दिलाने एवं उसका शीघ्र सीमांकन कराने की मांग को प्रमुखता से रखा।

गोष्ठी की अध्यक्षता मुकेश कुमार ने की, जबकि संचालन महासचिव नतेंद्र प्रधान और तहसील अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में शुभम चौधरी, हुकुम सिंह, सूरज सिंह, अतुल बालियान, धर्मेंद्र प्रधान, कामेंद्र सिंह, राजीव कुमार, राकेश कुमार, रोहित प्रधान, शंकर सिंह, शुभम चौधरी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन पर यह संकल्प लिया गया कि किसानों के हितों के लिए संगठन हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगा।

# डॉक्टरों ने बताया सांप काटे तो तुरंत वैक्सीन लगवाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बरसात के मौसम में सांपों की सक्रियता बढ़ जाती है और इसी को ध्यान में रखते हुए धामपुर के दुर्गा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ के तत्वावधान में सांप के काटने और उससे बचाव पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस मौके पर शहर के प्रमुख चिकित्सकों डॉ. रविंद्र, डॉ. आर.के. चौहान और डॉ. वी.के. सिंह ने बच्चों को बताया कि सांपों की विभिन्न प्रजातियां होती हैं, लेकिन कुछ विशेष प्रजातियां ही विषैली होती हैं। यदि कोई व्यक्ति सांप द्वारा काटा जाता है, तो उसे तत्काल अस्पताल ले जाकर एंटी वेनम इंजेक्शन (वैक्सीन) लगवानी चाहिए। यह वैक्सीन अधिकांश सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी, पीएचसी) पर उपलब्ध होती है। संघ के अध्यक्ष दीपेंद्र चौहान व कोषाध्यक्ष नागेंद्र सिंह सिसौदिया ने बच्चों और शिक्षकों को बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा सांप के काटने से होने वाली मृत्यु पर पीड़ित परिवार को लाखों रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है, इसलिए ऐसी घटनाओं को नजरअंदाज न करें। विद्यालय के संस्थापक कुंवर आशीष राजपूत, प्रधानाचार्य राकेश चमोली और शिक्षक भूपेंद्र सिंह ने भी छात्रों को ऐसे संकट के समय में विवेकपूर्ण निर्णय लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बरसात में सांप अक्सर बिल छोड़कर बाहर आ जाते हैं, जिससे उनके इंसानों के संपर्क में आने की संभावना बढ़ जाती है।

# ग्राम मुराहट में किसान महापंचायत

## किसानों की समस्याओं पर विचार-विमर्श

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने ग्राम मुराहट में परम पूज्य दादा अड़ीमल देवता जी के परिसर में किसान महापंचायत का आयोजन किया।

महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में किसानों के साथ ना तो सरकार और ना ही सरकारी तंत्र साथ दे रहा है बल्कि किसानों का कई क्षेत्रों में शोषण किया जा रहा है, बिजली विभाग अलग किसानों को परेशान कर रहा है। तहसील विभाग ने किसानों की जमीनी फरदो के अंशो में गड़बड़ कर रखी है। साथ ही किसान अपनी फसलों को लेकर चिंतित है। किसान के सामने आवारा पशु और जंगल में गुलदार के हमले चिंता का विषय बने हुए हैं। सरकार चाह कर भी किसान हित में कुछ करने को तैयार नहीं है। इस किसान पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार अधाना के निर्देशानुसार महापंचायत का संचालन प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सिंह द्वारा किया गया। भाकियू के राष्ट्रीय संरक्षक प्रोफेसर डॉ. विनोद नागर ने सभी किसानों के साथ हो रही दिन प्रतिदिन की घटनाएं जैसी बिजली का बिल अधिक आना, खाद आपूर्ति न होना तथा अमेरिका से आयातित मांसाहारी दूध का विरोध एवं प्रदेश हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को सरकार द्वारा नजर अंदाज करने पर रोष प्रकट किया गया। महा पंचायत मे केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा दी जा रही किसानों को सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी। साथ ही किसानों को योजनाओं का सीधा लाभ नहीं मिल पा रहा।



श्री नगर ने कहा कि किसी भी विभाग में कर्मचारी या अधिकारी किसानों के साथ अभद्रता एवं किसान के किसी भी कार्य में भ्रष्टाचार करता पाया गया तो उसके खिलाफ संगठन उसे विभाग के मुख्य कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन की कार्यवाही की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी उक्त संबंध विभाग की होगी। सभी कर्मठ पदाधिकारियों से आगामी 2 अक्टूबर को दिल्ली जंतर मंतर से भारत की मिट्टी भारत स्वाभिमान क्रान्ति रथ यात्रा को सफल बनाने के लिए अंतिम रूपरेखा तैयार की जा रही है, जिसमें सभी जिला अध्यक्ष के द्वारा एक विशेष रूट मैप तैयार किया गया।

इस महापंचायत को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय प्रवक्ता देवेंद्र सैनी, निजाम प्रधान, उदयवीर, धीरज गुर्जर, पवन हर्षयाना प्रधान, नेपाल सिंह, सुरेश सिंह, राजवीर सिंह, वेदपाल सिंह भगत, छोटे सिंह, मुनीराम, बब्लू भगत, जिला अध्यक्ष बिजनौर पवन कुमार तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी युवा श्याम सिंह, मंडल महामंत्री युवा रोहित हर्षयाना, गजेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष बिजनौर, विशंभर प्रधान जिला महामंत्री बिजनौर, जिला सचिव शिव कुमार चौहान, जिला मंत्री शेरपाल प्रधान, तहसील अध्यक्ष अहमद हसन तथा जावेद हसन जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा बिजनौर, ग्राम मुराहट यूसफा के युवा तथा महाप. ंचायत में हजारों की संख्या में सभी किसान भाई उपस्थित रहे।

# शिक्षा शोध और मूल्यों पर केंद्रित रहा प्रशिक्षण कार्यक्रम का पांचवां दिन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** ऑनलाइन मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम 'नई शिक्षा नीति 2020 पर उन्मुखीकरण एवं संवेदनशीलता' के अंतर्गत पांचवें दिन की शैक्षणिक गतिविधियां भी अत्यंत विचारोत्तेजक और बौद्धिक रूप से समृद्ध रहीं। आज का दिन शोध की उपयोगिता और मूल्याधारित शिक्षा के महत्व पर केंद्रित रहा।

प्रथम सत्र में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग से प्रोफेसर साजिद जमाल ने Strengthening Research & its Contribution, विषय पर गहन व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के लिए शोध केवल अकादमिक उन्नति का साधन नहीं, बल्कि शिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का सशक्त उपकरण है। उन्होंने शोध की परिभाषा, उद्देश्य, शोध प्रक्रिया के चरण, समस्या चयन, साहित्य समीक्षा, डाटा संकलन एवं विश्लेषण की तकनीकों पर विस्तृत प्रकाश डाला।

प्रो. जमाल ने यह भी स्पष्ट किया कि शोध कार्य शिक्षा नीति को दिशा देने, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी बनाने तथा समाज की समस्याओं के व्यावहारिक समाधान तलाशने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने प्रतिभागियों को गुणवत्तापूर्ण शोध लेखन के लिए नवीन तकनीकों एवं डिजिटल संसाधनों के उपयोग की प्रेरणा दी।

द्वितीय सत्र में के. ए. निजामी सेंटर फॉर कुरआनिक स्टडीज, एएमयू के निदेशक प्रोफेसर ए.आर. किदवई ने मूल्यपरक शिक्षा और भारतीय परंपराओं पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति केवल कौशल विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नैतिक मूल्यों, संवाद, सहिष्णुता और सांस्कृतिक विविधता को आत्मसात करने पर बल देती है। प्रो. किदवई ने कुरआनिक शिक्षाओं के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि शिक्षा का लक्ष्य केवल ज्ञान प्राप्ति नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना का विकास होना चाहिए। उन्होंने भारतीय दर्शन, इस्लामिक शिक्षाओं और वैश्विक संदर्भों को जोड़ते हुए एक समन्वित दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

# छात्राओं ने देखा सजीव प्रसारण



**झालू।** पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज झालू में नई शिक्षा नीति 2020 की पांचवी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा समागम का सजीव प्रसारण छात्राओं को दिखाया गया। जिले के पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज झालू का चयन राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ 47 पीएम श्री विद्यालयों की सूची में हुआ है। आज इन विद्यालयों को भारत मंडपम नई दिल्ली से आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया। विद्यालय में कार्यक्रम के सजीव प्रसारण में नगर पालिका अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी भी सम्मिलित हुए तथा छात्रों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या चारु ने उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में शिक्षिकाएं नेहा, सुमित्रा, नंदिनी, राज. कुमारी, दीप्ति अग्रवाल, कैफुलवरा जीनत, सलोनी, पिंकी, नजराना, तनु और कॉलेज की छात्राएं एवं अभिभावकगण सम्मिलित हुए।

## ऑपरेशन सिंदूर पर हुई चर्चा में बोलीं प्रियंका गांधी वाड्रा

# पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ले सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला देश की अस्मिता पर आक्रमण है और हमारी खुफिया एजेंसियों की बहुत बड़ी विफलता का परिणाम है। इस चूक के लिए जिम्मेदार लोगों का इस्तीफा होना चाहिए था, लेकिन इस्तीफा तो दूर, देश को चलाने वाले लोग इसकी जिम्मेदारी लेने को भी तैयार नहीं हैं।

श्रीमती वाड्रा ने मंगलवार को लोकसभा में आपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि इस घटना के लिए देश की खुफिया एजेंसियां, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और देश के गृहमंत्री जिम्मेदार हैं। उन्हें नैतिक आधार पर हमले की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए था लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि इस्तीफा तो दूर, गृहमंत्री अमित शाह इस घटना की जिम्मेदारी लेने को भी तैयार नहीं हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी हमला किया और उनका नाम लिए बना कहा कि देश के प्रमुख को सिर्फ सफलता का श्रेय नहीं लेने को उत्साहित नहीं चाहिए। देश में जो घटनाएं होती हैं उनकी जिम्मेदारी भी उनकी होती है और इसकी जिम्मेदारी लेने का उनमें साहस भी होना चाहिए।



### पाक के खिलाफ कार्रवाई क्यों रुकी

उनका कहना था कि पाक के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने की बात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प करते हैं और यह हमारे लिए अत्यंत चिंता का विषय है। सरकार को बताना चाहिए कि सैन्य कार्रवाई क्यों रुकी। इसका जवाब सरकार को देना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कियदि आपरेशन सिंदूर का लक्ष्य आतंकवाद को खत्म करना था तो यह आपरेशन सफल नहीं है क्योंकि जो पाक आतंकवाद को पनाह देता है उसी को संयुक्त राष्ट्र में अहम जिम्मेदारी मिलती है तो क्या इस लक्ष्य का यही जवाब है।

### जम्मू-कश्मीर में क्यों नहीं थी सुरक्षा

श्रीमती वाड्रा ने कहा कि सरकार जम्मू -कश्मीर में सुरक्षा क्यों नहीं थी। क्या सरकार को मालूम नहीं था कि वहां इतनी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं तो उनके लिए सुरक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए। वहां लोग सरकार से सुरक्षा के भरोसे गये थे लेकिन सरकार ने उन्हें भगवान के भरोसे छोड़ दिया। उन्होंने सवाल किया कि वहां लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी क्या प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी की नहीं है।

### हमले की आरोपी आतंकी गुट के पर क्यों नहीं कुतरे

प्रियंका ने कहा कि एक आतंकी गुट इस हमले की जिम्मेदारी लेता है। इस गुट ने 2025 तक 25 आतंकवादी हमले किये हैं। इसमें रियासी का 2024 का हमला भी था जिसमें नौ लोग मारे गए थे। आखिर सरकार इस आतंकवादी गुट के पर कतरने में विफल क्यों रही। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि इस सदन में जितने लोग हैं सबके पास सुरक्षा है लेकिन उस दिन पहलगाम में 26 परिवारों के साथ जो हुआ, जितने लोग मारे गए उनमें 25 भारतीय थे।

### सरकार बताए किसके दबाव में हुआ युद्धविराम: सपा



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने ऑपरेशन सिंदूर का राजनीति लाभ लेने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि सरकार को अवश्य बताना चाहिए कि किससे दबाव में युद्धविराम किया गया जबकि देश की सेना को बढ़त हासिल थी। सपा के अखिलेश यादव ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में सेना की बहादुरी और वीरता की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार को अवश्य बाताना चाहिए किसके दबाव में युद्धविराम हुआ। सरकार को यह भी बताना चाहिए कि किस प्रकार खुफिया की विफलता रही और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। सदन में सत्ता पक्ष के लोग ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं जिससे जनता सम्मोहित हो जाएगी लेकिन ऐसा नहीं है। 370 के खात्मे के बाद सरकार ने दावा किया था कि आतंकवाद खत्म हो गया, लेकिन पहलगाम में सुरक्षा चूक की जिम्मेदारी कौन लेगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ऑपरेशन सिंदूर...**

है। ऑपरेशन सिंदूर ने तय कर दिया कि भारत में आतंकी हमले की उसके आका और पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। ऑपरेशन सिंदूर से स्पष्ट है कि अब भारत पर हमला हुआ, तो हम अपनी शर्तों पर अपने तरीके से जवाब देकर रहेंगे। कोई भी परमाणु हमले की धमकी नहीं चलेगी। हम आतंकी सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। श्री मोदी ने कहा कि हमने बहावलपुर, मुरीदके को ध्वस्त कर दिया। तीसरा पक्ष पाकिस्तान की परमाणु धमकी को हमने झूठा साबित कर दिया। भारत ने सिद्ध कर दिया कि परमाणु ब्लैकमेलिंग अब नहीं चलेगी और भारत नहीं झुकेगा। चौथा पक्ष भारत ने अपनी तकनीकी क्षमता दिखाई। पाकिस्तान के सीने पर सटीक प्रहार किया। उसको भारी नुकसान हुआ। आज तक उनके कई एयरबेस आईसीयू में पड़े हैं। आज तकनीकी आधारित युद्ध का युग है। ऑपरेशन सिंदूर इसमें सफल हुआ है। पिछले 10 साल में जो हमने तैयारियां की हैं वो न की होती, तो हमारा नुकसान बहुत होता। पांचवां पक्ष आत्मनिर्भर भारत की ताकत को दुनिया ने पहचाना। मेड इन इंडिया ड्रोन और मिसाइल ने पाकिस्तान के हथियारों की पोल खोल दी। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि आतंकियों को ऐसी सजा दी कि आज भी आतंक के आकाओं की नींद उड़ी हुई है। हमारी सेना की सफलता का पहला पक्ष है कि पहलगाम हमले के बाद से ही पाकिस्तानी सेना को अंदाजा लग चुका था कि भारत बड़ी कार्रवाई करेगा। उनकी तरफ से परमाणु बम की धमकी के बयान आने लगे थे। भारत ने छह मई की रात और सात मई की सुबह बड़ी कार्रवाई की। पाकिस्तान कुछ नहीं कर पाया। 22 मिनट में 22 अप्रैल का बदला ले लिया। दूसरा पक्ष पाकिस्तान के साथ हमारी लड़ाई कई बार हुई है, लेकिन पहली बार भारत की रणनीति बनी कि जिसमें पहले जहां कभी नहीं गए, वहां हम पहुंचे।

**राज्यसभा में...** सबसे लोकप्रिय नेता हैं। पार्टी और देश के लिए गौरव का विषय है, लेकिन आप पार्टी से इतने जुड़ गए हैं कि देश गौण हो जाता है और मेंटल बैलेंस खोकर इस तरीके से बात कर रहे। इस पर विपक्ष ने जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। खड़गे नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि उनके मंत्री मेंटल बैलेंस खोकर बोलते हैं। उन्होंने (जेपी नड्डा) मुझे मेंटल कहा है, तो मैं इसे छोड़ने वाला नहीं हूं। इसके बाद जेपी नड्डा ने कहा कि अगर आपकी भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो मैं इसके लिए आपसे माफी भी मांगता हूं। इसके बाद सदन के रिकॉर्ड से नड्डा का कमेंट हटाया गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अवैध संबंधों के शक में पत्नी की बेदर्दी से हत्या

## आरोपी ने भी पी लिया जहर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अवैध संबंधों के शक में अधेड़ उम्र के पति ने अपने से काफी छोटी उम्र की दूसरी पत्नी को बेदर्दी के साथ चाकूओं से गोदकर मौत के घाट उतार दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नजीबाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अलीपुरा निवासी नजाकत (55 वर्ष) पुत्र अब्दुल गनी ने साहिबा (32 वर्ष) पुत्री युनूस के साथ निकाह किया था। साहिबा उसकी दूसरी पत्नी है। वह घरों में काम कर परिवार का खर्चा चलाती थी। नजाकत ने शादी के कुछ दिनों बाद तक तो उसका खर्चा उठाया, लेकिन जब इश्क का भूत उतर गया, तो वह साहिबा को परेशान करने लगा था। वह साहिबा के चरित्र पर शक करता था। जबकि साहिबा उसे चुनौती देती थी। बीती रात दोनों के बीच अवैध संबंधों के शक को लेकर तकरार हो गई। नजाकत ने गुस्से में आकर बीती रात उसके ऊपर चाकू से ताबड़तोड़ बार कर दिए। वह लहूलुहान हो गई। उसे समीपुर स्थित सामुदायिक स्वाथ्य केन्द्र ले जाया गया। लेकिन खून ज्यादा बह जाने की वजह से उसकी मौत हो गई। दूसरी तरफ नजाकत ने भी जान देने की नीयत से पुलिस के डर की खातिर जहर पी लिया। उसकी हालत भी बिगड़ गई। पुलिस ने उसे अपनी सुरक्षा में अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसकी हालत में सुधार हो गया।

इस संबंध में नजीबाबाद थाने में आज ग्राम अलीपुरा निवासी सौफिया पत्नी युनूस ने तहरीर दी थी कि कल उसके बहनोई नजाकत पुत्र अब्दुल गनी ने उसकी बहन साहिबा को धारदार हथियार से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र समीपुर ले जाया गया।

वहां पर उपचार के दौरान साहिबा की मौत हो गई। पुलिस ने ग्राम अलीपुरा निवासी नजाकत को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद किया गया है।

## अज्ञात लाश की शिनाख्त

**अफजलगढ़।** सोमवार को मानियावाला स्थित बनेली नदी में मिली महिला की क्षत विक्षत लाश की शिनाख्त हो गई है। मृतका अनवरी पत्नी स्व. बरामुद्दीन निवासी ग्राम दहलावाला, थाना रेहड़ की निवासी थी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के पुत्र शाहनवाज ने बताया कि उसके दुपट्टे, कंगन, कपड़ों व चप्पल आदि से पहचान हुई है। महिला मंद बुद्धि थी। इस समय उसका मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं था। घर से बिना बताए कई कई दिनों के लिए गायब रहती थी। वह इधर-उधर गांवों में घुमती फिरतीं थी। मंगलवार को परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंच कर मोर्चरी से शव की शिनाख्त करने के बाद उसे अपनी सुपुदर्गी में ले लिया। उसे सुपुर्दे खाक कर दिया गया है। थानाध्यक्ष रेहड़ विकास कुमार ने महिला की शिनाख्त की पुष्टि करते हुए बताया कि मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद चलेगा।

# मण्डावर में इज्जत का लुटेरा काजीवाला का विपिन अरेस्ट

## चांदपुर में प्रियांशु को दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मण्डावर पुलिस ने इज्जत के लुटेरे विपिन को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादी ने थाना मंडावर में 25 जुलाई को तहरीर दी थी कि ग्राम काजीवाला निवासी विपिन पुत्र ब्रह्मपाल सिंह उनकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इस संबंध में जब वादी ने जानकारी की, तो आरोपी के परिजनों ने उसके साथ गाली-गलौच की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुक. दमा अपराध संख्या 158/25 धारा 137 (2) व 352 बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया। अपराध के आधार पर अभियोग में धारा 87 व 64 (1) बीएनएस एवं धारा 3/4 पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गई। पुलिस ने आज इज्जत के लुटेरे विपिन पुत्र ब्रह्मपाल सिंह निवासी ग्राम काजीवाला को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज भी शामिल थे।

दूसरी तरफ चांदपुर थाने में 17 जून को वादिनी ने तहरीर दी थी कि 12 जून को मौहल्ला सरायरफी निवासी प्रियांशु पुत्र विरेन्द्र उर्फ पहाड़ी ने घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ की और उसकी इज्जत तार-तार करने का प्रयास किया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई।

पुलिस ने किशोरी के साथ अपराध करने पर धारा 333, 75, 351 (3) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत करते हुए 7/8 पोक्सो एक्ट की भी वृद्धि की। पुलिस ने प्रियांशु को गिरफ्तार कर लिया है।

# नीरू तागरा चुनी गईं तीज क्वीन

## इनरव्हील क्लब का कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** इनरव्हील क्लब के द्वारा हरियाली तीज का त्यौहार उत्साह और जोश के साथ मनाया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नीरू तागरा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाए व नृत्य किया साथ ही तीज के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन और इनरव्हील प्रार्थना से हुआ। जिसका कुशल संचालन रमा अग्रवाल ने किया। उमा रानी और रजनी अग्रवाल की संयुक्त मेजबानी में रजनी के आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में सज-धजकर झूला झूला और लो. कगीतों से सभी का मन मोह लिया। नीरू तागरा ने मनोहारी लोक गीत गाया। जबकि नीतू अग्रवाल, उमा अग्रवाल और गीतिका ने शिव-पार्वती डांस से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रोजेक्ट चेयरमैन रश्मि अग्रवाल ने स्वरचित गीत सुनाया। सदस्य सपना कर्णवाल की पुत्री भव्या ने नृत्य किया। कार्यक्रम के अंत में लकी ड्रॉ के माध्यम से तीज क्वीन का खिताब नीरू तागरा को दिया गया। सचिव मनीषा शर्मा, सीमा कपूर, उमा मित्तल, सपना अग्रवाल, राजनी तागरा, अरुणा गोयल, पुष्पा पाठक, ममता तायल, सुमन मिश्रा, रूपम अग्रवाल आदि ने भी बधाई और सहयोग किया।

# नशीला पदार्थ देकर इज्जत लूटने का आरोपी अरेस्ट

## पीड़िता का गर्भपात भी कराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नशीला पदार्थ देकर अवैध संबंध बनाने एवं गर्भवती होने पर गर्भपात कराने के आरोपी साजिद हुसैन को नजीबाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पीड़िता ने 10 सितम्बर 2024 को थाना नजीबाबाद में तहरीर दी थी कि अभियुक्त अजयदार पुत्र इरशाद निवासी ग्राम धनसीनी ने नशीला पदार्थ देकर उसके साथ अवैध संबंध बनाए। इस दौरान उसके साथ मारपीट की गई। अवैध संबंध बनाने की वजह से वह गर्भवती हो गई। आरोपी ने उसका गर्भपात भी करा दिया। साथ ही उसकी अश्लील वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर रुपए हड़प लिए। इस मामले में पीड़िता ने साजिद हुसैन पुत्र इरशाद, महमूना पत्नी इरशाद एवं शबाना पत्नी वकार निवासीगण ग्राम धनसनी के विरूद्ध मुकदमा अपराध संख्या 457/24 धारा 376, 313, 406, 323, 504 व 506 आईपीसी में पंजीकृत कराया था।

इस मामले में जब पुलिस ने विवेचना की, तो अजयदार, महमूना व शबाना की नामजदगी झूंठी पाई गई। पुलिस ने इस मामले में साजिद हुसैन पुत्र इरशाद को गिरफ्तार किया है।

उसके खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 591/24 धारा 281, 125 ए, 351 (4) बीएनएस भी पंजीकृत किया गया था।

# पूर्व प्रेमी ने विवाहिता को दी जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** एक विवाहिता को पूर्व प्रेमी ने पति को नहीं छोड़ने पर दोनों को जान से मारने व विवाहिता की वीडियो सोशल मीडिया पर डालने की धमकी दी है। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

नहटौर थाना क्षेत्र के मोहल्ला नौधा की एक युवती ने नहटौर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका प्रेम प्रसंग चांदपुर के मोहल्ला गोकुलनगर के एक युवक से चला था। जब उसने प्रेमी से शादी करने को कहा तो उसने शादी करने से इंकार कर दिया। उसके बाद दूसरी जगह उसकी शादी हो गई। अब पूर्व प्रेमी उसे तरह-तरह से परेशान कर रहा है। पति को छोड़ने के लिए दबाव बन रहा है। पति को नहीं छोड़ने पर उसे व उसके पति को जान से मारने की धमकी दे रहा है। इसके अलावा पूर्व के उसके वीडियो सोशल मीडिया पर डालकर बदनाम करने की धमकी भी दी जा रही है। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सर सैयद स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता

## छात्राओं ने दिखाए मेहंदी रचे हाथ



**अमान शम्सी**

**नगीना।** सर सैयद मेमोरियल जूनियर हाईस्कूल में तीज महोत्सव के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस रंगारंग कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में लाइबा आयत, इफरा नूर, जोया, अल्फिशा, सिदरा, इकरा, इकरा आफरीन, रितु, बबीता, रानी, सरीन, आयशा, नगमा, अफीफा, आफिया, अरीबा, सारिका, नाज, पिंकी, रानी, नेहा रानी सहित अन्य छात्राओं ने अपनी मेहंदी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजयी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिससे उनका उत्साह और बढ़ा।

कार्यक्रम की सफलता में प्रधान अध्यापिका आयशा, तरन्नुम, साहिबा और सभी अध्यापिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह आयोजन न केवल छात्राओं की प्रतिभा को उजागर करने का अवसर बना, बल्कि तीज के पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने का भी माध्यम रहा।

# विधायक मनोज पारस ने मंत्री की बैठक में जताई नाराजगी

## धरातल पर नहीं हो रहे काम, किया जा रहा झूठा प्रचार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगीना के सपा विधायक एवं पूर्व मंत्री मनोज पारस ने जिला योजना की बैठक के नाम पर योगी सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए बुलाई गई बैठक में नाराजगी जाहिर करते हुए उसे छोड़ दिया। विधायक मनोज पारस ने कहा कि अगर मंत्री व अफसरों को अपनी योजनाओं का प्रचार करना था, तो उसके लिए स्पष्ट किया जाता और उसे जिला योजना की बैठक का नाम नहीं दिया जाता।

प्राप्त समाचार के अनुसार बिजनौर कलेक्ट्रेट में आज जनपद के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक को जिला योजना की बैठक बताया गया था। जिसकी वजह से नगीना के सपा विधायक व पूर्व मंत्री मनोज पारस एवं नूरपुर के सपा विधायक रामअवतार सैनी भी बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। लेकिन बैठक जिला योजना की न होकर योगी सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार व गुणगान के लिए आयोजित की गई थी। जैसे ही योगी सरकार की योजनाओं का गुणगान शुरू हुआ, तो नगीना के सपा विधायक मनोज पारस वहां से चले गए। उन्होंने कहा कि इस तरह से बैठक का आयोजन नहीं किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में धरातल पर कोई काम नहीं हो रहा है और उपब्धियां बता कर झूठा प्रचार किया जा रहा है। शाह टाइम्स से वार्ता करते हुए उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग में सुधार को लेकर लम्बे-चौड़े दावे किए जाते है। दावा किया जाता है कि सभी विद्यालयों में छात्राओं के लिए अलग से शौचालय बनाए गए है और फर्नीचर भी पूरा है। साथ ही टाइलिकरण का काम भी कराया गया है। लेकिन सच्चाई इसके बिलकुल विपरीत है। सपा विधायक ने बताया कि नगीना में तीन स्कूल है। सरकार व प्रशासन इन तीनों स्कूलों की ही निष्पक्ष जांच कराकर देख ले कि उसके द्वारा कितना सुधार किया गया है। उन्होंने बताया कि काजीसराय द्वितीय, हिन्दू कटेरा एवं कस्बा सैकंड में बताई जा रही सुविधाओं में से बीस प्रतिशत सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। न तो शौचालय है और न ही शुद्ध पेयजल उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि नगीना में एक मात्र जूनियर हाई स्कूल है, जो मात्र एक कक्ष में चल रहा है। उन्होंने कहा कि पब्लिक को गुमराह किया जा रहा है। सवाल उठाए जाने पर मंत्री जी ने सिर्फ इतना कहा कि जांच कराएंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए आवास नहीं बनाए जा रहे है। फर्जी आंकड़े पेश किए जाते है।

# मेहंदी प्रतियोगिता में खुशनुमा प्रथम

## विजेता छात्राओं को साइम राजा ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मौलाना मोहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न शैलियों में हाथों पर आकर्षक मेहंदी डिजाइन कर भारतीय संस्कृति एवं मौलिक कलाओं का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा खुशनुमा ने प्रथम स्थान, बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा शगुफ्ता ने द्वितीय स्थान तथा बी.एससी. तृतीय वर्ष की छात्रा सोफिया मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुस्लिम फंड बसी किरतपुर के सदर एवं संस्थान के प्रबंधक मोहम्मद साईम राजा ने की। मुख्य अतिथि एवं निर्णायक के रूप मे मरियम साईम मैनेजर मरियम हायर सेकेंड्री स्कूल मौजूद रहीं। अपने संबोधन में अध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा ने छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए जीवन में सतत प्रगति करने का संदेश दिया। वहीं मुख्य अतिथि मो. हतरमा मरियम खान ने छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति और मौलिकता को कलात्मक अभिव्यक्ति देने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने विजेता छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रवक्ता ईरम शाहिद ने किया। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहित बंसल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. बेगराज यादव, डॉ. शमशाद हुसैन, डॉ. अनुज कुमार राजपूत, डॉ. चारू बंसल, निखिल भटनागर, दानिश परवेज, डॉ. अजय कुमार राणा, उजमा परवीन, सायमा सैफी, रिजवाना खान, वीरेंद्र, निशात, अतहर जावेद, आशीष शर्मा, नेहा रवि, निशा कलीम, शाकिर, मोहम्मद शाहरजा, निजामुद्दीन, दयाराम व पीतम सिंह का विशेष सहयोग रहा।

## अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद का विश्व स्तरीय सम्मेलन 12 अक्टूबर को जयपुर में

**कोतवाली देहात।** अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश सचिव विकुल मलिक ने ग्राम धौकलपुर में हुई संगठन की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठन का विश्व स्तरीय सम्मेलन 12 अक्टूबर को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में होगा। जयपुर में होने वाले विश्व स्तरीय जाट सम्मेलन में जाट समाज की एकता, अखंडता, मजबूती के लिए समाज के लोग इस सम्मेलन में भाग लेकर लेकर विश्व एकता जाट भाईचारे की मजबूती के लिए कार्य करेंगे।

## बंदर ने बोला हमला

**अफजलगढ़।** ग्राम रसूलपुर आबाद में बंदर ने रवि पुत्र पवन सिंह के ऊपर जानलेवा हमला बोल दिया। वह अपने घर के बाहर बैठा था। तभी झुंड से भटके एक बंदर ने उस पर झपट्टा मारते हुए हाथ और पीठ पर काट लिया। परिजन आनन-फानन में घायल युवक को निजी डॉक्टर के यहां लेकर पहुंचे। जहां उसका इलाज जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बंदरों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण किया जाए, ताकि किसी बड़ी घटना को टाला जा सके।

# एसडीएम धामपुर को स्वीडन के नंबर से मिली धमकी

## फिरौती की आड़ में बड़ी साजिश? पुलिस की जांच हर एंगल पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उपजिलाधिकारी रितु रानी को फोन पर मिली धमकी देने के मामले में फोन करने वाले नेट कॉलिंग का नंबर स्वीडन का होना सामने आया है। स्वीडन नंबर से मिली जान से मारने की धमकी के मामले के साथ ही पुलिस की जांच लोकल एंगल पर केंद्रित होती दिख रही है। भले ही धमकी अंतरराष्ट्रीय नंबर से वर्चुअल कॉल और मैसेज के जरिए आई हो, लेकिन 15 लाख रुपये की फिरौती, भाषा की शैली और फोन एक्टिविटी को देखकर जांच एजेंसियों को इस बात की आशंका है कि धमकी देने वाला कोई स्थानीय व्यक्ति ही हो सकता है, जो तकनीक का इस्तेमाल कर विदेश से कॉल आने का भ्रम पैदा कर रहा है।

जांच टीमों ने धमकी देने वाले +46 कोड वाले नंबर की IMEI ट्रेसिंग, आईपी पता और वीपीऐन एक्टिविटी की गहन जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि कॉल के पीछे क्लाउड बेस्ड वर्चुअल कॉलिंग एप्लिकेशन का इस्तेमाल किया गया, जिससे लोकेशन और पहचान छिपाई जा सके।

अभी तक आरोपी का पता नहीं चल सका है, पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह भी देखा जा रहा है कि क्या यह मामला किसी पुराने विवाद, प्रशासनिक कार्रवाई या भूमि से जुड़े हितों से जुड़ा हो सकता है।

इधर, प्रशासनिक हलकों में इस बात को लेकर नाराजगी भी देखी जा रही है कि इतनी गंभीर धमकी के बावजूद एसडीएम को अब तक कोई अतिरिक्त सुरक्षा नहीं दी गई है। फिलहाल मामला न केवल धामपुर, बल्कि प्रदेश स्तरीय अधिकारियों के बीच भी चिंता का विषय बना हुआ है। यह केस प्रशासनिक अधिकारियों की साइबर सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

उधर ही संदर्भ में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस हर एंगल पर जांच कर रही है। प्रशासनिक अधिकारी को धमकी देने का प्रकरण गंभीर है।

उन्होंने बताया कि इस प्रकरण को खोलने के लिए कई टीम लगाई गई हैं।

## एक नजर

### कमलेश सैनी बनीं तीज क्वीन



**राजा का ताजपुर।** पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग महिला व्यापार मण्डल की प्रदेश महामंत्री अलीशा सिद्दीकी के द्वारा तीज मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व विधायक कमलेश सैनी को तीज क्वीन चुना गया। पूर्व विधायक कमलेश सैनी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि हरियाली तीज महीलाओं का प्रमुख त्यौहार है। भागदौड़ के जीवन में हमारे त्यौहार भी फीके पड़ जाते हैं। त्यौहारों से जीवन में खुशी मिलती है। महिलाओं ने डीजे पर जमकर डांस किया। संचालन सुजेता सिंह ने किया। कार्यक्रम में महिला व्यापार मण्डल की प्रदेश अध्यक्ष मोनिका यादव, प्रतीक राठी, पायल शर्मा, शारदा देवी, डॉ. उर्मिला सिंह, उषा रानी, इंदु राजपूत, श्रोता सिसोदिया, तरूण सैनी, मनीषा सैनी, दीपिका, महिमा सैनी, गुंजन आदि ने भाग लिया।

### ब्राह्मण महासंघ ने सौंपा ज्ञापन



**बिजनौर।** राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ की ओर से चांदपुर प्रकरण में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल को ज्ञापन दिया गया। राज्य मंत्री ने एसपी अभिषेक को आदेशित किया कि वो जल्द से जल्द उचित कार्यवाही करे। इस मौके पर विभोर कौशिक एड., जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ बिजनौर, नगर अध्यक्ष पंडित तुषार शर्मा, श्रीमती शोभा शर्मा, श्रीमती मीनम शर्मा, श्रीमती शशि शर्मा, श्रीमती गीता अग्रवाल, गजेंद्र शर्मा, विनीत पंडित, पवन शर्मा, कृष्ण वीर फौजी, नितिन नारायण आदि मौजूद थे।

### किसान की जमीन पर जबरदस्ती पौधारोपण



**नजीबाबाद।** मौजा ढकरिया में किसान श्याम सिंह, नौरंग सिंह, शिव. राज सिंह, चंद्रपाल सिंह की जमीन पर वन विभाग के द्वारा जबरदस्ती पेड़ लगाए जा रहे थे। जिसकी सूचना पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी पहुंचे। उसके बाद जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान पहुंचे। वहां पर उन्होंने डीएफओ से वार्ता की। परंतु वार्ता में कोई समाधान नहीं निकला और वार्ता विफल रही। जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने कहा कि 13 अगस्त को बिजनौर कलेक्ट्रेट में सभी किसान पहुंचे और इस मुद्दे पर कोई बड़ा निर्णय लिया जाएगा। किसी भी किसान का उत्पीड़न जनपद में होने नहीं दिया जाएगा। इस दौरान उनके साथ मुनेंद्र काकरान, कुलदीप सिंह, वीरेंद्र, पुनीत, विनीत चौधरी आदि मौजूद थे।

### चांदपुर में रियाज गिरफ्तार

**बिजनौर।** चांदपुर पुलिस ने धर्म परिवर्तन के मामले में मौहल्ला चाहसंग निवासी रियाज पुत्र रियासत हुसैन को भी गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी धारा 318(4) एवं 336 (3) बीएनएस के अंतर्गत की गई है। वादी ने 23 जुलाई को मौहल्ला चाहसंग निवासी आरिफ पुत्र फारूक अंसारी के विरूद्ध विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम सहित अन्य गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया था।

### शोकसभा का आयोजन

**नजीबाबाद।** युवा कांग्रेस कमेटी के द्वारा शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें युवा कांग्रेसी नेता अमजद सिद्दीकी के वालिद अब्दुल हकीम के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर मरहूम को जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता करने और उनके परिवार जनों को सब्र - ए - जमील अता करने की दुआ की। शोकसभा में जिला सचिव एम. अकरम खां एड., पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एड., जिला महासचिव शारिब अंसारी एड., जिला उपाध्यक्ष रिहान जमाल अंसारी, ब्लॉक अध्यक्ष फैज अंसारी एड., फराज हुसैन एड., विश्व मोहन, वसीम अख्तर, राकेश शर्मा, शाही दिलशाद, हिफजुर्रहमान फरीदी, गोविंद सिंह कुशवाहा, रिहान नवाज एड., वसीम अहमद, शारिक अहमद आदि मौजूद रहे।

### शांति समिति की बैठक



**नूरपुर।** थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह ने कहा कि घटनाओं को रोकने में पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जनता के बगैर पुलिस अधूरी है। क्षेत्र की जनता अफवाहों पर बिल्कुल भी ध्यान न दें। झूठी अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। अगर कोई अजनबी व्यक्ति आपको कहीं पर दिखाई दे, उसकी सूचना पुलिस को दें। कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में न लें। अंजाने में अगर किसी से कोई गलती हो जाती है, तो उसको नजर अंदाज करने का काम करें। संभावित जिला पंचायत प्रत्याशी सलीम इदरीसी ने कहा कि क्षेत्र में चोरों के दिखाई देने से डर का माहौल बना हुआ है। इस मौके पर अबरार सैफी, आफताब आलम, नफीस अहमद, संजीव जोशी, अजयवीर एड., मुकुल गुप्ता, सचिन चौधरी आदि मौजूद थे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# सीएचसी में दबंग अधीक्षक का राज

## भाकियू ने दी आंदोलन की चेतावनी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** सीएचसी एक बार फिर विवादों में घिर गया है। यहां पर अव्यवस्थाएं हावी है। मरीजों का उपचार समुचित ढंग से नहीं किया जा रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सोमवार और मंगलवार को सुबह करीब 9:45 पर जब भारतीय किसान यूनियन (सामाजिक) के जिला उपाध्यक्ष आरेन्द्र कुमार अचानक सीएचसी में दवाई लेने पहुंचे, तो वहां का हाल देख वह दंग रह गए। अस्पताल में तैनात पांच डॉक्टरों में से केवल डॉ. खालिद ड्यूटी पर मौजूद थे। उनके साथ एकमात्र फार्मासिस्ट रावत और वार्ड बॉय रोहित कुमार ही अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे। बाकी सभी डॉक्टर, फार्मासिस्ट और अन्य कर्मचारी गायब मिले। सब से चौंकाने वाली बात यह रही कि सीएचसी अधीक्षक डॉ. सर्वेश निराला का कमरा तक बंद था। आरेन्द्र कुमार ने बताया कि यह पहली बार नहीं है। यहां की लापरवाही और मनमानी का खेल लम्बे समय से चल रहा है। उन्होंने कहा कि एकमात्र डॉक्टर के भरोसे पूरा अस्पताल चल रहा है। जिससे मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है और उनकी जान जोखिम में पड़ जाती है। भाकियू जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि जब हम सीएचसी में गए, तो हमें वहां पर पब्लिक हेल्थ यूनिट ऑफिस में भी ताला पड़ा मिला। उसका स्टाफ गायब मिला। डॉक्टर की बिल्डिंग में फार्मासिस्ट रहते हुए दिखाई दिए। कई लोगों के कमरों में बाहर से ही एयर कंडीशन दिखाई दिए। सीएचसी की दो तरफ की लंबी दीवारें टूटी हुई दिखाई दी। ईसीजी मशीन उपलब्ध है, लेकिन उसको चलाने वाला ऑपरेटर कोई नहीं मिला। सूचना मिली कि डॉक्टर ड्यूटी नहीं करते हैं, लेकिन फिर भी उनकी उपस्थिति रजिस्टर में लगाई जाती है। जिला उपाध्यक्ष आरेन्द्र कुमार ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि अधीक्षक डॉ. सर्वेश निराला के खिलाफ जल्द कानूनी कार्रवाई नहीं हुई, तो भाकियू सामाजिक जिले भर में आंदोलन और धरना प्रदर्शन करेगा। उन्होंने कहा कि सीएचसी की पिछले एक महीने की सीसीटीवी फुटेज निकाली जाए, जिससे ड्यूटी पर न आने वाले कर्मचारियों की पोल खुल सके। इस मौके पर नगर अध्यक्ष अब्दुल बारी, कार्यकर्ता फहद शाहिद आदि मौजूद रहे।

## बाघ मित्रों को ड्रेस किट बांटी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** बाघ दिवस के अवसर पर रेहड़ की अमानगढ़ रेंज में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बाघों के संरक्षण और प्रबंधन के महत्व पर बल दिया गया। इस मौके पर बाघ मित्रों को ड्रेस किट बांटी गई।

ग्लोबल टाइगर डे पर डब्लू डब्लू एफ एवं वन विभाग समन्वय से अमानगढ़ के रेंज कार्यालय केहरीपुर पर बाघ मित्रों के लिए एक गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें बिजनौर डिवीजन के बिजनौर, धामपुर, चांदपुर, नगीना एवं अमानगढ़ आदि रेंज के बाघ मित्र शामिल हुए। बताया गया कि बाघ दिवस का उद्देश्य दुनिया भर बाघ संरक्षण एवं प्रबंधन को बढ़ावा देना है। बाघों की उपस्थिति पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में भी विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

वक्ताओं ने कहा कि इसलिए बाघ मित्र अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी से पालन करें तथा सकारात्मक भूमिका निभाए। कार्यक्रम के आखिर में सभी 94 बाघ मित्रों को ड्रेस किट वितरित की गई। गोष्ठी में पीलीभीत टाइगर रिजर्व से डब्लूडब्लूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार लोधी, एसडीओ नजीबाबाद अंशुल मित्तल, रेंजर अंकिता किशोर सहित बाघ मित्र तथा वन कर्मी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मोमिन कॉन्फ्रेंस का कार्यकर्ता सम्मेलन दस को





**अफजलगढ़।** आगामी 10 अगस्त को धामपुर में होगा यूपी मोमिन कॉन्फ्रेंस का कार्यकर्ता सम्मेलन। जिसमें बुनकरों के बद से बदतर होते जा रहे हालातों पर विचार विमर्श किया जाएगा। उत्तर प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश महामंत्री अय्यूब अंसारी पूर्व प्रधान व जिलाध्यक्ष सुल्तान अंसारी (बिजनौर) ने बताया के आगामी 10 अगस्त 2025 (रविवार) को उत्तर प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस का कार्यकर्ता सम्मेलन धामपुर स्थित मन्नत मैरिज हाल में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट फिरोज अंसारी व उत्तर प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष हसन आरिफ अंसारी भाग लेंगे। सम्मेलन की सफलता के लिए सभी तैयारियां शुरू कर दी गई है। कॉन्फ्रेंस के जिलाध्यक्ष सुल्तान अहमद अंसारी के आवास पर आयोजित बैठक में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन करने का फैसला लिया गया है। जिलाध्यक्ष सुल्तान अंसारी ने बताया कि सम्मेलन में मुरादाबाद मंडल और प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों के अलावा जिला बिजनौर के सभी विधानसभा और नगर अध्यक्षों को आमंत्रित किया जाएगा। सम्मेलन का एजेंडा संगठन को मजबूत करना, समाज के लिए काम करने वाले लोगों को आगे लाना, बुनकरों के बद से बदतर होते जा रहे हालातों पर चर्चा करना, समाज के राजनीतिक आधार को मजबूत करना रहेगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एड. फिरोज अंसारी, विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष हसन आरिफ अंसारी व प्रदेश महामंत्री अय्यूब अंसारी प्रधान द्वारा संगठन की समीक्षा की जाएगी और सभी पदाधिकारियों को संगठन की मजबूती के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए जाएंगे। इस अवसर पर शाकिर अंसारी, वसीम अंसारी, सरफराज अंसारी व मौहम्मद शानू आदि मौजूद रहे।

### हरियाली तीज पर कार्यक्रम



**नजीबाबाद।** हरियाली तीज पर आर्य सुगंध संस्थान में झूले का बहुत ही सुंदर कार्यक्रम रखा गया। जिसमें एसओ रामप्रताप सिंह, थाना अध्यक्ष मंडावली, अंकुर, महिला स्टाफ में सुमन, सोनम और सहयोगी उपस्थित रहे। महिला स्टाफ ने दिव्यांग बालिकाओं को अपने हाथ से झूला झुलाया और स्वयं भी झूले का आनंद लिया। तीज त्यौहार पर संस्था उपाध्यक्ष वैद्य ओमप्रकाश शर्मा ने बच्चों व वृद्धों को कुल्फी और मिठाई खिलाई। सभी ने बच्चों व वृद्धों के सुंदर-सुंदर गीतों का आनंद लिया। मीनाक्षी मूक बधिर बालिका तीज क्वीन चुनी गई। इस अवसर पर प्रबंधिका कमलेश आर्या, गर्जना आर्या, गौरवी सिंह, सोनम, कलावती, सुशीला, फूलवती, दीपा, महिमा, कशिश, नैना आदि उपस्थित रहे।

### गायत्री शक्तिपीठ पर भोलेनाथ की उपासना



**नजीबाबाद।** गायत्री शक्तिपीठ पर सावन के तीसरे सोमवार के अवसर पर भगवान भोलेनाथ की पूरे विधि विधान और मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना की गई है। भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग को दस स्नान कराया गया। मंत्रों का उच्चारण कर पूजा अर्चना संपन्न कराई गई और भगवान भोलेनाथ की आरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### वृद्धा के थैले से नकदी चोरी

**नगीना।** थाना नगीना के ग्राम बिज्जाहेडी निवासी हरि सिंह पुत्र हरपाल सिंह ने थाना नगीना पर लिखित शिकायत पत्र के माध्यम से बताया कि सोमवार को उसकी मां चन्द्रो देवी हरि सिंह के भतीजे विशाल कुमार पुत्र जगराम सिंह के साथ अपने घर से बैंक से पैसे निकलवाने के लिए स्टेट बैंक नगीना गई थी। विशाल ने बैंक से पैसे निकालकर चन्द्रो देवी को दे दिये और खुद किसी काम से बाजार चला गया। उधर वृद्ध स्त्री चंद्रो देवी बैंक के बराबर में ही जनसेवा केंद्र पर आधार कार्ड निकलवाने चली गई। जहां पर किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा ब्लेड से थैला काटकर 55,000 रुपये चंद्रो देवी के थैले से निकाल लिये गए। वृद्धा पीड़िता चंद्रो देवी के पुत्र हरि सिंह की तहरीर के आधार पर थाना नगीना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## थानाध्यक्ष कर रहे शांति व्यवस्था के लिए ईमानदारी से काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** थाना अध्यक्ष परवेज कुमार ने कहा कि क्षेत्र में शांति कायम करना और पीड़ितों को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता है और उसको वह पूरी ईमानदारी के साथ निभाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके रहते थाने में हर फरियादी की बात सुनी जाती है। फिर उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

आपको बता दें की लगभग एक महीना पूर्व प्रवेश कुमार को थाने की कमान मिली है। उसके बाद क्षेत्र में मोहर्रम का जुलूस पुलिस प्रशासन ने शांतिपूर्वक संपन्न कराया। वहीं 11 जुलाई से क्षेत्र से कांवड़ यात्रा गुजर रही है। जिसमें थाना अध्यक्ष ने अपनी पूरी पुलिस टीम के साथ पूरी मुस्तैदी दिखाते हुए कांवड़ यात्रा भी सकुशल लगभग समापन की ओर जा रही है। क्षेत्र में छुटपुट घटनाओं को छोड़कर इसलिए एक महीने में कोई बड़ी घटना भी नहीं घटी है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि ड्रोन उड़ने की अफवाह जो फैल रही है, उस पर ध्यान ना दें। बल्कि अगर कोई किसी तरह की बात किसी के सामने आती है, तो वह तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दें। कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो उसके साथ किसी तरह की कोई मारपीट की घटना न की जाए। बल्कि तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें और पुलिस का पूरा सहयोग करें।

# मंडावर में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

## भूमाफियाओं में मचा हड़कम्प



**विशाल खटीक**

**मंडावर।** योगी सरकार अवैध कब्जों को हटवाने के लिए गंभीर है। तहसील प्रशासन और पुलिस ने आज बिजली घर के बराबर में स्थित घुमिया देवता के रास्ते पर किए गए अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला कर ध्वस्त कर दिया।

बिजनौर मार्ग पर बिजली घर के बराबर में प्राचीन घुमिया देवता हैं, जो ग्राम लालपुर सुखानंदपुर के हिंदू समाज के लोगों का है। इसी घुमिया देवता स्थल का रास्ता बिजनौर मार्ग पर निकलता है। जहां लोग प्राचीन समय से ही घुमिया देवता की विधिवत पूजा-अर्चना करते आए है। मंडावर निवासी डॉ. धीर सिंह और ग्राम फजलपुर निवासी यादराम सिंह ने बिजली घर के निकट कुछ जमीन खरीद ली थी। जिसकी आड़ में उन्होंने घुमिया देवता के रास्ते को अवैध रूप से कब्जाने के लिए दीवार का निर्माण करा दिया। इसकी ग्रामीणों ने तुरंत जिला प्रशासन से शिकायत दर्ज कराई। जिसके आधार पर तहसील प्रशासन की टीम और पुलिस बल ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की और पाया कि मौके पर जमीन पर अवैध निर्माण किया गया है। नायब तहसीलदार, हल्का कानूनगो, लेखपाल और थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज ने तत्काल बुलडोजर बुलाकर घूमिया देवता के रास्ते पर किए गए अवैध निर्माण को हटवा दिया। इस दौरान हिंदू संगठन और भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे। गौरतलब है कि कस्बे में तमाम सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण व कब्जा किया गया है। राजस्व विभाग की टीम अगर इसकी पैमाइश कर कब्जा हटाने का प्रयास करे, तो भूमाफियाओं का सफाया हो जाएगा। क्षेत्र में बड़ी संख्या में भूमाफिया मौजूद है। जो सरकारी व सार्वजनिक सम्पत्तियों पर कब्जा करते है।

# ड्रोन संबंधी जागरूकता के लिए सीओ ने की बैठक

## अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** क्षेत्र में जहां-तहां ड्रोन की अफवाहों और शिकायतों से निपटने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। इस संबंध में जगह-जगह ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें ड्रोन से संबंधित जानकारी दी जा रही है। जिससे कोई भी व्यक्ति गलत जानकारी या अफवाह के चलते किसी गलत फैसले या घटना का शिकार न हो।

प्राप्त समाचार के अनुसार सोमवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने ग्राम काजीपुरा इम्मा व ग्राम बेलड़ी में ग्रामवासियों के साथ गोष्ठी कर ड्रोन के संबंध में जागरुक किया गया। उन्होंने बैठक में कहा कि तहसील क्षेत्र के विभिन्न थाना क्षेत्रों में रात्रि के समय रोशनी दिखाई देने की सूचनाएं पुलिस को मिली। जिनकी जांच करने पर पता चला कि खिलौना, हेलीकाप्टर की लाइट को भी ड्रोन समझ लिया जाता है। इस प्रकार की गलतफहमी से अफवाहें फैलती हैं और लोगों में अनावश्यक भय उत्पन्न होता है।

उन्होंने बताया कि रात्रि गश्त बढ़ाकर सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की गई है। ग्राम-ग्राम जनसभाएं और जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। सभी ड्रोन धारकों का सत्यापन और पंजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस के तकनीकी निगरानी विभाग द्वारा ड्रोन संबंधी सूचनाओं का विश्लेषण किया जाता है। क्षेत्र की सभी ग्राम सुरक्षा समितियों से अपील की गयी है कि ड्रोन के संबंध में किसी प्रकार की सूचना मिलने पर यूपी 112 को तत्काल सूचना दें तथा स्वयं कानून को अपने हाथ में न लें और आपराधिक दृष्टिकोण से प्रभावित न हो।

उन्होंने जानकारी दी कि 250 ग्राम से अधिक वजन वाले सभी ड्रोन का पंजीकरण अनिवार्य है। यदि कोई व्यक्ति अनाधिकृत क्षेत्र में ड्रोन उड़ाता है या संबंधित प्राधिकरणों से अनुमति लिए बिना इसका संचालन करता है, तो उस पर 1,00,000/- (एक लाख रुपये) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। साथ ही दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकती है।

उन्होंने ड्रोन की पहचान करने के लिए भी जानकारी देते हुए कहा कि असली ड्रोन और खिलौना हेलीकॉप्टर ड्रोन में अंतर करने के लिए ध्यान देना होगा कि यदि अक्सर 250 ग्राम से कम वजन वाले यानी हल्के ड्रोन खिलौना हेलीकॉप्टर ड्रोन होते हैं और उनकी उड़ान क्षमता अधिक नहीं है। इस प्रकार के ड्रोन में बच्चों के खिलौनों जैसे चमकदार रंग या एलईडी लाइट के अलावा इनकी आवाज भी कम होती है। इनके रिमोट कंट्रोल की सीमित रेंज (50-100 मीटर) तक हो होती है। इस प्रकार के ड्रोन अमेजन, फ्लिपकार्ट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों व स्थानीय बाजार में सामान्य रूप से उपलब्ध हो जाते हैं। उन्होंने रजिस्टर्ड प्रोफेशनल ड्रोन के बारे में भी जागरुक करते हुए बताया कि इनका आकार बड़ा व उड़ान क्षमता (20 मिनट से अधिक) होती है। इनके पंखों पर स्थिर एलईडी सिग्नल लाइट्स (लाल/हरी) होती है। इनमें कैमरा रिकार्डिंग उपकरण लगे होते हैं। इनमें अधिक ऊंचाई पर स्थिर उड़ान होती है और जीपीएस तकनीक का प्रयोग किया जाता है।

उन्होंने स्थानीय जनता से अपील करते हुए कहा कि यदि आपको संदिग्ध ड्रोन दिखाई दे, तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करें। उन्होंने अफवाह न फैलाने और दूसरों को भी शांति बनाए रखने के लिए सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ड्रोन का उपयोग करने से पहले अनिवार्य अनुमति व पंजीकरण करा लें। उन्होंने कहा कि पुलिस आपके साथ है और एकजुट होकर ही हम अपने क्षेत्र को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बना सकते हैं।

## पिछड़े वर्गों के समग्र विकास का विकल्प सिर्फ बसपा: हाजी इलियास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के मोहल्ला चौधरियान निवासी एवं बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता व मुरादाबाद लोकसभा के पूर्व प्रभारी मोहम्मद हाजी इलियास चौधरी ने एक विशेष बातचीत में कहा कि प्रदेश में यदि किसी राजनैतिक दल ने वास्तव में दलित मुस्लिम और पिछड़े वर्गों को सम्मान और समान अवसर प्रदान किए हैं तो वह सिर्फ बसपा है।

उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी का मूल उद्देश्य ही उन वर्गों को सशक्त बनाना है, जिन्हें दशकों से हाशिए पर रखा गया हाजी इलियास ने अपने वक्तव्य में स्पष्ट किया कि वर्तमान दौर में जब राजनीति जातिवाद सांप्रदायिकता और वंशवाद की ओर बढ़ रही है। ऐसे समय में बसपा ही वह विकल्प है जो सामाजिक न्याय और सर्वसमाज के कल्याण की बात करती है। उन्होंने कहा कि बसपा की नीतियां हमेशा से ही गरीब मजदूर किसान दलित पिछड़े और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा में अग्रणी रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जब-जब उत्तर प्रदेश में बहन कुमारी मायावती के नेतृत्व में बसपा की सरकार बनी तब-तब प्रदेश ने विकास की नई ऊँचाइयों को छुआ। सड़क, शिक्षा, कानून व्यवस्था और रोजगार के क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार हुए विशेष रूप से मुस्लिम और पिछड़े वर्गों को नौकरियों में प्रतिनिधित्व मदरसों का आधुनिकीकरण और धार्मिक स्थलों का संरक्षण जैसी योजनाएं लागू की गई।

हाजी इलियास चौधरी ने यह भी कहा कि आज जरूरत है कि देश और प्रदेश के दबे-कुचले वर्ग एकजुट होकर बसपा को मजबूत करें ताकि एक बार फिर उत्तर प्रदेश में शांति सौहार्द और विकास की सरकार बन सके। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे जात-पात और धर्म के झूठे जाल से बाहर निकलें और बसपा की विचारधारा को अपनाकर एक नए समाज की नींव रखें।

## बिजली की समस्याओं को लेकर भाकियू का धरना प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक बैठक की गई। उसके बाद थाना नगीना देहात क्षेत्र में विद्युत उपकेंद्र पर धरना प्रदर्शन कर एसडीओ को ज्ञापन दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार तहसील नगीना के थाना नगीना देहात के ग्राम औरंगाबाद उर्फ लाल वाला के बिजलीघर पर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति द्वारा जिला महासचिव गुरपेज सिंह गुरी की अध्यक्षता में धरना दिया गया। जिसमें बिजली से संबंधित क्षेत्र की जनता की समस्याएं जैसे रात के समय में रोस्टिंग की समस्या, हर महीने बिल न बनना, खराब मीटरों का ना बदला जाना, बारिश के समय में बार-बार ट्रिपिंग होना, गांव में लो वोल्टेज की समस्या आदि मुख्य रही। इन समस्याओं का समाधान कराने के लिए भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने बिजली घर पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार को लेकर चेतावनी दी गई कि ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धरना स्थल पर पहुंचे विद्युत विभाग के एसडीओ व जेई के साथ पदाधिकारियों ने वार्ता की और इन समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने के लिए ज्ञापन दिया। जिस पर एसडीओ द्वारा आश्वासन दिया गया कि इन समस्याओं को जल्द से जल्द हल कराया जाएगा। आश्वासन मिलने के बाद धरना समाप्त किया गया। इस दौरान मंडल महासचिव मोहित चौधरी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सरदार जसवीर सिंह, जिला सचिव दिलशाद अंसारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सरदार बलदेव सिंह, तहसील उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, ग्राम अध्यक्ष औरंगाबाद टीकाराम सिंह, मोहम्मद यामीन, लाखन कुमार, युवा नेता राजा कुमार, सूर्यवंशी दिलेराम, मलकीत सिंह, सोनू कुमार, मोनू कुमार, सचिन चौधरी, विंटू पाल, राकेश पाल, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

## ताक-झांक कर रहे युवक को धुनाई कर पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निंदड़ु वाजिदपुर की सैनी बस्ती में उस समय हड़कंप मच गया। जब एक युवक को घरों में ताक-झांक करते हुए ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। पकड़े गए युवक की पिटाई के बाद उसे पुलिस चौकी के हवाले कर दिया गया, जबकि उसके दो साथी मौके से फरार हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्रामीणों ने रात में संदिग्ध गतिविधियों को देखकर शोर मचाया, जिसके बाद एक व्यक्ति को लोगों ने पकड़ लिया। आरोपी शराब के नशे में धुत था और कुछ घरों की खिड़कियों के पास घूमते हुए देखा गया था। जब उससे पूछताछ की गई, तो उसने बताया कि उसके दो और साथी भी साथ थे, लेकिन शोर सुनकर वे मौके से फरार हो गए।

स्थानीय लोगों ने युवक की धुनाई करने के बाद उसे पुलिस को सौंप दिया। मामले की जानकारी मिलते के बाद पुलिस चौकी की टीम ने आरोपी को अपनी हिरासत में लेकर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# मंदबुद्धि युवक को पीटने वालों पर पुलिस सख्त

## थाना प्रभारी अमित कुमार ने लिया संज्ञान, 10 लोगों पर 151 की कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र में इन दिनों चोरी व ड्रोन उड़ने की अफवाहों का माहौल बना हुआ है। जिससे लोग डरे हुए हैं इसी डर और भ्रम का फायदा उठाकर कुछ लोग निर्दोषों को भीड़ का निशाना बना रहे हैं।

सोमवार सुबह इसी तरह की एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना ग्राम मंडोरी में सामने आई। जहां ग्रामीणों की भीड़ ने एक मंदबुद्धि युवक को चोर समझकर पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। जानकारी के अनुसार ग्राम मंडोरी में ग्रामीणों को एक अनजान व्यक्ति घूमता हुआ दिखाई दिया। पहले से फैली अफवाहों के चलते बिना किसी जांच-पड़ताल के भीड़ ने युवक को घेर लिया। उसे बंधक बनाया और मारपीट शुरू कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को भीड़ से छुड़ाकर थाने लाया गया। जांच के दौरान युवक की पहचान कुंवर सिंह पुत्र सिंधु निवासी ग्राम सिंघोली, थाना गंगोह, जिला सहारनपुर के रूप में हुई। वह मानसिक रूप से अस्वस्थ मंदबुद्धि है और किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में शामिल नहीं पाया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए भीड़ में शामिल लोगों की पहचान की और तत्काल कार्रवाई करते हुए 10 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। अमित कुमार ने स्पष्ट कहा कि कानून हाथ में लेने की इजाजत किसी को नहीं है। अफवाह फैलाने वालों और निर्दोषों को पीटने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी अनजान व्यक्ति या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। लेकिन खुद कानून का उल्लंघन न करें। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस हर स्थिति पर नजर बनाए हुए है और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए लगातार गश्त की जा रही है। थाना प्रभारी अमित कुमार एक कर्तव्यनिष्ठ संवेदनशील और अनुशासित पुलिस अधिकारी के रूप में क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुके हैं। उन्होंने स्योहारा क्षेत्र में कई मामलों में त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई कर लोगों का विश्वास जीता है। मौजूदा घटना में भी उनका सक्रिय और मानवीय रुख सराहनीय रहा। पुलिस प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति अफवाह फैलाता हुआ पाया गया या किसी निर्दोष को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस बीच क्षेत्रीय प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और सोशल मीडिया पर बिना पुष्टि के कोई भी सूचना न फैलाने की अपील की है।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र सचिन गलत संगत में पड़ गया है। मेरा कहना नहीं मानता है। मेरे व मेरे परिवार के साथ अभद्र व्यवहार व गाली-गलौच करता है। समझाने पर भी नहीं मानता है। मैंने उसकी आएदिन की हरकतों से तंग व परेशान होकर उसे अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए अपने व अपने परिवार के संबंध विच्छेद कर लिए है। अब सचिन से हमारा कोई मतलब वास्ता नहीं रहा है। उसके किसी भी कृत्य व लेनदेन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा, मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **-बृजपाल सिंह पुत्र श्री कुड़वा सिंह निवासी ग्राम खेड़की, परगना व तहसील चांदपुर, जनपद बिजनौर**

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मौ. रईस उर्फ शमशाद मेरे कहने में नहीं है। मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करता है। इस कारण मैंने व मेरे परिवार ने मौ. रईस उर्फ शमशाद के साथ अपना समस्त ताल्लुक वास्ता खत्म कर दिया है और मैंने उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी क्रिया कलाप से मेरा या मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं है। **रियाजुद्दीन पुत्र घसीटा, ग्राम दीतनपुर, थाना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर**

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र दानिश अपनी पत्नी रीना व ससुराल वालों के बहकावे-सिखाये में है और दानिश व उसकी पत्नी रीना मेरा कहना नहीं मानते है। मेरे साथ लड़ाई-झगड़ा व मारपीट करते हैं। इस कारण मैंने दानिश व उसकी पत्नी रीना से पूर्ण रूप से सम्बंध विच्छेद कर दिये है और अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन से मेरा कोई मतलब वास्ता नहीं होगा। **खुर्शीदा तलाक शुदा महिला पुत्री रशीद मौहल्ला नूर सराय, कस्बा व थाना नगीना, जिला बिजनौर**

## एक नजर

### युवक की इलाज के दौरान मौत



**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम झाड़पुरा निवासी नीरज कुमार (28 वर्ष) पुत्र वीरेंद्र सिंह रात का भोजन करने के बाद शौच के लिए बाहर गया था। इस दौरान उसने अत्यधिक मात्रा में नशा कर रखा था। नशे की हालत में उसका संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे गिर पड़ा, जिससे उसके सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आ गईं। नीरज के गिरने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ ले जाया गया। प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने बताया कि युवक की हालत अत्यंत गंभीर है और सिर में अंदरूनी चोट होने की आशंका है। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद नीरज को तत्काल हायर सेंटर रेफर कर दिया। काशीपुर स्थित एक निजी अस्पताल में नीरज कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के बताए अनुसार नीरज काफी समय से नशे का आदी था और कई बार समझाने के बावजूद नशा करना नहीं छोड़ा। शनिवार को भी उसने अत्यधिक नशा किया था, जिसके चलते यह हादसा हुआ। नशे की लत ने युवक की जिंदगी छीन ली। जवान युवक की मौत से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

### कृष्णा में चरक जयंती पर प्रतियोगिता



**बिजनौर।** कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में चरक जयंती के उपलक्ष्य पर कॉलेज के डायरेक्टर-प्रिंसीपल वैद्य संदीप एवं मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन मनोज कुमार ने समारोह का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम के संचालन में मौलिक सिद्धान्त विभाग की वरिष्ठ अध्यापिका डॉ. सुनीता की प्रमुख भूमिका रही। इस कार्यक्रम में कॉलेज के सभी अध्यापकगण व छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया। चरक जयन्ती के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन श्रुति, आलिया एवं अलीषा ने किया। प्रतियोगिताओं का आंकलन डॉ. शुभ्रांग, डॉ. मुकुल, डॉ. इमरान, डॉ. शालिनी ने किया। चरक परिचय व्याख्यान प्रतियोगिता में फौज़िया और साहिल अहमद विजेता रहे। श्लोक पठन प्रतियोगिता में इंजमाम विजेता रहा। सूत्र व्याख्यान प्रतियोगिता में अर्ष विजेता रहा। क्विज़ प्रतियोगिता में वाग्भट् टीम विजेता रही, जिसमें श्रुति, अनम, अरशुमा, अमरीन, कनक, साहिल एवं सुमित शामिल थे। पोस्टर प्रतियोगिता में अनोफ, अनम, अरषुमा, काशिफा विजेता रही एवं रंगोली प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से सलोनी, आयुशी, कनक, प्रकाश, अलीशा, आशना, जुनैरा, फ़ायज़ा, निदा विजेता रहे। कार्यक्रम के अंत में वैद्य संदीप ने आयुर्वेदिक चिकित्सा के महत्व को प्रकाशित करते हुए चरक जैसे चरित्र और व्यक्तित्व को हमारे भीतर उजागर करने का संदेश दिया एवं कॉलेज के चेयरमैन मनोज कुमार ने पौधारोपण किया।

### काव्य गोष्ठी का आयोजन



**नजीबाबाद।** युगांतर सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था के बैनर तले काव्य गोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ कवि जितेंद्र कक्कड़ के निवास स्थान पर सम्पन्न हुआ, जिसमें बिजनौर से पधारे वरिष्ठ कवि संजीव एकल मुख्य अतिथि रहे। संजीव एकल ने सुंदर रचना- 'शाख से टूटकर हम बिखर जाएंगे, हम फूल हैं, जुगनू की तरह चमक जाएंगे' सुनाकर वाहवाही लूटी। कवि कर्मवीर ने- 'हमारे खो गए बलमवा कुंभ में, मैंने लाख लाख समझाया' ग्रामीण लोक गीत सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। अरुण दीक्षित ने- 'जीवन की परिस्थितियों से मैं तंग आ गया हूं, मैं मौत का आह्वान करता हूं' रचना से भाव विभोर कर दिया। जितेंद्र कक्कड़ ने- मैं दिल से सोच कर पछता रहा हूं, इसलिए मैं गम के गीत गा रहा हूं' रचना सुनाकर वाहवाही लूटी। अशोक सविता का 'खुशी क्या है, गम क्या है' शेर काफी पसंद किया गया। अशोक अग्रवाल ने भी साहित्यिक रूप में अपने विचारों को गद्य का रूप देकर मनमोह लिया। काव्य गोष्ठी में सुरेशपाल सिंह पंवार, जपना कौर, कुलबीर कौर, इशमीत कौर कक्कड़, पूनम अग्रवाल, विजय कुमार महेश्वरी, मोहित महेश्वरी, बब्बन जैदी आदि उपस्थित रहे।

### गणेश चतुर्थी महोत्सव की तैयारियां जोरों पर



**धामपुर।** गणपति बप्पा के आगमन को लेकर नगर में उल्लास और भक्ति का माहौल बनना शुरू हो गया है। गणेश चौथ समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार एवं संयोजक विजय जैन ने जानकारी दी कि 27 अगस्त 2025 को प्रातः 11 बजे बड़ी मंडी प्रांगण में गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना विधिवत रूप से की जाएगी। उन्होंने बताया कि 27 अगस्त से 4 सितंबर तक प्रतिदिन प्रातः पूजा-अर्चना, भंडारा, सायं आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ-साथ प्रोजेक्टर पर गणेश लीला का दर्शन कराया जाएगा, जिससे श्रद्धालु धर्म और संस्कृति से जुड़ाव महसूस करेंगे। 5 सितंबर को विशाल भंडारा एवं गणेश शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई यात्रा विस्मयकारी झांकियों, अखाड़ों, ढोल-नगाड़ों, उठ घोड़ों एवं विशाल गणेश प्रतिमा के साथ निकलेगी। 8 स्थानों पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। 6 सितंबर को प्रातः 8 बजे से विसर्जन यात्रा का आयोजन होगा जो हरिद्वार तक जाएगी। समिति ने नगरवासियों से अपील की है कि इस धार्मिक उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

### गांवों में रातों की नींद हराम

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के कई गांवों में बीते एक हफ्ते से रहस्यमय घटनाएं लोगों में डर और बेचैनी पैदा कर रही हैं। गांव वालों का कहना है कि हर रात कोई ड्रोन आसमान में चक्कर लगाता दिखता है, और साथ ही खेतों-गलियों में संदिग्ध हलचल ने सबको चौकन्ना कर दिया है। ग्रामीणों का दावा है कि कुछ घरों के आस-पास चोरों के निशान तक मिले हैं, जिससे साफ है कि कुछ गड़बड़ जरूर चल रही है। डर का आलम यह है कि क्षेत्र के गांव पल्लावाला, मिलक जहगीराबाद सहित अनेक गांव के लोग दिन ढलते ही टोली बनाकर चौराहों पर पहरा देने लगते हैं और पूरी रात जागकर अपने गांव की निगरानी करते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन को कई बार सूचना देने के बावजूद अब तक कोई गश्त या जांच शुरू नहीं हुई है। इससे लोगों में निराशा और गुस्सा दोनों है। गांव के बुजुर्ग रामकिशोर ने कहा, "रात को नींद नहीं आती, हर वक्त डर लगता है कि कब कौन कहां से आ जाए।" ग्रामीणों ने मांग की है कि ड्रोन की गतिविधियों की जांच होनी चाहिए और पुलिस को गांवों में नियमित गश्त शुरू करनी चाहिए। उनका कहना है कि अगर जल्द कोई एक्शन नहीं लिया गया, तो वे सामूहिक प्रदर्शन कर सकते हैं। कुछ लोगों ने आशंका जताई है कि यह कोई बड़ी साजिश भी हो सकती है। प्रशासन की चुप्पी अब सवालों के घेरे में है।

# चंद्रशेखर आजाद का सरकार पर हमला

## ऑपरेशन सिंदूर और राष्ट्रीय सुरक्षा पर उठाए गंभीर सवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने संसद के भीतर केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने हाल ही में कश्मीर में हुए ऑपरेशन सिंदूर, देश की सुरक्षा व्यवस्था और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि कश्मीर के पर्यटन स्थलों तक आतंकियों का पहुंच जाना सुरक्षा एजेंसियों की विफलता को उजागर करता है। उन्होंने पूछा कि इस मामले में जिम्मेदारी किसकी है और सरकार यह बताए कि कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था की अंतिम समीक्षा कब की गई थी?

सांसद ने संसद में भावुक होते हुए कहा: 'जिनका लहू देश के काम आया, उन्हें सैल्यूट करता हूं। जय भीम। गांवों के निर्दोष लोग शहीद हुए, उनके परिवारों को ईश्वर दुख सहने की शक्ति दे।' उन्होंने सरकार से यह भी पूछा कि पाकिस्तान द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के बाद 21 भारतीय नागरिकों की हत्या, देश के गुरुद्वारों पर हमले और हिंदू



पर्यटकों को निशाना बनाए जाने जैसे मामलों के बावजूद भारत सरकार ने सीजफायर की अनुमति क्यों दी? उन्होंने इसे सांप्रदायिक तनाव फैलाने की साजिश बताते हुए सरकार की प्रतिक्रिया पर सवाल खड़े किए। चंद्रशेखर आजाद ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के खिलाफ भारत द्वारा उठाए गए कदमों की पारदर्शिता की मांग की और कहा कि अब वक्त आ गया है, जब देश की जनता को बताया जाए कि आतंकवाद के खिलाफ क्या ठोस रणनीति अपनाई जा रही है। सांसद चंद्रशेखर ने संसद में सेना को टैक्स फ्री वेतन देने की मांग भी रखी। उन्होंने कहा कि जो जवान देश की रक्षा के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर देता है, उसके वेतन से कर काटा जाना अन्याय है।

साथ ही उन्होंने चमार, गुर्जर, यादव रेजीमेंट जैसी पुरानी जातीय रेजीमेंटों को पुनः बहाल किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि युवाओं को सम्मान और अवसर मिलेंगे तो वे न सिर्फ पाकिस्तान बल्कि चीन की ओर से भी भारत की तरफ आंख उठाने नहीं देंगे। चंद्रशेखर ने देशवासियों से आह्वान किया कि देश की सुरक्षा पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 1965, 1971 और 1999 के युद्धों में पूरा भारत एकजुट था। लेकिन अब जब आतंकवादी हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत अकेला पड़ गया है। हमें आत्ममंथन करने की जरूरत है कि ऐसा क्यों हुआ। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि चाहे सरकार विपक्ष में हो या सत्ता में देश की सुरक्षा के मुद्दे पर सभी को एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए।

# सांसद इकरा हसन से दुर्व्यवहार अति निंदनीय: मोमिन खान

शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** समाजवादी पार्टी के जिला सचिव मोमिन खान ने एक बयान जारी कर कहा है कि सहारनपुर के एडीएम द्वारा देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा की सांसद इकरा हसन के साथ किए गए दुर्व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा की और कहा कि एडीएम के खिलाफ विशेषाधिकार के कार्रवाई हो। एक जन प्रतिनिधि के साथ किए गए दुर्व्यवहार लोकतंत्र की हत्या है।

उन्होंने ने कहा कि भाजपा सरकार में नौकरशाही बेलगाम हो गई है, सरकारी अधिकारी निरंकुश व्यवहार कर रहे हैं। महिला सांसद के प्रति एडीएम सहारनपुर के द्वारा किए गए अपमानजनक व्यवहार से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि एक आम आदमी के प्रति अधिकारियों का व्यवहार कैसा होगा। श्री मोमिन ने कहा कि सांसद इकरा हसन के साथ जो व्यवहार किया गया वह राजनीति से प्रेरित घटना है। जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इस घटना में जो दोषी अधिकारी हो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। मोमिन ने कहा कि सपा के सिपाहियों को न डराया जा सकता है और ने ही धमकाया जा सकता है, समाजवादी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगी। भाजपा सरकार में महिला विरोधियों की





संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। मोमिन खान ने कहा कि करणी सेना के नेता उपेन्द्र राणा के द्वारा दलित सांसद के घर पर हमला बोलते हैं और उसके काफिले पर पत्थर से हमला किया जाता है । अब करणी सेना के नेता उपेंद्र राणा ने सांसद इकरा हसन को लेकर महिला विरोधी बयान दिया है। इस पर मोमिन खान ने कहा कि नापाक हरकत बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कहा कि भाजपा सरकार में समाज के ठेकेदार बने इन समाज विरोधियों ने माहौल खराब करने का ठेका ले रखा है। पूरे समाज की बहन-बेटियों की इज्जत की जानी चाहिए। उपेंद्र राणा ने जो बयान दिया है वह पूरे देश की महिलाओं का अपमान है। हम समाजवादी लोग महिलाओं की गरिमा इज्जत से खिलवाड़ नहीं बर्दाश्त कर सकते। हम हिंदुस्तान की बहन, बेटियों को अपनी बहन, बेटियों के जैसा मानते हैं। वह हमारी बहन-बेटी है और हम अपनी बहन-बेटियों के साथ किए गए दुर्व्यवहार और आपत्तिजनक टिप्पणी को कभी बर्दाश्त नहीं कर सकते।

उधर सपा सीनियर नेता मौहम्मद अख्तर अंसारी ने भी सपा सांसद इकरा हसन के साथ एक अधिकारी द्वारा किया गया नैतिकता के दायरे से बाहर का व्यवहार अशोभनीय है। निंदनीय बताया है। उनका कहना है कि एक एडीएम रेंक का अधिकारी एक सांसद के साथ किया गया व्यवहार अधिकारी की घटिया सोच को दर्शाता है। सांसद इकरा हसन देश की लोकसभा की सदस्य है। उनकी शान में किया गया गलत व्यवहार देश की संसद और लोकतंत्र के प्रति एक साजिश है। जिसे सपाई बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने ऐसे निरंकुश अधिकारी के खिलाफ निष्पक्ष जांच कराते हुए कार्यवाही की मांग की है।

## ठगों ने एटीएम कार्ड बदलकर 34 हजार रुपये उड़ाए

**अफजलगढ़।** नगर निवासी एक व्यक्ति से अज्ञात ठगों द्वारा एटीएम बदलकर पैसे उड़ाए जाने आ मामला प्रकाश में आया है। बैंक कर्मियों ने बिना पासबुक के एटीएम बन्द नहीं किया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के मौहल्ला मंझोली निवासी मेहरान पुत्र अनीस अहमद सऊदी अरब से आए पैसे निकालने के लिए मंगलवार की सुबह द्वारिकेश शुगर मिल पर लगे एटीएम में गया था कि उसी दौरान अज्ञात व्यक्ति स्विफ्ट डिजायर कार द्वारा उतरकर एटीएम में आये। पीड़ित से एटीएम लेकर पैसा निकालने का बहाना बना कर उसी दौरान एटीएम बदल यह कहकर टाल दिया कि सर्वर नहीं चल रहा और उसी दौरान वह कार में बैठकर रफूचक्कर हो गए। कुछ देर बाद जब पीड़ित के मोबाइल पर 34 हजार रुपए कटने का एसएमएस आया जो ठगों द्वारा शेरकोट के एटीएम से निकाले गए हैं। उसने अपना एटीएम देखा तो उसको एटीएम बदले जाने का आभास हुआ, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। जब पीड़ित एटीएम बंद कराने नगर स्थित एसबीआई शाखा में गया तो शाखा कर्मचारियों द्वारा पासबुक लाने की बात बोलकर टाल दिया। पीड़ित ने पुलिस तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

## पहले दिन कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** टीचर्स कॉलोनी में प्रारंभ हुए 10 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। देव मंदिर से प्रारंभ हुई इस कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर ढोल-नगाड़ों की थाप पर 'ॐ नमः शिवाय' के सामूहिक उच्चारण और शिव जयकारों से वातावरण भक्तिमय कर दिया। कलश यात्रा से पूर्व सामूहिक



पूजन संपन्न हुआ, जिसके मुख्य यजमान श्री सत्य धाम धर्मशाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी संजय कुमार रस्तोगी, उनकी धर्मपत्नी सुमन रस्तोगी, प्रतीक, शिवांगी, प्रियंका, आशीष, अयांश व अद्विक रस्तोगी रहे। पूजन कार्यक्रम मंदिर के आचार्य पंडित रविकांत वशिष्ठ द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया गया। कलश यात्रा में महिलाओं का नेतृत्व राजरानी बिंदल, सुधा राजपूत, शारदा शर्मा, रुक्मिणी देवी, कविता त्यागी, आदेश राजपूत, रीता रानी, राजेश्वरी देवी, दीपा शर्मा व सरिता सिंह ने किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु परिवारों ने मार्ग में पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य पंडित कैलाश दास जी महाराज पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान करते चले। संजय रस्तोगी ने अपने सिर पर श्री शिव महापुराण ग्रंथ धारण किया, जबकि उनकी धर्मपत्नी सुमन रस्तोगी विशेष परिधान में सुसज्जित मंगल कलश के साथ चल रहीं थीं।

इस आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले प्रमुख नागरिकों में योगेंद्र कुमार शर्मा एडवोकेट, लोकेंद्र शर्मा, अनिल चौहान, पंकज कुमार, सहदेव चौधरी, रोशन बिंदल, योगेंद्र चौहान, नीरज बिंदल आदि का सराहनीय योगदान रहा। यात्रा श्री सत्य धाम धर्मशाला पहुंचकर विधिवत रूप से सम्पन्न हुई, जहां सभी मंगल कलश व्यास पीठ के समक्ष स्थापित किए गए।

# लखनऊ से आई टीम ने किया ग्राम पंचायत का निरीक्षण

**नहटौर।** शासन के निर्देशानुसार लखनऊ से आई टीम ने ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत फरीदाबाद महमूदपुर मिलक में पहुंचकर मंगलवार को पंचायत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, सफाई व्यवस्था, स्कूल, व्यक्तिगत शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। मंगलवार को लखनऊ से चार सदस्यों की टीम जिसमें सुदर्शन कुमार, शिवकुमार, अचल कुमार, मुकुल कुमार चारों सदस्यों ने नहटौर ब्लॉक पहुंचकर ग्राम पंचायत फरीदाबाद में सुदर्शन, शिव कुमार ने ग्राम पंचायत में बने पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, व्यक्तिगत शौचालय, स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया तथा गांव की साफ सफाई का भी स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम विकास अधिकारी दीप अमर रही। ग्राम प्रधान फरमान अहमद, ग्राम पंचायत सहायक व ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे। ग्राम महमूदपुर मिलक में अंचल कुमार, मुकुल कुमार ने ग्राम पंचायत में बने पंचायत घर सामुदायिक शौचालय स्कूल आंगनबाड़ी केंद्र सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव जयवीर कुमार, ग्राम प्रधान नरेश कुमार, अन्य ब्लॉक की टीम मौजूद रही। टीम के सदस्यों ने बताया कि जांच की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

# बंदरों और कुत्तों को पकड़ने का अभियान शुरू

## ग्रामीणों ने डीएम से लगाई थी गुहार

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कुत्तों के ताबड़तोड़ हमलों के बाद एक किसान महिला पर कुत्तों ने हमला कर मौत के घाट उतारने के बाद प्रशासन जागा है। डीएम के आदेश पर एसडीएम धामपुर द्वारा दिए सख्त निर्देश के बाद पालिका प्रशासन ने बंदरों और कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया।

गौरतलब है कि नगर की फैजी कॉलोनी में गत 06 जून 2025 को अपनी मां के साथ दूध लेने जा रही 5 वर्षीय मासूम बालिका यास्मीन पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। इसी दरमियां




नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों की संख्या में आवारा कुत्तों ने पुरुषों, महिलाओं व मासूम बच्चों पर हमला कर घायल कर दिया,परन्तु बीते बृहस्पतिवार 24 जुलाई को नगर से सटे ग्राम सलावतनगर (भागीजोत) निवासी अपने धान के खेत में नलाई कर रही किसान महिला पर कुत्तों ने हमला कर मौत के घाट उतार देने के बाद ग्रामीणों ने जिलाधिकारी जसजीत कौर से कुत्तों को पकड़ने की गुहार लगाई थी। डीएम के निर्देश पर एसडीएम धामपुर रितु रानी ने खण्ड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी को कुत्तों एंव बंदरों को पकड़वाने के सख्त निर्देश दिए। नगर पालिका परिषद द्वारा शनिवार से कुत्तों व बंदरों को पकड़ने का अभियान चलाया, जिसमें शनिवार को लगभग 100 बंदर और 25 कुत्ते तथा मंगलवार को नगर के मौहल्ला गौहर अली खां व चिरंजीलाल आदि से 25 कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई की गई। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। ईओ एसपी सिंह ने बताया कि बंदरों को चिड़ियापुर के जंगलों में छोड़ा जाएगा तथा आवारा कुत्तों को एबीसी सेंटर बिजनौर में वैक्सीनेशन व बधियाकरण के लिए छोड़ दिया जाएगा। एसडीएम धामपुर के दिए निर्देश के बावजूद खण्ड विकास अधिकारी द्वारा अभी तक ग्रामीण क्षेत्रों में बंदरों व कुत्तों को पकड़ने का अभियान नहीं चलाया गया है।

## एक नजर

### खस्ताहाल मार्ग से परेशानी



**बढ़ापुर।** क्षेत्र के ग्राम भोगपुर में रेडियोवाला मार्ग कच्चा मिट्टी का मार्ग है। बरसात के मौसम में बारिश के चलते मार्ग पर भारी कीचड़ जमा हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग बारिश के चलते कीचड़ युक्त हो गया है। आने-जाने वाले ग्रामीणों को भारी दिक्कत उठानी पड़ रही है। स्कूली बच्चों को भी स्कूल आने-जाने में भारी दिक्कत उठानी पड़ रही है। वहीं देर सवेर बीमार लोगों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। जरनैल सिंह, बिंदर सिंह, पाला सिंह, मंजीत सिंह, सुरजीत सिंह आदि ग्रामीणों ने मार्ग को बनवाने की मांग की है। ग्राम प्रधान पुत्र मंगत सिंह का कहना है कि मार्ग की स्वीकृति हो गई है, जल्द ही सड़क बनने का कार्य शुरू हो जाएगा।

### व्यक्ति का आचरण ही वंदनीय: महाराज



**हल्दौर।** नगर के नवीन मंडी स्थल पर चल रही सात दिवसीय श्री मद्भागवत कथा के दूसरे दिन मंगलवार को व्यास पीठ से परमपूज्य श्री राम कृपाधाम आश्रम वृंदावन के पीठाधीश्वर रामदास जी महाराज ने मंगलाचरण का सिद्धांत बताते हुए कहा कि भागवत में तीन बार मंगलाचरण का प्रावधान दिया गया है। इसलिए सभी वैष्णवों को तीन बार संध्या करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी को प्रातः, मध्याह्न एवं सायंकालीन संध्या अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि व्यक्ति का आचरण ही वंदनीय होता है। चित्र की नहीं चरित्र की पूजा होती है। भागवत कथा छ प्रश्नों पर आधारित है। भगवान कृपा के बिना जीव अपने जीवन में परमशांति स्थापित नहीं कर सकता। अतः सत्यनारायण भगवान की कृपा पाने के लिए हमें अपने जीवन में श्रद्धा, भक्ति, समर्पण, निस्वार्थ, भावना एवं परोपकार का होना अनिवार्य है। मंगलवार को मुख्य यजमान संजय मारवाड़ी एवं बबीता मारवाड़ी रही, जबकि सहयजमान मे पंडित चंचल वशिष्ठ सपत्नीक रहे। पूजन कार्य पुरोहित पंडित कृष्ण कुमार पाण्डे एवं पंडित ब्रजेश शर्मा ने कराया। कथा में रघुवीर शरण शर्मा, संजीव चंद्रा, ठाकुर योगेन्द्र चौहान, केके चंद्रा, अरविंद महादेव, डॉ. श्रीश शर्मा, पुनीत शर्मा, संजय वशिष्ठ, सुरेश कुमार, पप्पू फूल वाले, सुरेश कुमार, रमेश मुंशीजी, राहुल वर्मा, अमित वर्मा, शगुन चौहान, राजकुमार चौहान, रोहित कुमार, संजय वशिष्ठ, प्रतिभा शर्मा, डॉ. प्रदीप कुमार दुबे, जगदीश शर्मा, डॉ. श्रीकांत वर्मा आदि सहित कार्यकारणी के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

### शिखरजी तीर्थ को रवाना हुए 24 युवा



**धामपुर।** जैन समाज के युवाओं में धर्म और आस्था को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। समाज के 24 युवाओं का एक जत्था मंगलवार को झारखंड स्थित श्री सम्मेद शिखरजी तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुआ। ये युवा मोक्ष सप्तमी के दिन 31 जुलाई को भगवान पार्श्वनाथ के निर्वाण स्थल पर निर्वाण लड्डू चढ़ाएंगे। जत्थे में शुभम जैन, अभिषेक जैन, नमन जैन, संयम जैन, सार्थक जैन, ऋषभ जैन, उत्कर्ष जैन, शौर्य जैन, तरुण जैन, हर्षित जैन, सौरभ जैन, अतिशय जैन, अनंत जैन, हर्ष जैन, सोनू जैन, अंकुर आर्य, चिराग जैन, अभिनव जैन, विशाल जैन सहित 24 श्रद्धालु शामिल हैं। यात्रा प्रारंभ से पूर्व नमन जैन ने बताया कि वे 30 जुलाई को तीर्थ स्थल पहुंचेंगे और वहाँ से 27 किलोमीटर की पदयात्रा कर 31 जुलाई को निर्वाण लड्डू चढ़ाएंगे। उन्होंने बताया कि यह स्थल जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों में से 20 तीर्थंकरों का निर्वाण स्थल माना जाता है, जिसमें 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ ने भी मोक्ष प्राप्त किया था। उन्होंने कहा कि यह यात्रा हमारे धार्मिक मूल्यों से जुड़ने और आत्मिक शांति पाने का माध्यम है।

### राशन डीलर पर मनमानी करने की शिकायत

**धामपुर।** अफजलगढ़ क्षेत्र के गांव भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला गांव का कोटेदार वर्षों से गरीबों का हक डकार रहा है। ग्रामीणों ने उस पर गंभीर आरोप लगाए हैं कि वह मृतकों के नाम पर राशन उठाकर गबन कर रहा है। उप जिलाधिकारी धामपुर के नाम संबोधित शिकायती पत्र में पीड़ित महिला ने बताया कि उसके पति ब्रहपाल सिंह की मृत्यु वर्ष 2020 में हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद राशन कार्ड में उनका नाम आज भी जुड़ा है और डीलर हर महीने उनके हिस्से का राशन निकाल रहा है। महिला का तीन यूनिट का कार्ड है, पर उसे सिर्फ 9 किलो राशन मिलता है। बाकी का राशन कोटेदार खुद रखता है। जब इस गड़बड़ी का विरोध किया गया तो डीलर ने राशन कार्ड निरस्त कराने की धमकी दी। यह मामला एक नहीं है, गांव में कई मृतकों के नाम पर राशन उठाने की शिकायतें हैं। कोटेदार की दबंगई और घोटाले से ग्रामीणों में आक्रोश है ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि कोटेदार सईदुर्रहमान की तत्काल जांच कराई जाए और उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि गरीबों का हक सुरक्षित रहे और भ्रष्टाचार पर लगाम लग सके।

### बीकॉम ( ऑनर्स ) में आंचल प्रथम







**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टीटयूट ऑफ साइंस, बिजनौर के बी.कॉम. (ऑनर्स) तृतीय वर्ष का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष मंदीप चिकारा ने बताया कि बी.कॉम. (ऑनर्स) तृतीय वर्ष में आंचल चौधरी ने प्रथम, अक्षित त्यागी ने द्वितीय तथा मौ. आसिम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं। कृष्णा इंस्टीटयूट ऑफ साइंस, बिजनौर की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा इंस्टीटयूट आर्फ साइंस, बिजनौर का परिणाम सदैव ही अति उत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र/छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले, जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, डा. एससी जैन, सहायक प्रवक्ता डा. दुष्यन्त कुमार जैन, मेहर चन्द, नीरज अपरवाल, रोहित राजपूत, नूतन चौधरी, प्रियंका राजन अग्रवाल, सौरभ चौधारी ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बाइकों की टक्कर में पांच छात्र हुए घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र के सौंधन मौहम्मदपुर गांव निवासी दो बाइकों पर सवार पांच छात्रों की बाइक आमने-सामने टकरा गईं, जहां पांचों छात्र घायल हो गए। घायल छात्रों को सम्भल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
बता दें कि थाना क्षेत्र के सौंधन मौहम्मदपुर गांव निवासी शिवकुमार, वंश और सुनील तीनों एक ही बाइक से अमरोहा जनपद के आदमपुर थाना अंतर्गत ढवारसी कोचिंग सेंटर से मंगलवार को वापस लौट रहे थे। दूसरी तरफ से सौंधन के ही अंकित तथा बिट्टू एक बाइक से अमरोहा जनपद के ही आदमपुर थाना अंतर्गत ओगारपुर ग्राउंड में दौड़ लगाने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह कोकापुर के नजदीक पहुंचे तो दोनों की बाइक आमने-सामने टकरा गईं। दोनों बाइकों पर सवार पांचों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें शिवकुमार और अंकित के गंभीर चोट आई है। सभी घायलों को संभाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



सम्भल- श्रीकल्कि जयंती महोत्सव पर निकाली भव्य रथयात्रा में शामिल झांकी।

# सुबह सवेरे पुलिस की दस्तक से लोग भौचक्के

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सुबह सवेरे बड़ी संख्या में पुलिस की मौजूदगी से आसपास के लोग हतप्रब्ध रह गए। स्थानीय पुलिस के साथ बाहर की पुलिस को देख लोग अपने घरों में कैद हो गए। चर्चा है कि पुलिस किसी बड़े मामले में पूछताछ के लिए महिलाओं समेत आधा दर्जन से अधिक को अपने साथ ले गयी है। हालांकि स्थानीय पुलिस की ओर से कोई जानकारी होने से इंकार किया है।

मंगलवार की सुबह सवेरे करीब 6 बजकर तीस मिनट पर नगर के मौहल्ला मियां सराय खारी कुंआ के निकट कई वाहनों में सवार पुलिस ने अपनी दस्तक दी। आसपास के लोग नमाज पढ़कर मस्जिद से बाहर निकले तो बड़ी संख्या में पुलिस की मौजूदगी से

**❍तीन महिलाओं समेत पांच पुरुषों को साथ ले जाने की चर्चायें**

भौंचक्क रह गए। बाहरी पुलिस को देख लोग सहम अए और आनन-फानन में अपने-अपने घरों में कैद हो गए। चर्चा है कि पुलिस को किसी बड़े मामले में कुछ लोगों की तलाश था। स्थानीय पुलिस के साथ ही बाहरी पुलिस ने दबिश दी और दो घरों में तलाशी लेकर तीन महिलाओं समेत पांच पुरूषों को अपने साथ ले गयी। हालांकि स्थानीय पुलिस की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन स्थानीय पुलिस के साथ बाहरी पुलिस की छापामार कार्यवाही तथा दो घरों में दबिश देकर महिलाओं को अपने साथ पूछताछ के लिए ले जाना दिन भर चर्चा बना रहा। आसपास के लोगों की माने तो किसी को यह भनक तक नहीं लग सकी कि बाहरी पुलिस को इनकी किस मामले में तलाश थीलेकिन माना जा रहा है कि पूछताछ के लिए महिलाओं सहित साथ ले जाये गए पुरूषों की किसी बड़े मामले में लिप्त होने की सम्भावना है। इसीलिए स्थानीय पुलिस के साथ बाहरी पुलिस ने सुबह सवेरे दस्तक दी।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा में की गई चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 31 जुलाई तक चलेगा एवं दस्तक अभियान 11 जुलाई से प्रारंभ हो चुका है 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। अभियान में झाड़ी कटान को लेकर जानकारी प्राप्त की और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## अवैध रूप से संचालित मिली आधा दर्जन जींस फैक्ट्री

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अवैध रूप से संचालित जींस कारखानों पर सिटी मजिस्ट्रेट ने डीएम द्वारा गठित टीम के साथ छापामारी की। इस दौरान कुल छह फैक्ट्रियों पर कार्रवाई की गई। फैक्ट्री संचालकों के पास कोई रजिस्ट्रेशन नहीं मिला और श्रम विभाग में बिना पंजीकरण के मजदूर काम करते हुए पाए गए।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला नाला में पांच और चंदौसी रोड पर एक फैक्ट्री का संचालन हो रहा था। सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार पुलिस, जीएसटी विभाग और श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ छापामारी के लिए पहुंचे। मौहल्ला नाला में पांच फैक्ट्रियों की जांच की गई। इनमें से चार फैक्ट्रियां बंद थीं और एक का संचालन हो रहा था। स्थानीय महिलाओं का कहना है कि उन्हें महीने में सिर्फ आधा किलो राशन दिया जाता है। जबकि पूरा स्टॉक कालाबाजारी में भेज दिया जाता है। रिक्शा में पूरा राशन भरा हुआ था, जिसे अब पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को शांत कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## श्रीकल्कि के आलौकिक भव्य व दिव्य निकली रथयात्रा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** श्री कल्कि सेना (निष्कलंक दल) के तत्वावधान में श्री कल्कि जी की अलौकिक, भव्य एवं दिव्य रथ यात्रा निकाली गई।
नगर के मौहल्ला कोट पूर्वी स्थित श्री कल्कि विष्णु मंदिर से रथयात्रा का आयोजन हुआ। प्रात:काल से ही भगवान कल्कि के जन्मोत्सव पर मंदिर में विभिन्न प्रकार के आध्यात्मिक व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। भगवान श्री कल्कि का भव्य श्रृंगार किया गया। जिससे उनके सुंदर व अलौकिक स्वरूप के दर्शन हुए। इसके बाद श्री कल्कि भगवान जी के महामंत्र की महापुकार जय कल्कि जय जगतपते, पद्मावती जय रमापते का जाप कर सुंदरकांड एवं श्री कल्कि चालीसा के साथ भगवान श्री कल्कि के कलयुग में अति शीघ्र प्रकट होने का आहवान किया।जबकि भजन सम्राट पदमशरण गोयल, आदि ने भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षक श्री कल्कि जी की भव्य गारूणी रथ रही जिसका पूजन पंचदशाना जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय महासचिव डा. कर्णपुरी महाराज, श्री कल्कि सेना (निष्कलंक दल) के संरक्षकों एवं अतिथियों द्वारा किया गया। तत्पश्चात मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित महेंद्र प्रसाद शर्मा द्वारा रथ में विराजमान श्री कल्कि भगवान एवं मां पदमा जी की आरती की और रथयात्रा का शुभारंभ किया। भव्य गारुणी रथयात्रा श्री कल्कि विष्णु मंदिर से प्रारंभ होकर अपने पूर्व निर्धारित मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। रथयात्रा में इस दौरान आचार्य पंडित शोभित शास्त्री,श्रृषभ श्रीवास्तव, वैभव शर्मा आकाश चौहान, कुशल मदान, उज्ज्वल सक्सेना ,विकास कुमार वर्मा, कृष्ण प्रसाद मिश्र, कुलदीप कुमार गुप्ता, गगन वार्ष्णेय, रामू गुप्ता, अक्षय शर्मा, वैभव शर्मा, राजीव कौशिक, सचिन चौहान, हिमांशु कश्यप, नमन भारद्वाज, नवीन सक्सेना, प्रभु शुक्ला, अर्जुन, मनोज, यश गुप्ता, अनुराग रस्तोगी, शशांक शर्मा, संजू कुमार, संजय गुप्ता पोली, सुषमा गुप्ता, शुभि गुप्ता, सुभाष खन्ना, श्रृषभ श्रीवास्तव, पंडित वैभव शुक्ला, पंडित अवनीश शर्मा, नीलम वार्ष्णेय, सुषमा गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## काला बाज़ारी को जाते पकड़ा गर्भवतियों के मुंह का निवाला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गर्भवती महिलाओं के मुंह का निवाला काला बाज़ारी को ले जाते ग्रामीणों ने रोक लिया। गुस्साय लोगों ने विरोध प्रर्दशन किया।

नगर के निकटवर्ती ग्राम मंडी किशन दास सराय में मंगलवार को सरकारी राशन भरा ई-रिक्शा देखकर लोग भड़क गए। गर्भवती महिलाओं के मुह का निवाला काला बाज़ारी को जाते देख लोगों ने उसे रोक लिया और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुगमा परवीन, नीलम और डा. हर्ष स्वरूप मिलकर बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए आने वाले राशन की कालाबाजारी कर रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डा.ने ई-रिक्शा को रोककर आंगनबाड़ी कार्यकत्री को घर के अंदर बुलाया। उन्होंने पैसों का लेन-देन किया और राशन से भरा रिक्शा छोड़ने को कह दिया। इसी बात पर ग्रामीण भड़क उठे। एक ग्रामीण महिला इंद्रावती ने डा. हर्ष स्वरूप पर 80,000 रुपये की ठगी का आरोप भी लगाया है। उन्होंने बताया कि डा. उनके पैसे डाकघर में जमा करने के नाम पर हर महीने 1000 रुपये लेते थे।

## नाग पंचमी पर नाम व शिवजी की पूजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर के सन्तोषी माता श्रीबाँकेबिहारी मन्दिर में पण्डित श्याम बिहारी ने बताया कि हिंदू धर्म में नाग पंचमी पर्व का विशेष महत्व है। हर साल सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी का त्योहार मनाया जाता है।नाग पंचमी का दिन भगवान शिव व नाग देवता को समर्पित माना गया है। मान्यता है कि इस दिन नाग देवता की पूजा करने से जीवन में सुख-शांति व समृद्धि आती है। हिंदू शास्त्रों के अनुसार, नाग देवता पृथ्वी और पाताल लोक के संरक्षक माने जाते हैं। इस दिन भगवान शिव की कृपा पाने के लिए शिवलिंग का अभिषेक करते हैं। नाग पंचमी के दिन नियमों का पालन करने से पूजा संपूर्ण फलदायी मानी गई है। नाग पंचमी के दिन भगवान शिव और नाग देवता की विधिवत पूजा की जाती है। लोग मिट्टी से नाग देवता बनाकर या प्रतिमा पर दूध, चंदन, दूर्वा व अक्षत आदि अर्पित करते हैं। इस दिन मुख्य द्वार पर गाय के गोबर से सर्प की आकृति बनाई जाती है और उस पर दूर्वा लगाने का विधान है। मान्यता है कि ऐसा करने से घर में सांप प्रवेश नहीं करते हैं। मन्दिर में श्रद्वालुओं ने शिवजी पर दूध चढ़ाया। नाग देवता को भी दूध अर्पित किया। इस दौरान पूजा गोयल, गार्गी गोयल, नीरज शर्मा, चित्र शर्मा, सम्पदा, मीना गुप्ता, हेमलता, काजल आदि रहीं।

## फांसी के फंदे पर झूलकर विवाहिता ने दी जान

शाह टाइम्स संवाददाता

**असमोली।** महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया

**❍मयके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाकर काटा हंगामा**

तथा सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई, साथ ही फॉरेंसिक टीम ने नमूने लिए। जहां पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

असमौली थाना क्षेत्र के अकबरपुर गहरा निवासी महिला नेहा ( 21) पत्नी अमित के ससुराल के लोगों से आए दिन झगड़ा रहता था। जहां ससुराल के लोग दहेज की मांग करते थे। महिला का पति अमित दिल्ली में मजदूरी करता है। मंगलवार दोपहर को महिला ने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि ससुराल के लोग एक बुलेट बाइक के साथ अन्य दहेज की मांग करते थे। साथ ही महिला को प्रताड़ित किया जाता था। महिला ने अपने पति से फोन पर बात करते-करते ही फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। घटना के दौरान महिला के सास ससुर खेत पर थे। सूत्रों की मानें तो महिला का ससुर भी गाली गलौज करता था। महिला की जेठानी ने नेहा को फांसी के फंदे पर लटका देखा तो उसने दरांती से दुपट्टा काट दिया और उसे नीचे उतारा। सूचना पर एंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के हसनगढ़ निवासी मायके वाले भी मौके पर पहुंच गए। महिला के पिता यशपाल ने ससुरालयों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर असमोली थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए तथा फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



असमोली-फांसी के फंदे पर झूलकर मरी विवाहिता के शव के पास जांच करती फोरेंसिक टीम।

## रूद्राक्ष भगवान शिव का प्रतीक

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर गुन्नौर के मौहल्ला जुलेहपुरा के अग्रवाल मार्केट में शिव महापुराण में सिंदूर लगाने की परंपरा का वर्णन किया। वृन्दावन के कथावाचक राजन दीक्षित महाराज ने बताया कि सिंदूर लगाने की परंपरा माता पार्वती से जुडी हुई है। जिन्होंने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के बाद सुहाग के प्रतीक के रूप में अपनी मांग में सिंदूर लगाया था। माता पार्वती ने वर्षों तक भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। जब भगवान शिव ने माता पार्वती को अपनी अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार कर लिया, तो माता पार्वती ने सुहाग के प्रतीक के रूप में अपनी मांग में सिंदूर लगाया। माता पार्वती ने कहा कि सिंदूर लगाने वाली स्त्री के पति को लंबी आयु और सौभाग्य प्राप्त होगा। सिंदूर लगाने की परंपरा की शुरुआत माता पार्वती से हुई, जो आज तक चली आ रही है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव ने स्वयं देवी पार्वती से कहा था कि सिंदूर केवल सौंदर्य का आभूषण नहीं, बल्कि पति के प्रति प्रेम, समर्पण और शुभकामनाओं का प्रतीक है। यह स्त्री की आस्था को शक्ति देता है और पति को दीर्घायु प्रदान करता है। जबकि स्कंद पुराण में माता सीता द्वारा सिंदूर लगाने का भी उल्लेख मिलता है, और हनुमान जी द्वारा अपने पूरे शरीर पर सिंदूर लगाने की कथा भी प्रचलित है, जो भगवान राम के लिए थी। उन्होंने कहा कि शिव पुराण के अनुसार, रुद्राक्ष को भगवान शिव का प्रतीक माना जाता है और इसे धारण करने से शिव जी की कृपा प्राप्त होती है तथा जीवन की समस्याएं कम होती हैं। विभिन्न मुखी रुद्राक्षों के अलग-अलग लाभ बताए गए हैं।

## जनसभा की सफलता को गांव-गांव पहुंचे कार्यकर्ता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भाकियू बीआरएसएस की होने वाली जनसभा सफल बनाने को कार्यकर्ता जुट गए हैं। गांवो में पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने लोगों को पहुंचने को प्रेरित किया।

भाकियू बीआरएसएस की 12 अगस्त को ग्राम चमरौआ में विशाल जनसभा का आयोजन किया जाना है। प्रस्तावित जनसभा की सफलता को लेकर कार्यकर्ता जुट गए हैं। कार्यकर्ताओं ने अल्लीपुर, पनसुखा, असमोली में जन जागरण अभियान चलाया और लोगों को जनसभा में पहुंचने को प्रेरित किया। इस मौके पर कामेन्द्र चौधरी, शिव नारायण सैनी, अनमोल कुमार, हरिनाथ महाराज, बाबा शिव चरण, कमल सिंह, मेहंदी हसन, अमनजीत चौधरी, ध्यान सिंह, महेश सैनी, नबी हसन, अरविंद यादव, संजय कुमार, नरेश सैनी आदि मौजूद रहे।

## नर्मदेश्वर शिवलिंग की हुई प्राण प्रतिष्ठा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर के संतोषी साई मंदिर पर नर्मदेशर शिवलिंग की विधिा विधाान से प्राण प्रतिष्ठा की गई। नाग पंचमी के अवसर पर मन्दिर में नर्मदेश्वर शिवलिंग का मंत्रेच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा की गयी।इस अवसर पर कार्तिक गोयल सात्विक,गर्वित,अरनब, अमरत्त, लक्ष्मीकांत शर्मा, प्रताप, सजल, उमेश वार्ष्णेय, विजय वार्ष्णेय प्रवीण गोयल, डिमल वार्ष्णेय, अनिल गुप्ता, चितवन आदि मौजूद रहे।

## गोशाला में गंदगी मिलने पर आयोग के सदस्य नाराज़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गौशालाओं के निरीक्षण गौ सेवा आयोग सदस्य को गंदगी मिलने पर रोष जताया। आयोग के सदस्य ने सप्ताह भर के अंदर व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मंगलवार को गोसेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल ने गौ आश्रय स्थलो का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी संजय नंद महाराज, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, सम्भल-डा. शैलेन्द्र सिंह, उपमुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी सम्भल-डा. बिरखभान लोधी, पशुचिकित्सा अधिकारी सिरसी-डा. अवधेश कुमार, पशुचिकित्सा अधिकारी, बहजोई डा. प्राची सिंह एवं उपमुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, गुन्नौर- डा. राजेन्द्र सिंह उपस्थिति रहें। भ्रमण के समय विकास खण्ड-सम्भल की नगर पंचायत-सिरसी में 34 गोवंश मौके पर मिले तथा गौशाला में भूसा हरा चारा व चोकर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध मिली। जबकि गोवंशों को पीने के लिए पानी की उचित व्यवस्था पायी गयी। विकास खण्ड-बहजोई की बेहटा जयसिंह गौशाला में गंदगी पायी गयी, जिसको लेकर गौसेवा आयोग के सदस्य ने अत्याधिक रोष व्यक्त करते हुए खण्ड विकास अधिकारी बहजोई को निर्देशित एक सप्ताह के अन्दर गौशाला में खंड़जा व पड़जा को कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विकास खण्ड-गुन्नौर की गौ आश्रय स्थल- रसूरपुर में सभी व्यवस्था ठीक प्रकार पायी गयी। साथ ही शासन द्वारा प्रस्तावित कान्हा गौशाला नगर पंचायत सिरसी व विकास खण्ड- गुन्नौर में बबराला के समीप ग्राम पंचायत बाघऊ का भी भ्रमण किया।

## उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप ने मनाया हरियाली तीजोत्सव

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप व संस्कार भारती के तत्वाधान में हरियाली तीज उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। जिसमें समिति की महिलाओं ने फिल्मी गीतों पर नृत्य करके धूम मचा दी।इसमें ममता राजपूत, नूतन, चौधरी, रश्मि आदि शामिल रहे।





सम्भल-प्रतिष्ठानों पर छापे मारकर बाल श्रमिकों को मुक्त कराकर लाती टीम।

## टीम ने छापे मारकर मुक्त कराये बाल श्रमिक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बाम श्रम रोकने को चलाये जा रहे अभियान में श्रम विभाग की टीम ने प्रतिष्ठानों पर छापमार कार्यवाही की। छापे में दौरान टीम ने कई प्रतिष्ठानों से बाल श्रमिकों को मुक्त कराया और सेवा योजकों को नोटिस जारी किए गए।

बाल श्रम के विरूद्व आम जनमानस में व्यापक जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार करते हुए बाल/किशोर श्रम उन्मूलन को अभियान चलाया गया। श्रम प्रर्वतन अधिकारी मौहम्मद आज़म के नेतृत्व में चलाये गए अभियान में थाना ए.एच.टी.यू. टीम के साथ शहर के विभिन्न चौराहों चौधरी सराय, सरायतरीन, तथा बाजार क्षेत्र में भ्रमण कर बाल श्रम उन्मूलन हेतु जागरूक किया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा सेवायोजकों एवं प्रतिष्ठान स्वामियों को अपने स्तर से स्वयं समाज में बाल श्रम के विरूद्व जागरूक एवं प्रचार प्रसार करने को आश्वस्त किया।जबकि शासन के निर्देशानुसार बाल श्रम पूर्णतः मुक्त किया जा सके। अभियान के अंतर्गत बाल/किशोर श्रम के अंतर्गत कार्यरत पाये गये श्रमिकों को चिन्हित कर उनके कुल 8 सेवायोजकों के विरूद्व नोटिस जारी किया गया। इसके अलावा संबंधित सेवायोजकों को भविष्य में भी बाल श्रम न कराये जाने को भी सचेत किया।अभियान/निरीक्षण के दौरान सत्यविजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना ए.एच.टी.यू, ललित कुमार (प्रवर्तन लिपिक), पुष्पेंद्र कुमार, दीपक कुमार, मौ. शाहजेब अख्तर व अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

## झपटटा मारकर बाइक सवार मोबाइल छीनकर फरार

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** जिले में अपराध बढ़ने लगे है। चोरी की वारदातों के साथ मोबाईल छीनने की घटना को अंजाम दिया जाने लगा है। बाइक सवार दो बदमाश झपटटा मारकर मोबाइल छीन ले गये। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस को दी गई तहरीर में नगर के कल्लू नगला निवासी सुहानी पुत्री सूरजपाल ने कहा है कि वह बाजार से सामान खरीद कर घर लौट रही थी। तभी बाबूराम सिंह इंटर कॉलेज के सामने दो बाइक सवार बदमाश एक साथ उसके पास आकर रुके और उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। मोबाइल के कवर में दो हजार रुपये भी रखे थे। घटना की तहरीर गुन्नौर पुलिस को दी गई है। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## हर्षोल्लास से मना तीजोत्सव

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** महिला समिति के तत्वावधान में हरियाली तीज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। काय्रक्रम में तीज क्वीन का चयन किया गया।
ग्लोरियस स्कूल में आयोजित तीजोत्सव में महिलाओं ने नृत्य प्रतियोगिता, हाऊजी गेम, हरियाली तीज का मुख्य आकर्षण तीज क्वीन का पुरस्कार नैंसी बरनवाल ने जीता,जबकि डांस में मोनिका प्रथम, मिनी रही, हाऊजी गेम मीनू गुप्ता, रिया गुप्ता रही निर्णायक मंडल में दीपाली गोयल एवं पूनम गुप्ता ने भाग लिया समिति के अध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने सभी महिलाओं ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से आपस में प्रेम भाव की भावना उत्पन्न होती है। कार्यक्रम में प्रतिभा गुप्ता, सोनी गुप्ता रितु गुप्ता राजों देवी ममता गुप्ता शिवानी गुप्ता रीना गुप्ता मीनू गुप्ता श्रेया गुप्ता शिवानी गुप्ता प्रियंका गुप्ता, अनामिका गुप्ता, नेहा बंसल, करुणा बंसल आदि महिलाओं ने पर चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से मिनी,मोनिका एवं निधि ने किया।

**❍नैंसी बरनवाल चुनी गईं तीज क्वीन**

## 15 अगस्त को होगा कर्बला के शहीदों का चेहलुम

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन और उनके सज्ञथ कर्बला में शहीदों का चैहलुम 15 अगस्त को मनाया जाएगा। इसी सिलसिले में कस्बे भर के इमाम बारगाहों व निजी अजाखानों में मजलिसे बरपा की जा रही हैं। मजलिसो में कर्बला के शहीदासें को जिन्दा रखने के लिए तारीख की जो अजीम कुर्बानी पेश की उसका जिक्र किया जा रहा है। उलेमाइओं ने कहा क कर्बला के शहीदों का चैहलुम भी मौहर्रम की एक कड़ी है। हजरत इमाम हुसैन ने जालिम यजीद की बैअत से इंकार करते हुए कहा था कि मुढ जैसा यजीद जैसे की बैअत नहीं कर सकता। इसका मतलब है कि इमाम हुसैन ने कयामत तक पैदा होने वाले हर यजीदी सोच रखने वालों की बैटत से हर इन्साफ हक पसन्द इन्सान को बैअत से इन्कार करने की हिदायत दी हैं जिस पर हम सबको अमल करना चाहिए।

## ई-रिक्शा चालक को पीटकर किया लहूलुहान

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** रिक्शा में सवार बनकर बैठक चार लोगो ने ई रिक्शा चालक को पीटकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने दो को दबौच लिया जबकि दो भागने में कामयाब रहे। थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र सिरसी से पोटा बराही को जा रहे रास्ते पर रात लगभग 10:00 बजे से पहले प्रितपाल पुत्र प्रीतम निवासी गांव पोटा ई-रिक्शा लेकर अपने गांव जा रहा था। जैसे ही ई रिक्शा चालक सिरसी से कूछ दूरी पर पहुंच तभी आगे जाकर चार लोगों ने उसे हाथ देकर रोक लिया।ई रिक्शा चालक को पीटकर घायल किया।

## पशु चिकित्सालय बना तालाब

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** कस्बे का पशु चिकित्सालय बारिश के पानी के कारण तालाब बन गया हैं जिससे कर्मचारियों के साथ पशु मालिकों मालिकों को भी भारी परेशानी हो रही है।

गौर तलब है कि कस्बअे को पशु चिकित्सालय का अपना भवन नहीं है। इस कारण किराए के जर्जर भवन में संचालित किया जा रहा है। एक कमरे में भवन के प्रांगण में बरसात का पानी भर जाता है जो एक छोटे तालाब का रूप लेकर पशु चिकित्सालय के कर्मचारियों व पशु लेकर अस्पताल आने वालों के लिए सरदर्द बन जाता है। पानी भर होने के कारण बरसाती कीड़ों के काटने व संक्रमण फैलने का भी डर बना रहता है। यॅ तो कस्बे में सरकारी भूमि सैकड़ों बीघा है। लेकिन विभागीय लापरवाही व स्थानीय नेताओं की अनदेखी के चलते 77 वर्ष से अस्पताल को अपना भवन नहीं मिल सका है। जिसका खमियाज़ा स्टाफ व पशु मालिकों को भुगतना पड रहा है।



सिरसी-पशु चिकित्सालय परिसर में भरा पानी।

# फर्जी गोलीकांड के मास्टर माइंड की गिरफ्तारी नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** एक वर्ष पूर्ण! पुलिस आज तक राशन डीलर फर्जी गोली कांड के मास्टरमाइंड को तलाश नहीं कर पाई। हालांकि पुलिस अधीक्षक द्वारा जयवीर कोरी के गिरफ्तार न होने पर भले ही नाराजगी व्यक्त की गई हो परंतु राशन डीलर प्रेमपाल के मामले में पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं। घटना 27 जुलाई 2024 की है जिसमें सत्तारुढ़ पार्टी के नेता एवं राशन डीलर प्रेमपाल ने एक गरीब विधवा की कृषि योग्य भूमि हड़पने का षडयंत्र रचा। राशन डीलर ने एक नर्सिंग होम के कम्पाउंडरों को लालच देकर कैथल में एक खेत पर स्वयं के शरीर में गोली ट्रांसप्लांट कराई और साथी जयवीर को लेकर सैनिक चौराहा विधवा त्रिवेणी के बेटे दिलीप मौर्य व हेमंत मौर्य व अन्य व्यक्ति श्यामलाल मौर्य का नाम लेकर झूठा अभियोग पंजीकृत करा दिया। पुलिस ने आनन फानन में उक्त तीनों लोगों को उनके घर पर सोते समय गिरफ्तार किया गया और जमकर थर्ड डिग्री का प्रयोग कर जेल भेज दिया जहां 42 दिनों बाद जब पुलिस को अपनी भूल का अहसास होने पर इंस्पेक्टर अतरसिंह द्वारा धारा 169 की कार्यवाही करते हुए जेल से रिहा करवाया गया। फर्जी मामले में पीडिघ्तों पर एससी/एसटी एक्ट भी लगवाया गया था, जिससे मामला और अधिक गंभीर हो गया। इस मामले में पुलिस ने राशन डीलर सहित उसके साथ जयवीर व दो कम्पाउंडरों को अभियुक्त बनाया परंतु प्रेमपाल ने अंतरिम जमानत करा ली जबकि एक वर्ष बाद भी पुलिस जयवीर को गिरफ्तार नहीं कर पाई।

## मानवाधिकार सामाजिक सुरक्षा प्रहरी ने किया जागरुक

**चन्दौसी।** मानवाधिकार सामाजिक सुरक्षा प्रहरी के तत्वावधान में वृक्षारोपण के महत्व पर एक विचार गोष्ठी कैंप कार्यालय घंटाघर पर संपन्न हुई जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर के वरिष्ठ उद्योगपति राकेश अग्रवाल रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजेश सिंह चौहान ने की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजेश सिंह चौहान ने वृक्षारोपण के महत्व को विस्तार से समझाया। बैठक में नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष रवि तोमर, जिला उपाध्यक्ष सचिन प्रताप सिंह राघव, जिला महासचिव नवनीत कुमार सिंह एवं बिसौली तहसील के अध्यक्ष श्याम देव आचार्य को वृक्ष भेंट करके सम्मानित किया गया।

बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य विनय कुमार, संरक्षक योगेंद्र मोहन शास्त्री, रमेशचंद्र आर्य, संजय गुप्ता, लीगल एडवाइजर मुकेश अग्रवाल, नगराध्यक्ष सुभाषचंद्र भोलेनाथ, जिला प्रभारी नरेश राघव, रईस कुरैशी, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर, अरविंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

# तीन तलाक देने और मारपीट करने के आरोप में एसएसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**कांठ।** थाना छजलेट के गांव बीबीपुर निवासी सवाना पुत्री सफीक की शादी पिछले साल रियाज पुत्र हमीद निवासी सलावा खेड़ा के साथ हुई थी आरोप है कि ससुराल वाले पति रियाज बबलू बल्लू चांद बाबू आदि ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी जिस संबंध में उसने थाने में जाकर मुकदमा दर्ज कराया इस बात से ससुराल वाले नाराज हो गए और आए दिन उसके साथ मारपीट का दौर शुरू हो गया। पीड़िता आपने मायके में आकर रहने लगी आरो प है कि रियाज चांद बाबू सबलू बबलू कमर जहां सानिया ताजिया ने उसके मायके में जाकर उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। शोर मचाया तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गए तब पति रियाज ने एक बार में ही उसे तीन तलाक दे दिया और जाते वक्त धमकी देकर गए कि किसी को इस बारे में बताया तो तुझे और तेरे परिवार को जान से मार देंगे। पीड़िता थाने पहुंची लेकिन वहां पर उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई बाद में उसने एसएसपी के यहां जाकर न्याय की गुहार लगाई।

एसएसपी के आदेश से पुलिस ने रियाज चांद बाबू आदि के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## हत्या के प्रयास में दोषी को आजीवन कारावास

**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय द्वारा अपराधियों पर सजा का चाबुक चलाया जा रहा है। यहां बताते चलें कि जून जुलाई माह से विद्वान न्यायाधीशों द्वारा बहुत तेजी से आपराधिक वादों की सुनवाई तेजी से की जा रही है। मामले में साक्ष्य प्रमाणित हो जाएं तो उन्हें दोष सिद्ध करके सीधे जयहिंद कारागार मुरादाबाद भेज दिया जाता है। साथ ही महिला संबंधी अपराधों में भी एडीजे अवधेश कुमार सिंह का कड़ा रुख है। मंगलवार को मु0अ0सं0 69/2014 धारा 307 में जनपद न्यायालय ने फैसला सुनाया जिसमें मोहल्ला हनुमानगढ़ी चन्दौसी निवासी हिमांशु शर्मा पुत्र दिनेश शर्मा को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व 15 हजार रु. के अर्थदंड से दंडित किया गया। सजा कराने में गवाहों, पैरोकार एवं डीजीसी कोर्ट का सहयोग रहा। बता दें कि घटना 20 फरवरी 2014 को वादी के भाई सोनू पुत्र छदम्मी लाल नि0 नई बस्ती हनुमानगढ़ी को घर से बुलाकर ले जाकर जान से मारने की नियत से गर्दन एवं अन्य जगहों पर प्रहार कर घायल कर दिया।

## एक नजर

### एसडीएम ने किया सुगम्य पुस्तकालय का निरीक्षण



**कांठ।** एसडीएम संत दास पवार ने सुगम्य पुस्तकालय का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान 6 बच्चे उपस्थित मिलेस उन्होंने स्पेशल ब्लॉक एजुकेटरों को निर्देशित किया कि आसपास के विद्यालयों में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों को भी पुस्तकालय में अध्ययन कराया जाए एवं ऐसे बच्चों का चिन्हांकन कर नामांकन वृद्धि की जाए। बतादे कि यह विद्यालय मंडल आयुक्त के निर्देश पर खोला गया है, लेकिन दिव्यांग बच्चे यहां जुड़ नहीं रहे हैंश उनके आने जाने की कोई व्यवस्था सरकारी स्तर पर नहीं हैस निरीक्षण के बाद एसडीएम ने बताया की नामांकन बढ़ाने के लिए बच्चों के अभिभावकों से पुस्तकालय के शिक्षक मिलेंगेस दिव्यांग बच्चों को घर से लाने और पहुंचने की व्यवस्था पर भी विचार विमर्श किया गयास इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार आदि उपस्थित रहे।

### मारपीट में मां–बेटे घायल, चार पर केस दर्ज

**भोजपुर।** गांव जैतपुर में मकान का निर्माण करने पर पड़ोसियों ने मां बेटे को मारपीट कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में गांव जैतपुर निवासी अर्चना पत्नी प्रदीप सिंह ने बताया है कि गांव में मकान का निर्माण चल रहा है। सोमवार को पड़ोसन संता अपने बेटों ऋग्वेद, निरंजन और चाहत को लेकर आयी और निर्माण कर रहे मजदूरों के साथ गाली गलौज कर भगाने लगी। मैं और मेरे बेटे ध्रुव ने विरोध किया तो आरोपियों ने दोनों को मारपीट कर घायल कर दिया।घ्आरोपी मकान बनाने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए।घ पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर घायल मां–बेटे को डाक्टरी के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

### जुआ खेलते तीन को पकड़ा, चालान

**भोजपुर।** सोमवार की रात को हेड कांस्टेबल अजेंन्द्र तौमर, योगेश कुमार, कांस्टेबल लखविंदर,कपिल एवं अमजद ने गस्त के दौरान मोहल्ला धर्मपुर आंगा में सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट में जुआ खेल रहे मोहल्ला झादेवाला निवासी शौकीन,नसीम और शमसाद को जुआ खेलते रंगे हाथों हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 480रु की नकदी एवं तास के पत्तों की गड्डी बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

### रामगंगा पुल पर पड़ा गड्ढा ना बन जाए किसी हादसे का सबब



**कांठ।** करनपुर मार्ग स्थित रामगंगा पुल पर बना गड्ढा कहीं किसी हादसे का सबब ना बन जाए इसकी आशंका लोगों को सता रही है। आसपास के लोगों ने पुल पर पड़े गड्ढे की मरम्मत कराए जाने की मांग उठाई है। बतादे की करनपुर मार्ग पर स्थित रामगंगा नदी के पुल पर बड़ी संख्या में वाहन रात दिन गुजरते रहते हैं। इस मार्ग पर अब हरियाणा से नैनीताल जाने वालों का काफी आवागमन रहता है लेकिन इस पुल पर पड़े गड्ढे में लगी सरिया दिखाई देने लगी है मगर संबंधित विभाग का ध्यान इस और बिल्कुल नहीं है रात में यह उखड़ रही सरिया किसी वाहन से टकराकर किसी बड़ी घटना को अंजाम भी दे सकती हैं। अभी कुछ माह पहले इस पुल पर पड़े गढ़ों की मरम्मत नगर पंचायत उमरी कला के अध्यक्ष हाजी उस्मान अली के पुत्र द्वारा कराई गई थी। जिससे लोगों का कांठ से ठाकुरद्वारा काशीपुर आने जाने का सफर सुगम हो गया था मगर अब इसकी हालत पहले से भी ज्यादा खराब हो चुकी है क्षेत्र के लोगों ने इस पुल पर पड़े गड्ढे की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

### लाडलाबाद मंदिर से जनरेटर की बैटरी और लोटे चोरी, माल बरामद कर चोरों को किया पुलिस के हवाले

**कांठ।** लाडलाबाद मंदिर से जनरेटर की बैटरी और सात लोटे चोरी हो गए कमेटी के लोगों ने सीसीटीवी की मदद से निकट के गांव जाकर चोरों को पकड़ लिया और माल बरामद करके पुलिस के हवाले कर दिया। घटना सोमवार शाम करीब 5:00 बजे की है मंदिर परिसर में अध्यक्ष महावीर सिंह प्रबंधक रामपाल सिंह जयपाल सिंह तथा महंत बिरजानंद महाराज बैठक कर रहे थे बैठक उपरांत जब बाहर आए तो देखा कि जनरेटर के लिए लगी हुई बैटरी और वहीं पर जल चढ़ाने के लिए रखे सात लौटे गायब थे। सीसी टीवी चेक किया तो दो लोग लौटा और बैट्री चुरा कर ले जाते हुए दिखाई दिए। सभी ने मिलकर चोरों की तलाश शुरू कर दी बताया गया कि सिरसा गांव के बाहर एक ट्यूवेल पर दो युवक बैठे मिले जिन्हें पहचान लिया गया। दोनों के पास से माल भी बरामद कर लिया गया। पूछताछ में चोरों ने अपना नाम भोलू पुत्र राम भरोसे निवासी मोहल्ला घोसीपुरा जोशियां वाली पुलिया तथा दूसरे ने अपना नाम अमित पुत्र लोकेश निवासी मोहल्ला पट्टी मोडा कांठ बताया कमेटी के पदाधिकारी ने दोनों चोरों को पुलिस के हवाले कर दिया और कार्रवाई के लिए तहरीर दी पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ लघु फिल्म प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान

■ **बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास के द्वारा हुआ गरिमामय समारोह**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित लघु फिल्म प्रतियोगिता ख्र 2025 के पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन मंगलवार सायंकाल बुद्धि विहार स्थित प्रधान कार्यालय में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक बृजमोहन रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता आरएसएस के विभाग संघचालक सुरेंद्र पाल सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विशेष गुप्ता, तथा आरएसएस के प्रांत प्रौढ़ कार्य प्रमुख श्री ओम प्रकाश शास्त्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मुरादाबाद निवासी बरखा रानी को घ11,000 की धनराशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। द्वितीय पुरस्कार कुमारी आकांक्षा जैन को घ5,100 एवं तृतीय पुरस्कार महाराष्ट्र पुणे निवासी तनुष दौंडकर को घ2,100 की राशि का चेक प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त सांत्वना पुरस्कार दिल्ली निवासी प्रियंका श्रीवास्तव एवं सम्भल के प्रियंक राज अग्रवाल को 1100 रुपए प्रत्येक की धनराशि का चेक एवं सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि आरएसएस के विभाग प्रचारक बृजमोहन ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में एकात्मकता स्त्रोत की पंक्ति प्रकृति पंच भूतानि:, ग्रहा: लोका स्वरास्तथा:ष बोलते हुए कहा कि प्रकृति, पंचमहाभूत (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश), ग्रह, समस्त लोक और देवगण ख्र ये सभी ब्रह्मांडीय संतुलन के स्तंभ हैं। इन पंचमहाभूतों की रचना मानव के वश में नहीं है, इसलिए इनका संरक्षण हमारा नैतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जब हम पर्यावरण की रक्षा करते हैं, तब हम केवल वृक्षों या जल की नहीं, अपितु सम्पूर्ण सृष्टि–संरचना की रक्षा करते हैं। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं, अपितु प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। बीएमबीएल जैन सेवा न्यास द्वारा पूरे देश में पर्यावरण जागरूकता, वृक्षारोपण और जल संरक्षण जैसे अभियानों को निरंतर चलाया जा रहा है। उन्होंने विजेताओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि आज पर्यावरण एक प्रमुख विषय बन चुका है। युवा पीढ़ी का इसमें संलग्न होना एक शुभ संकेत है। विशिष्ट अतिथि डॉ. विशेष गुप्ता ने कहा कि आज की पीढ़ी अपने तकनीकी ज्ञान और रचनात्मकता से सामाजिक संदेश देने में सक्षम है, यह प्रतियोगिता इसका प्रमाण है। न्यास अध्यक्ष डॉ. पवन जैन ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा न्यास सदैव ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देता रहेगा जो समाज के जागरण और संवेदनशीलता को विकसित करें। कार्यक्रम के दौरान न्यास के सचिव नमन जैन ने न्यास की गतिविधियों और सामाजिक योगदान का उल्लेख करते हुए बताया कि संस्था विगत वर्षों से शिक्षा, स्वास्थ्य, गौ–संरक्षण, संस्कृति संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत है। उन्होंने कहा कि लघु फिल्म प्रतियोगिता जैसे आयोजनों का उद्देश्य युवा पीढ़ी में रचनात्मकता के साथ–साथ सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को जागृत करना है। इस अवसर पर नमन जैन, अमन जैन, राशि जैन, समीर जैन, शिखा जैन, आकर्ष जैन, चंचल चौजर, दीक्षांत चौधरी, वीना जैन, सुषमा जैन, विजय जैन, प्रिया जैन, अलका जैन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संभव जैन ने किया।



# डिंपल यादव का अपमान नहीं सहेगा नारी समाज: शीरी गुल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंगलवार को समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष शीरी गुल के नेतृत्व मे महिलाओं का एक प्रतिनिधि मंडल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा वहाँ उन्होंने मैनपुरी सांसद श्रीमती डिम्पल यादव पर मौलाना साजिद रशीदी द्वारा की गई अशोभनीय टिप्पणी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिया। इस अवसर जिला शीरी गुल ने कहा समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं मैनपुरी की सांसद श्रीमती डिम्पल यादव ने सदैव महिला सशक्तिकरण, गरिमा और सम्मान की आवाज बुलन्द की उनके विरुद्ध मौलाना साजिद रशीदी द्वारा हाल ही में एक सार्वजनिक मंच पर एक अशोभनीय टिप्पणी की गई है। यह टिप्पणी न केवल एक सम्मानित महिला सांसद का अपमान है बल्कि समस्त महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने बाली भी है यह टिप्पणी महिलाओं के प्रति दुर्भावना और असम्मान फैलाने की नीयत से की गई है जो की भारतीय संविधान, महिला सम्मान और विधि व्यवस्था का खुला उल्लंघन है। अत: समाजवादी महिला सभा मौलाना साजिद रशीदी के विरुद्ध तत्काल प्राथमिकी ध्८त दर्ज करने की मांग करती है और उनकी कड़ी कार्यवाही कर जल्दी ही गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाये ताकि समाज में यह सन्देश जाये की महिलाओं के सम्मान के साथ खिलावड़ करने बालों को बख्शा नहीं जायेगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के प्रतिनिधि सी. ओ. कटघर से आशा जताई की आप महिला सम्मान और लोकातांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए त्वरित कार्यवाही करेंगे। इस अवसर पर समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष शीरी गुल प्रदेश सचिव फाखरा लाइक, शशि गुप्ता, सायरा बानो, तलत, डॉ सलमा, शमशा, जिला प्रवक्ता धर्मेन्द्र यादव मोनिका यादव रेशमा परवीन राजेश्वरी यादव आदि मौजूद थीं।



# भाजपाइयों ने सीओ से किया पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने का आग्रह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** तहसील के ग्रामों में चोरी की अफवाह के फैलने के बारे में पुलिस क्षेत्राधिकारी बिलारी से भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में फैल रही है इस अफवाहों को दूर करने के लिए प्रभावी रूप से पुलिस पेट्रोलिंग कराई जाए।

मंगलवार को कोई वार्ता में बताया कि बस स्टैंड से महाराणा प्रताप तक वाहनों को खड़ा किया जाता है। जिससे वहां पर जाम की स्थिति बढ़ जाती है, साथ ही यह भी बताया की पूर्व में गांधी मूर्ति के पास ट्रक द्वारा सावन माह में एक एक्सीडेंट हो गया था जिससे एक व व्यक्ति की मृत्यु भी हो गई थी। शहर में चलने वाले वाहनों की गति बहुत तेज है।

जिसको लेकर वाहनों की गति को धीमी के लिए सांकेतिक बोर्ड को लगवाया जाए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा उदयराज सिंह, जिला संयोजक आदित्य शंखधार, संजय यादव, दयाराम मौर्य, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, अतुल शर्मा एडवोकेट आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संदिग्ध युवक को पड़कर किया पुलिस के हवाले

## ग्रामीणों ने स्मैक का धंधा करने वालों के नाम दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** कब्रिस्तान के पास संदिग्ध लग रहे युवको को ग्रामीणों ने पकड़ लिया जिसमें दो युवक तो भागने में कामयाब हो गए लेकिन एक को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

ग्रामीणों ने स्मेक का धंधा करने वालों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बतादें कि आशापुर कॉलोनी में चल रहा स्मेक का कारोबार अब लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। स्मेक का इस्तेमाल करने वाले और यहां से खरीद कर बाहर बेचने वाले लोगों का जमावबाड़ा कॉलोनी के आसपास लगा रहता है जिससे दुम्हेला पहाड़मऊ मिलक हबा नगली गांव से आने जाने वाली स्कूल की छात्राओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने अब लड़कियों को स्कूल भेजने के लिए किसी न किसी को साथ भेजना शुरू किया है बताया गया कि आज स्कूल की कुछ लड़कियां अपने घर को आ रही थी।

उनके परिजन भी पहले से ही रास्ते के आसपास नशेड़ियों के इंतजार में बैठे थे जैसे ही लड़कियां गूदड़ खां के पास पहुंची तीन युवक संदिग्ध खड़े मिले ग्रामीणों ने दौड़कर उन्हें पकड़ लिया लेकिन दो मौके से फरार हो गए एक ग्रामीणों के हाथ लग गया जिसने अपना नाम सहसपुर निवासी फिरोज बताया ग्रामीण युवक को पड़कर थाने ले आए और स्मेक का धंधा करने वालों के खिलाफ तहरीर दी। ग्रामीणों का कहना था कि बाहर से आने वाले लोग छात्राओं की साइकिल छीनने की कोशिश करते हैं और कभी–कभी बाइक सवार लोगों को रोक कर उनकी बाइक भी छीनने का प्रयास करते रहे हैं। इनके द्वारा अश्लील शब्दों का प्रयोग होता है और आसपास के गांव के लोगों के लिए यह मार्ग अब खतरनाक बन चुका है उन्होंने आशापुर कॉलोनी निवासी रोनी अरुण कमल पूजा बबीता और शंकर पर स्मेक का व्यापार करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर पूर्व प्रधान राजीव कुमार बृजेश कुमार अनु बिश्नोई दिव्यांशु बिश्नोई सुधीर कुमार दीपक कुमार सतपाल सिंह जितेंद्र सिंह शालू कुमार जागेंद्र सिंह कामराज सिंह शर्मा जी रवि पाल सिंह विपिन कुमार विनोद शर्मा सत्यवीर सिंह लविश चौधरी राहुल कुमार जयपाल सिंह महेंद्र सिंह लोकेश सिंह मिथुन कुमार पुष्पेंद्र सिंह ओमराज सिंह रामवीर सिंह आदि दो दर्जन से अधिक लोग मौजूद रहे।



## यूपी ग्रामीण बैंक एवं 9.70 लाख रुपये लेने वालों के बीच फैसले की सहमति के आसार

**चन्दौसी।** यूपी ग्रामीण बैंक की एक लापरवाही ने बैंक और लाभार्थी दोनों को मुश्किल में डाल दिया। लगभग 9.70 लाख रुपये की रकम खाते में ट्रांसफर हो गई जिसे लेकर अब बैंक और लाभार्थी के बीच सैटलमेंट की संभावनाएं बन रही हैं। बता दें कि सिद्धार्थ द्वारा प्रमोद कुमार गुप्ता को एक चेक दिया गया जो बाद में बाउंस हो गया लेकिन बैंककर्मी की लापरवाही के चलते उक्त राशि प्रमोद कुमार के खाते में ट्रांसफर कर दी गई, जबकि सिद्धार्थ के खाते में उतनी रकम थी ही नहीं। लगभग पांच दिनों के बाद बैंक को यह त्रुटि समझ में आई लेकिन तब तक राशि प्रमोद के खाते में स्थानांतरित हो चुकी थी और उसका उपयोग भी हो चुका था। प्रमोद ने पंजाब नेशनल बैंक के खाता संख्या 2867009300015872 में राशि डालकर 24 फरवरी 2022 से चल रहे लोन का नो ड्यूज सर्टिफिकेट प्राप्त कर लिया। जब बैंक को असली स्थिति का आभास हुआ तो 26 जुलाई 2025 को बीएनएस की धारा 318(4) और 352 के तहत रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। इस रिपोर्ट में प्रमोद कुमार के अलावा उनके बेटे और बेटी के नाम भी शामिल कर दिए गए, जबकि बेटी का कहना है कि वह कभी यूपी ग्रामीण बैंक गई ही नहीं। मामले में बैंक की ओर से मानवीय भूल की बात स्वीकार की जा रही है और प्रमोद कुमार भी राशि लौटाने को तैयार हैं। जबकि शेष चार लाख सत्तर हजार रुपये के लिए समय अथवा ऋण की व्यवस्था करने की बात कही है। दोनों पक्षों की भूमिका को देखते हुए फिलहाल मध्यस्थता के जरिये समाधान की ओर प्रयास जारी हैं। बैंक प्रबंधन मामले को कानूनी विवाद में उलझाने के बजाय आपसी सहमति से सुलझाने की कोशिश कर रहा है। बैंकिंग जानकारों का मानना है कि इस प्रकार की मानवीय चूकें अत्यंत गंभीर होती हैं और इनमें बैंक को भी पूरी जिम्मेदारी के साथ पारदर्शिता बरतनी चाहिए।

# मीनाक्षी पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड में टिमिट के छात्र का इंटर्नशिप के लिए चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मीनाक्षी पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड ने अपने इंटर्नशिप प्रोग्राम के अंतर्गत ऑफ कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव में इंटरव्यूज की चयन प्रक्रिया के पश्चात टिमिट के बीबीए(2025–26 बैच) के विकास कुमार को एचआर इंटर्न की पोस्ट पर ज्वाइनिंग प्रदान की है। टिमिट मैनेजमेंट के छात्रों के लिए इस क्षेत्र की कार्यप्रणाली को व्यवहारिक रूप से सीखने का सर्वोत्तम अवसर प्रदान किया है। इस अवसर पर टिमिट के प्रो. विपिन जैन डीन–फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि वैश्विक स्तर की दिग्गज कंपनियों में कार्यप्रणाली सीखते हुए अपने सपनों को प्राप्त करना ही व्यवसायिक एमबीए, बीबीए व बी.कॉम कोर्स का उद्देश्य होता है। टिमिट अपने सभी विद्यार्थियों को टीएमयू की परंपरा के अनुरूप रोजगार परक ज्ञान, सम्यक चरित्र व सम्यक दर्शन देने को कटिवद्ध है विद्यार्थियों को उभरते हुए बाजार में हर उपलब्ध अवसर का भरपूर लाभ उठाना चाहिये और पूरी लगन व मेहनत से अपने सपनों को साकार करना चाहिये। इस अवसर पर टिमिट कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के असि0 डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और टीएमयू कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने कम्पनी के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया व चयनित विद्यार्थी के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई दी व कहा कि टिमिट में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य को संवारने के लिए प्लेसमेंट सेल लगातार नामचीनी कंपनियों की प्लेसमेंट ड्राइव व इंटर्नशिप ड्राइव आयोजित करता रहेगा।



विकास कुमार

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र विनोद व पुत्रवधू श्रीमती राजवती को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में विनोद व राजवती के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगे। मुरारी लाल पुत्र रामस्वरूप व श्रीमती प्रेमवती पत्नी मुरारी लाल निवासीगण गुलाबबाड़ी गत्ता फैक्ट्री के पीछे थाना कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 256472363 में मेरा नाम SUNNY SHARMA दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा नाम **SHANI SHARMA** दर्ज है, जो की सही है यह की **SUNNY SHARMA** एवं **SHANI SHARMA** दोनों ही मेरे नाम है। **शनी शर्मा पुत्र प्रहलाद शर्मा निवासी दोराहे की मढ़ैया, बुद्धि विहार, जिला मुरादाबाद।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बेगमपुर**
**विकास खण्ड–छजलैट ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक मीमो/ग्राम निधि–मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2025–26 दिनांक: 29.07.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बेगमपुर विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त–मनरेगा/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार सामाग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 05.08.2025 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 05.08.2025 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद का नाम | अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जितेन्द्र के घर से जयपाल सिंह के घर तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | – | 367758/– | 7360/– | 200/– | 3 माह |

**शर्तें–**
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत बेगमपुर**
**विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद**

# बरसात से गिरा गरीब का आशियाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंददरकी/मैनाठेर।** थाना क्षेत्र के गांव में सुबह से लगातार हो रही बरसात में शाम करीब चार बजे मैनाठेर निवासी सलीम के कच्चे मकान की छत भराभर के नीचे आ गिरी। गनीमत यह रही कि बच्चों घर में से भाग निकले घर में आराम कर रही पत्नी आसमा ने बताया वह एक टांग से विकलांग है। वहे उस समय कमरे में आराम कर रही थी। वहे उनके थोड़ी बहुत चोट लग गई है। मलबे में दबने से मजदूर का सामान क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद ग्रामीण भी मौके पर जा पहुंचे और मलबे से सामान निक.ालने लगे। वही सलीम ने बताया कि एक साल पहले उनको मुख्यमंत्री आवास आवंटित हो चुका है लेकिन अभी तक उसका पैसा नही आया है। अधिकारी कुछ बताने को तैयार नही है। मंगलवार को हुई बारिश से मैनाठेर निवासी सलीम मजदूर के लिए गया था। और घर पर अपनी पत्नी व बच्चों के साथ रहता है। मंगलवार की सुबह से ही हो रही। तेज बरसात होने से घर पर पत्नी और बालक बच्चे वह अपने परिवार के साथ मकान के एक कोने बैठे हुआ था। बारिश होने के दौरान उनके कच्चे मकान की छत तेज आवाज के साथ भरभरा कर नीचे आ गिरी अपनी आंखों के सामने का नजारा देख परिवार घबरा गया। कुछ ही देर में आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। छत के मलबे में दबे सामान को निकालने में लगे और बच्चों ने घटना के बारे में अपने पिताजी को बताया। वह सलीम ने बताया की वहे ठेले पर फल फ्रूट लेकर बेचने गया था। बच्चों की चीज पवार सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े। सलीम ने बताया कि मलबे में दबने से बीबी को थोड़ी चोट आई है। और घर में पड़ रहे दो बच्चे बाल बाल बच गए। और घर में पड़े चारपाई, कपड़े, अनाज, बर्तन व अन्य सामान खराब व क्षतिग्रस्त हो गए। उसने बताया की 1 साल पूर्व उसको मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास आवंटित हो चुका है लिस्ट में उसका नाम भी है लेकिन अभी तक आवास बनाने के लिए उसके खाते में कोई पैसा नहीं आया है कई बार अधिकारियों के चक्कर लगाने के बावजूद भी उसको कोई उचित जवाब नहीं मिल पाता है बुधवार को हुई बारिश से उसके कच्चे मकान की छत गिर गई । अब सलीम और बीबी बच्चों के लिए सर छुपाने के लिए छत भी नही बची है।



# नगर व देहात क्षेत्र में चोरों का आतंक जारी, रातों की नींद उड़ी

■ वार्ड नंबर 17 में सेंधमारी लाखों की चोरी पुलिस की लापरवाही पर जनता में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में अज्ञात चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बीते दो हफ्तों से नगरवासी व ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीण रातभर जागकर अपने मोहल्लों और गांव की गलियों की निगरानी करने को मजबूर हैं। ताजा मामला वार्ड नंबर 17 का है, जहां सोमवार रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए हजारों की नकदी और लाखों के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित इस्लाम पुत्र फिदा हुसैन ने बताया कि चोर रात के अंधेरे में घर में घुसे और अलमारी से सवा तीन तोला सोने के गहने, 20 तोला चांदी और करीब 8 हजार रुपये की नकदी चुराकर फरार हो गए। घटना के बाद परिवार सहमा हुआ है। इस्लाम ने कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## चोरों के हौसले बुलंद, पुलिस के हाथ खाली

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र भर में चोरी की वारदातों ने आम जनता के साथ-साथ प्रशासन को भी चिंता में डाल दिया है। ठाकुरद्वारा सीओ सर्किल क्षेत्र में बीते तीन दिनों में चोरी और लूट की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसके बावजूद भी पुलिस अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। चोरों की बेखौफ हरकतों ने लोगों में दहशत है।

## रातभर जागकर कर रहे निगरानी, दिन में थके-हारे

**ठाकुरद्वारा।** नगर और देहात क्षेत्रों में लोग अब खुद ही पहरेदारी करने लगे हैं। कई मोहल्लों में स्थानीय लोग टोर्च, लाठी और डंडों के साथ रातभर गश्त कर रहे हैं। लोगों का कहना है इससे बच्चों की पढ़ाई नही हो पा रही है और गृहस्थी के लिए बचत किए रूपये व घर में रखे जेवरातों को चोर ले जा रहे है। पुलिस पर लापरवाही के आरोप सूत्रों की मानें तो हाल ही में कुछ स्थानों पर स्थानीय लोगों ने संदिग्धों को पकड़कर पुलिस को सौंपा भी था। लेकिन पुलिस ने उन्हें या तो मंदबुद्धि बता दिया या अन्य बहाने बनाकर बिना केस दर्ज किए छोड़ दिया। इससे चोरों के हौसले और अधिक बढ़ गए हैं। जनता अब कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रही है। अब बड़ा सवाल यही है कि क्या कोतवाली पुलिस इन अज्ञात चोरों की गिरफ्तारी कर पाएगी? क्या ठाकुरद्वारा की जनता को राहत मिलेगी या यह खौफ यूं ही बना रहेगा।

# भक्ति, आस्था और समर्पण से भरी एक अद्भुत आध्यात्मिक यात्रा सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के सीता रोड स्थित मूंछों वाले भोलेनाथ मंदिर से 20 जुलाई को 22 श्रद्धालुओं का एक दल भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ अमरनाथ, वैष्णो देवी और अन्य पावन स्थलों की ओर रवाना हुआ। यह यात्रा केवल एक तीर्थयात्रा नहीं रही, बल्कि आत्मा को झकझोर देने वाली एक गहन आध्यात्मिक साधना बन गई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने बर्फीली वादियों, ऊँचे पहाड़ों और माँ वैष्णो देवी के दरबार तक पहुँचकर दर्शन किए। हर पड़ाव पर बम बम भोले की गूंज सुनाई दी, जो इस यात्रा को भक्ति, एकता और दिव्यता का जीवंत संगम बना गई। श्रद्धालुओं के अनुसार, प्रत्येक दिन एक नई ऊर्जा के साथ प्रारंभ होता था। हर पड़ाव पर भक्ति का नया अनुभव मिलता और हर दर्शन उनके अंतर्मन को शांति व आनंद से भर देता। यह यात्रा तन से थकाऊ अवश्य थी, लेकिन मन और आत्मा को अद्वितीय ऊर्जा से भर देने वाली सिद्ध हुई। पूरे 10 दिनों तक चले इस दिव्य सफर ने 29 जुलाई को पूर्णता प्राप्त की, जब सभी श्रद्धालु उसी पावन स्थल सीतारोड स्थित मूंछो वाले भोलेनाथ मंदिर वापिस लौटे, जहाँ से उन्होंने यह आध्यात्मिक यात्रा आरंभ की थी। श्रद्धालुओं का मानना है कि यह यात्रा केवल शरीर की नहीं थी, बल्कि आत्मा की एक खोज थी। यह एक ऐसा अनुभव बन गया, जो जीवनभर उनकी स्मृतियों में संचित रहेगा। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं में प्रमुख रूप से अर्पित चंद्रा, मयंक वार्ष्णेय, अभय शर्मा, मोहित वार्ष्णेय, लक्की चंद्र, जैकी, आकाश, अंकित चौहान, कुश वार्ष्णेय, आदि शामिल रहे। श्रद्धालु दल ने यह भी साझा किया कि इस यात्रा ने उन्हें न केवल धार्मिक रूप से प्रगाढ़ किया, बल्कि परस्पर प्रेम, सहयोग और मानवीय एकता का भी अनुपम अनुभव कराया।



## एक नजर

### ऑनलाइन शिकायतों के लिए अब एसडीओ से एमडी तक होंगे जिम्मेदार

**कांठ।** बिजली विभाग 1912 पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण के लिए नई रणनीति अपनाने जा रहा है। शिकायतों के निस्तारण के लिए अब उपकेंद्र प्रभारी (एसडीओ) से लेकर प्रबंध निदेशक (एमडी) तक जिम्मेदार होंगे। इसके लिए सॉफ्टवेयर में कई बदलाव किए गए हैं। जल्द ही इसे लागू करने की तैयारी चल रही है।बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के निस्तारण के लिए टोल फ्री नंबर 1912 है। उपभोक्ताओं की शिकायत रहती है कि टोल फ्री नंबर पर बात नहीं होती है। कई बार कॉल करने पर फोन उठा भी तो बिना पूरी बात सुने कट जाता है। कई बार कॉल करने पर शिकायत दर्ज भी हो गई तो दूर नहीं की जाती है। कभी-कभी बिना शिकायत दूर किए ही उसके निस्तारित होने का संदेश भेज दिया जाता है। ऐसे में ऊर्जा विभाग ने 1912 का नया मॉडल विकसित किया है। इसमें कई तरह के बदलाव किए गए हैं। अत्याधुनिक तकनीकी का प्रयोग किया गया है। सर्वर से लेकर उपभोक्ताओं की शिकायतों के निस्तारण के लिए चरणवार जिम्मेदारी तय की गई है।

### सफीलपुर में स्थित राजकीय हाईस्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन




**बिलारी।** क्षेत्र के ग्राम सफीलपुर में स्थित राजकीय हाई स्कूल में आज विद्यालय में श्रावण मास में तीज पर्व के उपलक्ष में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कक्षा नवी एवं दसवीं की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में रचनात्मकता और मेहंदी लगाने की कला का विकास हो सके साथ ही प्रतिस्पर्धा के महत्व को समझ सकें। छात्राओं ने अपनी अपनी हथेलियां पर बहुत ही आकर्षित डिजाइन बनाएं। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा नवीं की छात्रा आरुषि का रहा, दूसरा स्थान कक्षा नवीं की छात्रा सपना का रहा और तीसरा स्थान कक्षा दसवीं की छात्रा खुशबू का रहा एवं सांत्वना पुरस्कार कक्षा नवीं की छात्रा समरीन का रहा। अंत में विद्यालय के समस्त स्टाफ ने प्रतिभागी छात्राओं को बधाई दी।

### महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट चार खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** घर के दरवाजे पर खड़ी महिला के साथ गाली गलौज व घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सबलपुर निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह अपने घर के दरवाजे पर खड़ी थी। इसी दौरान गांव के ही निवासी प्रदीप पुत्र वीरपाल, नीशू कुमार पुत्र कुंवर पाल, पुष्पेंद्र कुमार पुत्र राजपाल, और केशव कुमार पुत्र श्रीराम, गाली-गलौज करते हुए उसके घर की ओर बढ़े। डर के मारे वह अंदर चली गई, लेकिन आरोप है कि चारों युवक उसके घर में घुस आए और उसे लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया।

महिला के शोर मचाने पर राजपाल पुत्र श्योनाथ सिंह मौके पर पहुंचे, जिनके आने पर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने बताया कि अगले ही दिन 20 जुलाई की सुबह आरोपियों ने फिर उसके साथ मारपीट की और धमकी दी कि अगर किसी से शिकायत की तो जान से मार देंगे। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर के आरोपियों खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की थी । जिसपर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### कार की टक्कर से महिला की मौत

**नोएडा।** बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हुए सड़क हादसे में एक तेज रफ्तार कार ने महिला को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। हमीरपुर के अजीत सिंह ने केस दर्ज कराया है कि वह वर्तमान में गांव नवादा में किराये के मकान में रहते हैं। सोमवार को उनकी पत्नी सुमन वर्मा घर से काम पर जाने के लिए निकली थीं। फादर एग्नेल स्कूल के गेट के सामने सर्विस रोड पर सामने से आ रही तेज रफ्तार क्रेटा कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में सुमन गंभीर रूप से घायल हो गईं।

# टेम्पू और ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली की आमने-सामने भिड़त में कई लोग घायल

**ठाकुरद्वारा।** थाना डिलारी क्षेत्र के विवेकानंद मार्ग पर मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें टेम्पो और ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। यह टक्कर डिलरा और चंगेरी गांव के बीच हुई, जिसमें एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, बुढनपुर निवासी रशीद पुत्र अजीज अपनी पत्नी और चार बच्चों के साथ बीबी मुस्तापुर से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान चंगेरी के पास उनकी टेम्पो की ईंटों से भरी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेम्पो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सवार सभी लोग घायल हो गए। हादसे में रशीद और उनके लगभग 8 से 10 साल के बेटे को गंभीर चोटें आईं। बच्चे के सिर में गहरी चोट बताई जा रही है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

सूचना मिलते ही डिलारी पुलिस मौके पर पहुँची और सभी घायलों को सीएचसी डिलारी पहुँचाया गया, जहां से हालत गंभीर होने के चलते उन्हें मुरादाबाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना में टेम्पो चालक कासिम पुत्र कालूवा भी घायल हुआ है। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली और टेम्पो दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# प्रदेश की ग्रामीण अर्थ व्यवस्था में गुड़ उद्योग एक महत्वपूर्ण आर्थिक गतिविधिः उपगन्ना आयुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गन्ना भवन सिविल लाइंस मुरादाबाद के सभागार में गुड उत्पादन करने वाली खण्डसारी इकाई स्वामी और गुड़ स्वामी, गुड़ उत्पादन से जुड़े लोगों के साथ एक दिवसीय प्रति-रु39याक्षण कार्य-रु39याला उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद की अध्यक्षता मे आयोजित की गयी। कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुये उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद ने अपने सम्बोधन मे कहा कि गुड़ पूरे देश में एक पारंपरिक और लोकप्रिय मिठास है, जिसका उत्पादन गन्ने से किया जाता है।

पूरे देश मे मुरादाबाद परिक्षेत्र अपने उत्कृ-ुनवजयट गुड़ उत्पादन के लिए जाना जाता है, और इस क्षेत्र में गुड़ उद्योग एक महत्वपूर्ण आर्थिक गति. विधि है। उप गन्ना आयुक्त ने गुड उद्योग से जुडे उद्यामियों को बताया कि गुड़ से विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाए जा सकते हैं, जैसे कि गुड़ पाउडर, गुड़ कैंडी, गुड़ से बनी मिठाई, और और ब्रांडिंग के माध्यम से, इन गुड़ उत्पादों को बाजार में किस प्रकार बेहतर -सजयंग से प्रस्तुत किया जा सकता है। उन्होने यह भी बताया कि प्रभावी विपणन और वितरण रणनीतियों के माध्यम से, गुड़ उत्पादों की पहुंच व्यापक उपभक्ताओं तक किस प्रकार की जा सकती है, हम गुड़ के स्वास्थ्य लाभों को उजागर करके, किस प्रकार उपभोक्ताओं को इसके सेवन के लिए प्रोत्साहित कर सकते है। उन्होने यह भी बताया कि गुड़ उद्योग का विकास स्थानीय अर्थव्यवस्था को ब-सजयावा देने और रोजगार के अवसर पैदा करने में किस प्रकार मदद कर सकता है तथा गुड़ उत्पादन में मूल्य संवर्धन से किसानों को कैसे बेहतर आय प्राप्त हो सकती है।



इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुरादाबाद डा भूपेन्द्र सिंह ने परिक्षेत्र के गुड उत्पादकों को गुड़ उत्पादन और उसके मूल्य संवर्धन के विषय मे विस्तृत जानकारी प्रदान कर इस पारंपरिक उद्योग के प्रति आधुनिक दृष्टिकोण विकसित कर ब-सजयाये जाने पर प्रकाश डाला। जिला गन्ना अधिकारी मुरादाबाद श्री राम किशन ने इस कार्यशाला को सम्बोधित कर कहा कि पारंपरिक विधि से गुड़ का उत्पादन छोडकर आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके, गुड़ उत्पादन की प्रक्रिया को और अधिक कु-रु39याल और स्वच्छ बनाने पर जानकारी दी। उन्होने कहा कि गुड़ की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए, उत्पादन प्रक्रिया में गुणवत्ता नियंत्रण के उपायों को लागू करे उसकी गुणवत्ता को ब-सजयाया जा सकता है।

सहायक चीनी आयुक्त, मुरादाबाद श्री सालोक पटेल ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन मे कहा कि गुड़ उत्पादन और उससे जुड़ी गति. विधियों को स्वास्थ्य लाभों से जोडकर बिक्री ब-सजयाने के बारे मे बताया। इस अवसर पर श्री कौ-रु39याल कांत सिंह, खाण्डसारी अधिकारी, मुरादाबाद, भी उपस्थित रहें।

# 2.89 करोड़ की ठगी में साइबर अपराधी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार में अधिक लाभ कमाने का झांसा देकर एक प्रोफेसर से दो करोड़ 89 लाख 50 हजार रुपये ठग लिए। आरोपियों ने व्हाट्सऐप मैसेज के जरिये पीड़ित से संपर्क कर इस घटना को अंजाम दिया था। पीड़ित ने इस संबंध में 22 जुलाई 2025 को थाना साइबर क्राइम में मुकदमा दर्ज कराया था। दर्ज मुकदमें के आधार पर मामले की जांच-पड़ताल कर रही थाना पुलिस ने मंगलवार को इन्वेस्टमेंट ट्रेडिंग के माध्यम से उक्त रुपये की धोखाधड़ी व ठगी करने वाले गैंग के एक सदस्य को फरीदाबाद, हरियाणा से गिरफ्तार किया है। इस ठगी के



मामले में पुलिस ने 26 लाख रुपए बैंक में फ्रीज कराये है, रिफन्ड की कार्यवाही प्रचलित है। एडीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि सेक्टर-36 में रहने वाले रामकृष्ण नामक शख्स ने 22 जुलाई 2025 को थाना साइबर क्राइम में मुकदमा दर्ज कराया था कि वह राजस्थान के एक विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं। वह पहले से शेयर बाजार में निवेश में रुचि रखते हैं। एक अप्रैल को उन्हें व्हाट्सऐप पर मैसेज आया। जिसमें इन्वेस्टमेंट ट्रेडिंग के माध्यम से लाभ कमाने का झांसा देकर 2,89,50,000 रुपये की धोखाधड़ी व ठगी की गई है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल कर रही काना पुलिस ने आज साइबर अपराधी गैंग के एक अभियुक्त नितेश कुमार प्रसाद पुत्र शिव शंकर प्रसाद को फरीदाबाद, हरियाणा से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 1 मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एडीसीपी ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि साइबर अपराधी द्वारा स्वयं को एबॉट वेल्थ कोलकाता (भारत) कंपनी का कर्मचारी बताकर व्हाट्स एप्प के माध्यम से संपर्क कर इन्वेस्टमेंट कराकर ट्रेडिंग के माध्यम से लाभ कमाने का झांसा देकर वादी के साथ उक्त रुपये की धोखाधड़ी की गई है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि अभियुक्त ने अपने बैंक खाते को 2 प्रतिशत के लाभ कमाने के लिए अन्य अभियुक्तों को दे दिया। इसी क्रम में अभियुक्त के कोटक महिंद्रा बैंक के खाते में इस घटना के धोखाधड़ी के 6 लाख रुपये का आना पाया गया और अन्य घटना से संबंधित 30,77,074 रुपये का आना पाया गया है। उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी शीघ्र की जाएगी।

# अवैध बाइक टैक्सियों की भरमार, ऑटो चालकों पर पड़ रही मार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में संचालित अवैध बाइक टैक्सियों के संचालन से ऑटो चालकों को 10 करोड़ रुपये का हर माह नुकसान हो रहा है। ऐसा दावा ऑटो चालकों की एसोसिएशन कर रही हैं। उनका कहना है कि जिले में 20 हजार अवैध बाइक टैक्सियों का संचालन हो रहा है। प्रतिदिन 1200 से 1500 रुपये की कमाई इनकी ओर से की जा रही है। इनकी ओर से न तो टैक्स दिया जा रहा है न ही कोई परमिट लिया जाता है।

सूत्रों की मानें तो जिले में केवल तीन हजार बाइक टैक्सियां ही वैध रूप से संचालित हो रही हैं। बाकी बाइक प्राइवेट नंबर पर कॉमर्शियल काम कर ही हैं। ऐसे में परिवहन विभाग को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है। जाहिर है कि विभिन्न प्रकार के एप इन संच.ालकों को बढ़ावा दे रहे हैं। इनके सहारे रोजाना दोपहिया वाहन से दो हजार रुपये तक की कमाई हो रही है। बता दें कि कॉमर्शियल वाहन चालकों को परिवहन विभाग पीला नंबर प्लेट जारी करता है। इसके साथ ही वाहन चालक की सवारियों को लेकर कई जिम्मेदारियां भी तय हो जाती हैं।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र अलीमुद्दीन, पुत्रवधू श्रीमती अन्जुम जहां, पौत्री मिसकात व सिरात व पौत्र अब्दुल्ला को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **मौहम्मद तासीम पुत्र मौहम्मद अकबर निवासी ग्राम व पोस्ट सीरवासुचन्द थाना व परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर, उ.प्र.।**

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पक्षकार श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड मुरादाबाद द्वारा मैं बब्लू पुत्र अतीक अहमद निवासी जयंतीपुर तिकोनिया मस्जिद जिला मुरादाबाद 29.07.2025 को किसी काम से मुरादाबाद तहसील जा रहा था। मेरे हाथ में एक बैग था जिसमें मेरी संपत्ति के मूल कागजात थे जोकि करूला के आस-पास मेरा बेग गिर गया और काफी खोजबीन के बाद भी मेरा बेग नहीं मिल पाया इनका विवरण नीचे दिया गया है। विक्रेता सईदउल रहमान पुत्र अब्दुल हफीज निवासी असालतपुर मुरादाबाद एंड क्रेता मोहम्मद फाजिल पुत्र श्री आबिद हुसैन व श्रीमती नसरीन जहाँ पत्नी मोहम्मद फाजिल निवासी पीरजादा मुरादाबाद। पूर्व मूल मुकिर पश्चिम-आराजी खरीद कदा इमरोजा मौ० शाहनवाज आदि, उत्तर-आराजी मूल मुकिर दक्षिण-रास्ता मुशतका 10 फिट चोडा जिसमें 5 फिट खरीददार ने अपनी आराजी से छोड़ा है। दिनांक के 12.10.2011, बही सख्या-1, जिल्द सख्या 8405, पेज सख्या 1 से 16 क्रमांक 13851, **राजीव चौधरी एडवोकेट पता-चेम्बर नंबर सी 17 अधिवक्ता भवन के पीछे कचरी परिसर, मुरादाबाद।**

IS 15700 : 2018

**उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद,**
**कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, (मुरादाबाद/चंदौसी/अमरोहा/बिजनौर)**
**आफिस कॉम्पलैक्स (भूतल), सैक्टर-5 मझोला योजना सं0-4, भाग-2, मुरादाबाद।**
**E-mail : emombd@upavp.com**

**सर्वसाधारण को सूचना**-परिषद की सम्भल गेट योजना संख्या-1, चन्दौसी में स्थित मध्यम आय वर्ग भवन संख्या 3/229 का आवंटन-पत्र पत्रांक 295/ सं0प्र0-रामपुर/चन्दौसी दिनांक 03.04.1994 द्वारा श्री कुबेर सिंह भारतीय पुत्र स्व0 श्री हेतराम सिंह के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी ने दिनांक 02.06.1994 को किराया-किस्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित कराकर दिनांक 13.06.1994 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया था। आवंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण भुगतान करते हुए विक्रय विलेख इस कार्यालय से दिनांक 31.01.1998 को निष्पादित कराकर सब रजिस्ट्रार कार्यालय, मुरादाबाद में दिनांक 06.02.1998 को पंजीकृत कराया गया तदोपरान्त आवंटी श्री कुबेर सिंह भारतीय की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस श्री रूपेन्द्र कुमार सिंह, विश्वजीत सिंह भारतीय, श्री संदीप कुमार भारती व श्री विनय कुमार सिंह भारतीय पुत्रगण स्व० श्री कुबेर सिंह भारतीय द्वारा उक्त भवन का अविभाजित संयुक्त रूप से 4/5 भाग श्री पारस गुप्ता पुत्र श्री सुनील कुमार गुप्ता के पक्ष में दिनांक 05.07.2021 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया है। तदोपरान्त उक्त भवन का अविभाजित 1/5 भाग आवंटी की पुत्रवधु श्रीमती आशा भारती पत्नी स्व0 श्री हृदेश कुमार सिह संरक्षिका अपने पुत्र संचित (नाबालिग), पुत्री कु० स्वाति (नाबालिग) द्वारा श्री पारस गुप्ता पुत्र श्री सुनील कुमार गुप्ता के पक्ष में दिनांक 05.07.2021 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया है। अब श्री पारस गुप्ता पुत्र श्री सुनील कुमार गुप्ता ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक शून्य द्वारा मध्यम आय वर्ग भवन संख्या 3/229, सम्भल गेट योजना संख्या-1, चन्दौसी को विक्रय उपरान्त अपने पक्ष में नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है। यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्धक कार्यालय (चन्दौसी), उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम/आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी। **भवदीय-( पी0 एस0 रावत ) सम्पत्ति प्रबन्धक।**

**पत्र संख्या:** 1359/सं0प्र0(चंदौसी)-मुरादाबाद/ **दिनांक:** 24.07.2025



# स्मृति मंधाना ने पहला स्थान गंवाया

● **वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची सिवर-ब्रंट**

**दुबई, वार्ता।** भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में कुल 160 रन बनाने वालीं इंग्लैंड की कप्तान नैट सिवर-ब्रंट एक बार फिर महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। इसके चलते भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना को एक पायदान का नुकसान हुआ है और अब रैंकिंग में वह दूसरे स्थान पर खिसक गई हैं। हालांकि भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और मध्य क्रम की बल्लेबाज जेमिमाह रॉड्रिग्स को फायदा हुआ है। हरमनप्रीत 10 पायदान के लाभ के साथ 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं जबकि रॉड्रिग्स दो पायदान की छलांग के साथ 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं। हरमनप्रीत ने वनडे सीरीज के दौरान तीन पारियों में अंतिम मैच में लगाए शतक के साथ कुल 126 रन बनाए थे जबकि रॉड्रिग्स ने तीन पारियों में एक अर्द्धशतक के साथ 101 रन बनाए थे। मंधाना सीरीज में भारत की ओर से दूसरी सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज थीं जिन्होंने तीन पारियों में 38-33 की औसत से 115 रन बनाए। हालांकि शतक के साथ इंग्लैंड दौरे की शुरुआत करने वालीं मंधाना इस सीरीज में एक भी अर्द्धशतक नहीं लगा पाईं और वनडे सीरीज में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 45 रन रहा। सिवर-ब्रंट ने भारत के खिलाफ अंतिम वनडे में 98 रनों की पारी खेली थी लेकिन उनकी टीम को हार मिली थी। सिवर-ब्रंट ने पहली बार जुलाई 2023 में वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया था और इसके बाद वह लगातार शीर्ष पांच में बनी हुई थीं। 2025 में यह पहली बार है जब सिवर-ब्रंट ने वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

● **तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी** ●

# ओवल स्टेडियम में दो टेस्ट जीता है भारत

● **ओवल में आखिरी मैच जीते, तो सीरीज बराबर कप्तान शुभमन गिल तीन बड़े रिकॉर्ड्स के करीबी**



**ओवल, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां और आखिरी टेस्ट 31 जुलाई से खेला जाएगा। मुकाबला लंदन के द ओवल स्टेडियम में होगा, जिसके लिए दोनों ही टीमें लंदन पहुंच चुकी हैं। भारत ने यहां 15 टेस्ट खेले और महज 2 जीते। हालांकि, पिछली जीत 2021 में ही मिली थी।

भारत ने द ओवल टेस्ट जीत लिया तो टीम सीरीज को 2-2 से बराबर कर लेगी। वहीं मुकाबला ड्रा हुआ या इंग्लैंड जीती, तो सीरीज भी होम टीम के नाम हो जाएगी। पांचवें टेस्ट में भारतीय कप्तान शुभमन गिल के पास 3 बड़े रिकाड्र्स बनाने का मौका भी है। लंदन के द ओवल स्टेडियम में भारत ने 1936 में पहला टेस्ट खेला था, तब टीम को 9 विकेट से हार मिली थी। टीम को इस मैदान पर पहला टेस्ट जीतने में 35 साल लग गए। भारत ने 1971 में अजीत वाडेकर की कप्तानी में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया था। 1971 के बाद भारत ने द ओवल में 5 टेस्ट ड्रा कराए, जबकि 3 गंवाए। टीम को फिर इस मैदान पर 2021 में विराट कोहली की कप्तानी में दूसरी जीत मिली। उन्होंने 157 रन से टीम को जीत दिलाई थी। इस मैदान पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 14 टेस्ट खेले, 2 जीते और 5 गंवाए। इस दौरान 7 मुकाबले ड्रा भी रहे। द ओवल में आखिरी टेस्ट 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। यह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल था, जिसमें भारत को 209 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

रोहित शर्मा टीम इंडिया के कप्तान थे, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज की टीम अनाउंस होने से पहले ही इस फार्मेट को अलविदा कह दिया। ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023 के फाइनल में भारत के द ओवल के मैदान पर ही हराकर ट्रॉफी जीती थी। इंग्लैंड ने द ओवल स्टेडियम में 106 टेस्ट खेले। 45 में टीम को जीत और महज 24 में हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान 37 मुकाबले ड्रा भी रहे। हालांकि, इंग्लैंड यहां 52 रन पर आलआउट भी हो चुकी है।

टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1948 में इस स्कोर पर आउट हुई थी। भारत के खिलाफ टीम 1971 में इस मैदान पर 101 पर सिमट चुकी है। ओवल स्टेडियम में भारत ने 3 बार 500 से ज्यादा रन के स्कोर बनाए, तीनों बार मुकाबले ड्रा रहे। यहां भारत का हाईएस्ट स्कोर 664 रन है, जो टीम ने 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ ही बनाया था।

## आईटीएफ विश्व मास्टर्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे यूपी के आलोक

● **इस चैंपियनशिप में 22 देशों की टीमें भाग लें रही है आलोक भटनागर 55+ आयु वर्ग में भाग लेंगे**

**लखनऊ, वार्ता।** पुर्तगाल के लिस्बन में तीन अगस्त से शुरु होने वाली आईटीएफ वर्ल्ड मास्टर्स टेनिस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के आलोक भटनागर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उत्तर प्रदेश के पूर्व नंबर एक और अंतर्राष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी आलोक भटनागर वर्तमान में एमवीवीएनएल- यूपीपीसीएल में कार्यरत हैं। भटनागर को अखिल भारतीय टेनिस संघ (आईटा) द्वारा तीन अगस्त से 16 अगस्त के बीच लिस्बन, पुर्तगाल में आयोजित होने वाली विश्व मास्टर्स टेनिस चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया है। इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में 22 देशों की टीमें भाग ले रही हैं। आलोक टीम चैंपियनशिप के साथ ही व्यक्तिगत सिगल्स, डबल्स एवं मिक्स्ड डबल्स स्पर्धा में 55+ आयु वर्ग में भाग लेंगे।

आलोक भटनागर अब तक कई आईटीएफ खिताब जीत चुके हैं और वर्तमान में भारत में 55+ आयु वर्ग में डबल्स और मिक्स्ड डबल्स में नंबर 1 रैंक पर हैं। उनकी सिगल्स की विश्व रैंकिंग 106 और डबल्स में विश्व रैंकिंग 31 है। टीम के अन्य सदस्यों में पवन कपूर (कप्तान), राज दत्त और लक्ष्मीकांत तंवर शामिल हैं। आलोक को पिछले वर्ष मेक्सिको में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में भी भारत की कप्तानी के लिए चयनित किया गया था, मगर व्यक्तिगत कारणों के चलते वे भाग नहीं ले सके थे।

# सात्विक-चिराग फिर शीर्ष-10 में शामिल

● **भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ की नवीनतम रैंकिंग में जोरदार वापसी की**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी, सात्विकसाईराज रंकीरेढी और चिराग शेट्टी ने बैडमिटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की नवीनतम रैंकिंग में शीर्ष 10 में जोरदार वापसी की है, जिससे इस सीजन की शुरुआत में थोड़ी गिरावट के बाद शीर्ष 10 में उनकी जगह पक्की हो गई है।

एशियाई सर्किट में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच, जहां कोरियाई और मलेशियाई जोड़ियां लगातार अपना दबदबा बनाए हुए हैं, ऊपरी वर्ग में उनकी वापसी हुई है। कोरिया के किम वोन हो और सियो सेउंग जे ने 85,000 अंकों और 79 करियर जीत के प्रभावशाली रिकॉर्ड के साथ अपनी बढ़त बनाए रखते हुए नंबर 1 पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

इस जोड़ी की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं आया है और वे अब भी सबसे बड़ी जोड़ी बनी हुई हैं। मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक 68,750 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, और उन्होंने हमवतन मान वेई चोंग और टी काई वुन को पीछे छोड़ दिया है, जो अब 65,630 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

थाईलैंड के किट्टिनुपोंग केड्रेन और डेचापोल पुआवारानुक्रोह 57,040 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि ताइवान के ली फैंग-चिह और ली फैंग-जेन 55,000 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। नए जोश और शीर्ष-स्तरीय टूर्नामेंटों के साथ, सात्विक और चिराग अपनी रैंकिंग में उछाल को बरकरार रखते हुए और आगे बढ़ने का लक्ष्य रखेंगे।

# दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू होगी

● **सभी मैच सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर नॉकआउट प्रारूप में होंगे**

**बेंगलुरु, वार्ता।** प्रतिष्ठित दलीप ट्रॉफी इस सीजन में अपने अंतर-क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी करेगी और 28 अगस्त से 15 सितंबर तक बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी, बीसीसीआई ने आज घोषणा की।

सभी मैच सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर नॉकआउट प्रारूप में खेले जाएंगे, जिसमें छह जोन - दक्षिण, मध्य, पश्चिम, पूर्व, उत्तर और उत्तर-पूर्व - शामिल होंगे। दक्षिण और पश्चिम जोन को सीधे सेमीफाइनल में जगह दी गई है। 28 से 31 अगस्त तक होने वाले क्वार्टर फाइनल में उत्तर जोन का मुकाबला पूर्व जोन से और मध्य जोन का मुकाबला उत्तर-पूर्व जोन से होगा। विजेता टीमें 4 से 7 सितंबर तक होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जिसके बाद 11 सितंबर से फाइनल होगा। दलीप ट्रॉफी, जो 2015-16 सीजन तक क्षेत्रीय टीमों के बीच खेली जाती थी, को 2016-17 और 2019-20 के बीच बेतरतीब ढंग से चुनी गई टीमों-भारत ए, बी, सी और डी - से बदल दिया गया। 2022-23 में यह टूर्नामेंट अपने क्षेत्रीय प्रारूप में वापस आ गया, लेकिन पिछले साल फिर से एबीसीडी संरचना का उपयोग किया गया। बीसीसीआई की पिछली एजीएम में लिए गए निर्णय के बाद, अब क्षेत्रीय प्रणाली बहाल कर दी गई है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## राज्यसभा ने दिव्या देशमुख को दी बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** राज्यसभा ने युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख को प्रतिष्ठित फिडे महिला शतरंज विश्व कप जीतने पर हार्दिक बधाई दी। उप सभापति हरिवंश ने मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू करने से पहले सदन को दिव्या देशमुख की जीत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिव्या देशमुख की जीत देश भर के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि वह अपनी और सदन की ओर से उन्हें शुभकामनाएं और बधाई देता हूं।

## गुलाबी गेंद से एशेज टेस्ट से पहले इंग्लैंड प्रधानमंत्री एकादश से भिड़ेगी

**मेलबर्न, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार (29 जुलाई) को पुष्टि की कि इंग्लैंड, दिन-रात्रि एशेज टेस्ट की तैयारी के लिए दो दिवसीय गुलाबी गेंद मैच में प्रधानमंत्री एकादश से भिड़ेगा। यह पहली बार होगा जब इंग्लैंड प्रधानमंत्री एकादश के साथ कई दिनों का मैच खेलेगा, क्योंकि 2022-23 सीजन तक यह हमेशा एक दिवसीय मैच होता था। यह गुलाबी गेंद का मैच 29 और 30 नवंबर को कैनबरा के मनुका ओवल में पहले और दूसरे टेस्ट के बीच खेला जाएगा। इसके तीन दिन बाद, इंग्लैंड 4 दिसंबर से गाबा में मेजबान ऑस्ट्रेलिया से दिन-रात्रि टेस्ट खेलेगा। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि 'मैं प्रधानमंत्री एकादश टीम को अंतिम रूप देने के लिए चयनकर्ताओं के साथ बैठक करने को उत्सुक हूं, जिसमें मजबूत इंग्लिश टीम का सामना करने के लिए ऑस्ट्रेलिया भर से सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध प्रतिभाएं शामिल होंगी। यह दौरा करने वाली टीम का दूसरा अभ्यास मैच होगा, जबकि पहला अभ्यास मैच पर्थ में शुरुआती टेस्ट से पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ एक अंतर-टीम मुकाबला था।

# ऑस्ट्रेलिया का कैरेबियाई दौरे का शानदार समापन

● **ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट सीरीज में 3-0 और टी-20 में 5-0 से क्लीन स्वीप किया**




**सेंट किट्स, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने आज भारतीय समयानुसार पांचवें और अंतिम टी-20 मैच में वेस्टइंडीज पर 3 विकेट से रोमांचक जीत के साथ सभी प्रारूपों में 8-0 से क्लीन स्वीप करते हुए अपने कैरेबियाई दौरे का शानदार समापन किया।

इस परिणाम के साथ, मेहमान टीम ने टेस्ट सीरीज में मेजबान टीम को 3-0 से और टी20 सीरीज में 5-0 से करारी शिकस्त देकर 8-0 की व्यापक जीत सुनिश्चित की। 171 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, ऑस्ट्रेलिया ने खराब शुरुआत से उबरते हुए तीन ओवर शेष रहते 173/7 का स्कोर बनाया। मिशेल ओवेन (37), टिम डेविड और कैमरन ग्रीन जैसे मध्यक्रम के प्रभावशाली प्रदर्शन की बदौलत यह उपलब्धि हासिल की। पूरी टी20 सीरीज में अपने लगातार हरफनमौला प्रदर्शन के लिए, ग्रीन को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। इससे पहले, शिमरोन हेटमायर की 30 गेंदों में 52 रनों की तेज पारी के बावजूद, विंडीज़ की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19-4 ओवर में 170 रन पर आउट हो गई। वापसी कर रहे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन ड्वारशुइस ने 41 रन देकर 3 विकेट लेकर प्रभावित किया, दोनों सलामी बल्लेबाज़ों को जल्दी आउट किया और अहम मौकों पर साझेदारियां तोड़ीं। शेरफेन रदरफोर्ड ने 35 रनों की तेज पारी खेलकर शुरुआती गति प्रदान की, लेकिन ग्लेन की गेंद पर बोल्ड हो गए। हेटमायर के पलटवार, जिसमें 17वें ओवर में ड्वारशुइस पर किया गया हमला भी शामिल था, ने विंडीज की उम्मीदें कुछ समय के लिए जगाईं, लेकिन फिफ्टी के तुरंत बाद उनके आउट होने से टीम का अंतिम तीन ओवरों में पतन हो गया और मेजबान टीम अंतिम तीन ओवरों में केवल 14 रन ही बना सकी।

# फिनलैंड में महेश तांबे का टी-20 में विश्व रिकॉर्ड



● **आठ बॉल में पांच विकेट लिए, 2022 में बहरीन के जुनैद ने 10 गेंद में किया था कारनामा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** फिनलैंड के महेश तांबे ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे कम बाल में 5 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। ताबें ने एस्टोनिया के खिलाफ मैच में 8 गेंदों में 5 बैटर्स को पवेलियन भेजा। इससे पहले यह रिकॉर्ड बहरीन के जुनैद अजीज के नाम था, जिन्होंने 2022 में जर्मनी के खिलाफ केवल 10 गेंदों में 5 विकेट लिए थे।

तांबे ने यह उपलब्धि रविवार को फिनलैंड और एस्टोनिया के बीच खेले गए तीसरे टी-20 मुकाबले में हासिल की। इस मैच में फिनलैंड ने पहले गेंदबाजी करते हुए एस्टोनिया को 19.4 ओवर में 141 रनों पर समेट दिया। एक समय एस्टोनिया ने 2 विकेट पर 104 रन बना लिए थे और बड़ा स्कोर बनता दिख रहा था, लेकिन महेश तांबे ने शानदार गेंदबाजी से उनकी पारी को तहस-नहस कर दिया। तांबे ने स्टेफन गूच, साहिल चौहान, मुहम्मद उस्मान, रुपम बरुआ और प्रणय गीवाला के विकेट चटकाए। तांबे ने इन पांच बल्लेबाजों को मात्र 1.2 ओवर (8 गेंदों) में आउट किया। उन्होंने 2 ओवर में 19 रन देकर 5 विकेट लिए। फिनलैंड ने 5 विकेट से जीता मैच फिनलैंड ने 142 रनों का लक्ष्य 18.1 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया और यह मैच 5 विकेट से जीत लिया। फिनलैंड की ओर से अरविंद मोहन ने सर्वाधिक 67 रन बनाए। उन्होंने 60 गेंदों की नाबाद पारी में फराज मेहती अब्बास (19) और जार्डन (18) के साथ महत्वपूर्ण साझेदारियां निभाकर टीम को जीत दिलाई। इस जीत के साथ फिनलैंड ने टी-20 सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

# बुमराह अंतिम टेस्ट में नहीं खेल सकते हैं तो कुलदीप को मौका देना चाहिए: मांजरेकर



**भारत को एक ऐसे गेंदबाजी आक्रमण की जरुरत है जो 20 विकेट ले सके**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 31 जुलाई से शुरू होने वाला सीरीज का अंतिम टेस्ट अगर नहीं खेलते हैं तो ऐसी स्थिति में बुमराह की जगह कुलदीप यादव को मौका मिलना चाहिए क्योंकि बुमराह की अनुपस्थिति में भारत को एक ऐसे गेंदबाज़ी आक्रमण की ज़रूरत होगी जो 20 विकेट ले सके। ईएसपीएन क्रिकइंफो मैच डे हिंदी पर मांजरेकर ने कहा कि भारत को एक ऐसे गेंदबाज़ी आक्रमण की ज़रूरत है जो 20 विकेट ले सके।

अगर बुमराह नहीं खेलते हैं तो ऐसी स्थिति में कुलदीप यादव को नहीं खेलाना मेरे विचार में ज्यादती होगी। जहां तक बल्लेबाजी की बात है तो इस पहलू पर भारत को चिता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि (रवींद्र) जडेजा भी इस समय लय में हैं। मांजरेकर ने यह भी कहा कि इस सीरीज में रणनीति अब तक भारत के काम नहीं आई है और यह जरूरी है कि टीम के सीनियर खिलाड़ी मिलकर भारतीय टीम की रणनीति पर नए सिरे से विचार करें। मांजरेकर ने कहा कि मुझे एक ही डर लग रहा है चूंकि भारत भले मैनचेस्टर में जीता नहीं लेकिन परिणाम ड्रा के रूप में भारत के पक्ष में आया इसलिए यह लगेगा कि भारत जीता नहीं लेकिन उनकी रणनीति इतनी भी बुरी नहीं थी क्योंकि यह मैच हम नहीं हारे। लेकिन मैं समझता हूं भारत जिस तरह से इंग्लैंड के खिलाफ खेल रहा है और इस स्तर तक पहुंचा है वो तब है जब रणनीति भारत के काम नहीं आई है। रणनीति ने भारत के लिए काम और मुश्किल किया है।

# ब्रॉड ने 'हैंडशेक ड्रामा' पर कहा टेस्ट शतक बनाना मुश्किल

● **जडेजा और सुंदर ने इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स के प्रस्ताव को ठुकरा दिया**



**लंदन, वार्ता।** चौथे भारत-इंग्लैंड टेस्ट की आखिरी शाम ओल्ड ट्रैफर्ड में तनाव का एक अनोखा दौर देखने को मिला, जब भारतीय बल्लेबाज रवींद्र जडेजा और वाशिगटन सुंदर ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के मैच ड्रॉ कराने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया और इसके बजाय व्यक्तिगत उपलब्धियां हासिल करने का फैसला किया।

इस पल ने इंग्लैंड के खेमे में निराशा पैदा कर दी, लेकिन पूर्व तेज गेंदबाज़ स्टुअर्ट ब्रॉड ने इस कदम का बचाव करते हुए कहा कि टेस्ट शतक बनाना बहुत मुश्किल है। भारत के चार विकेट पर 430 रन और मैच के ड्रॉ की ओर बढ़ने के साथ, इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने आखिरी घंटे की शुरुआत में पारंपरिक हैंडशेक का संकेत दिया। मैदान पर 143 ओवर खेल चुके इंग्लैंड ने मैच का अंत करने की कोशिश की। हालांकि, जडेजा और सुंदर ने नियमों के दायरे में रहते हुए, अपने शतक पूरे करने की कोशिश में बल्लेबाजी जारी रखने का फैसला किया। इसके बाद टेस्ट क्रिकेट का एक अनोखा दौर शुरू हुआ। नतीजे की सारी उम्मीदें खत्म हो जाने के बाद, पार्ट-टाइमर हैरी ब्रूक को ऑफ-स्पिन गेंदबाजी के लिए बुलाया गया-हालांकि वह एक मध्यम गति का गेंदबाज है। गेंदबाजी में तीव्रता की कमी थी, और इंग्लैंड के खिलाड़ियों द्वारा जल्दबाजी में गेंदबाजी करने की कोशिश के कारण मैदान पर भीड़ जमा हो गई। 'निराशा ज़रूर थी,' ब्रॉड ने मैच के बाद कमेंट्री के दौरान कहा। लेकिन सुंदर अपने पहले शतक के कगार पर थे, जडेजा भी करीब थे। वे चार घंटे से मैदान पर कड़ी मेहनत कर रहे थे। आप उन्हें दोष नहीं दे सकते। टेस्ट शतक बनाना बहुत मुश्किल है।

जब ब्रूक बेतरतीब ऑफ-स्पिन फेंक रहे थे, तो भारत ने सावधानी से सिगल रन लेने की कोशिश की, जिसमें जडेजा ने छक्का भी जड़ा। एक से ज्यादा मौकों पर, इंग्लैंड के खिलाड़ियों, जिनमें ब्रूक भी शामिल थे, ने हाथ मिलाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें मना कर दिया गया। ब्रॉड ने दोनों टीमों की स्थिति के प्रति सहानुभूति जताई। अगर मैं फील्डिंग कर रहा होता, तो ड्रेसिग रूम के पास अपने जूते उतारकर मैदान पर जाने के लिए तैयार होता। लेकिन मैं भारत को भी दोष नहीं दे सकता। वह चार घंटे गंभीर दृढ़ संकल्प के थे। मैच के बाद सुंदर की भावनाओं ने दिल को छू लिया।

# मतपेटियों में बंद हुआ जीत का फैसला

## द बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी मुरादाबाद के चुनाव में 21 पदों के लिए 76 प्रत्याशियों की जीत का फैसला मतपेटियों में बंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आज सुबह दस बजे से चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ होकर शाम 5 बजे तक चली। मध्याह्न तक मतदान की गति धीमी रही और उसके बाद मतदान की गति में तेजी आयी। शाम तक 5बजे मतदान बंद हो गया। कुल 2221 मतदाताओ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान स्थल पर प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की भारी भीड़ प्रातः से ही एकत्र रही। समर्थक अपने अपने प्रत्याशी के समर्थन में नारे भी लगाते रहे। चुनाव प्रक्रिया पूर्णतया शांति पूर्वक सम्पन्न हुई। एल्डर्स कमेटी एवं चुनाव समिति के सदस्यों ने पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ चुनाव सम्पन्न कराया। एल्डर्स कमेटी के चौयरमेन रामाशंकर एवं सदस्य विजय गुप्ता सुभाष चन्द्र गर्ग सुधीर गुप्ता, महेश चन्द्र त्यागी एवं चुनाव समिति के सदस्यों में नरेंद्र सिंह चौहान शमशेर सिंह जगदीश चंद्र मिश्रा चौधरी राजेंद्र सिंह ठाकुर अनिल कुमार सिंह संजय कुमार सोनी रमेश सिंह आर्य विशाल कांत मनोज कुमार गुप्ता, संजय कुमार यादव सोनू पाल विवेक शर्मा रामवीर सिंह अनिल कुमार चौहान प्रमोद प्रत्येकि कपिल विश्नोई संदीप खन्ना अरशद परवेज, सतीश कुमार विश्नोई आसिम उस्मान अली, सुनील कुमार, वकार रजा ने चुनाव प्रक्रिया में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। मतगणना कल प्रातः 10 बजे से होगी। वाहन स्टैंड बंद रहेगा तथा न्यायिक कार्य स्थगित रहेगा।





## छड़ियों के मेले में व्यवस्था देखी

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद जागरूक समाज के पदाधिकारियों/ सदस्यों ने आज प्रातः नागपंचमी पर ताड़ीखाना चौक स्थित कृष्णा आश्रम में बनी मठ पर भक्तों ने पूर्व मान्यतानुसार दूध/जल सुख समृद्धि की कामना की। मुजास की ओर से व्यवस्था बनायें रखने में सहयोग किया। शाम को पशु चिकित्सालय कोर्ट रोड से कपूर कम्पनी तक लगने वाले मेले में भक्तों की सहुलियत के लिये यातायात प्रक. ाश, जल की व्यवस्था पर निगाह रखी ताकि जहारवीर बाबा के भक्तों को कोई असुविधा न हो।

टोली की शुरूआत पादरी पॉल सारस्वत अजय जौहरी, डा. जेपी चंदेल ने श्रीफल फोड़कर किया। व्यवस्था में मुजास अध्यक्ष अतुल जौहरी, सतेन्द्र शर्मा, राघव गुप्ता, शिवम गुप्ता, श्याम गुप्ता, अभय गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, राजीव शर्मा, पुनीत सक्सेना आदि ने सहयोग किया।

# 3682 बाघों का घर बना भारत, अब बाघ संरक्षण में वैश्विक अग्रणी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर टीम टाइगर सेविन समिति ने बिजनौर जनपद के तहसील धामपुर ब्लॉक कासमपुर गाढ़ी(अफजलगढ़) ग्राम पंचायत रायपुरी के गांव देवानंदपुर गढ़ी में जागरूकता अभियान चलाया जिसके तहत खेतों पर काम करने वाले किसानो को जागरूक किया जिसमें बताया गया कि २९ जुलाई को टाइगर दिवस क्यों मनाया जाता है टीम टाइगर सेविन समिति ने उन सभी को बाघों के बारे में जानकारी दी और सभी को जागरूक किया की जब भी खेतों में काम करें पूरी सावधानी बरतें जब भी आपको बाघ दिखाई दे तो शोर न मचाएँ चुपचाप एक साइड में हट जाए जिससे बाघ को लगे कि वह सुरक्षित है और कभी भी बाघ अगर खेत में आ जाए तो उसे चारों ओर से घेरना नहीं है बल्कि सभी लोग एक साइड आ जाएं जिससे बाघ जहाँ से आया है वही से वापस चला जाए। टीम टाइगर सेविन समिति की टीम लगातार लोगों को जागरुक कर रही है जितने भी जंगल से लगे गांव हैं उन सभी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। भारत ने बाघ संरक्षण में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है और यहां 3,682 बाघ हैं। भारत बाघ संरक्षण में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनकर उभरा है, जहाँ इस शानदार जीव के लिए 58 अभयारण्य समर्पित हैं। उन्होंने आगे कहा कि बाघ संरक्षण केवल प्रजातियों को बचाने के बारे में नहीं है; बाघों की बढ़ती संख्या उन जंगलों के स्वास्थ्य का भी प्रतीक है जहाँ वे रहते हैं। जनता से बाघों और उनके पारिस्थितिक तंत्र की रक्षा करने का संकल्प लेने का भी आग्रह किया, जिससे स्थानीय समुदायों के लिए आजीविका के अवसर भी बढ़ेंगे। भारत ने न केवल अपने बाघों को बचाया है, बल्कि उनके लिए एक समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र भी बनाया है। देश भर में कई समुदाय बाघ की पूजा करते हैं और कई आदिवासी संस्कृतियों में बाघ को भाई माना जाता है। भारत न केवल बाघों को बचा रहा है; बल्कि दुनिया के लिए एक मिसाल भी कायम कर रहा है। 58 बाघ अभयारण्यों और बढ़ती संख्या के साथ, भारत वैश्विक संरक्षण अभियान का नेतृत्व कर रहा है। बाघों की संख्या 1411 से बढ़कर 3682 हो गई है, जो मजबूत शासन और सक्रिय जनभागीदारी का नतीजा है। अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस हर साल 29 जुलाई को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में बाघ संरक्षण और प्रबंधन को बढ़ावा देने के प्रयास में सभी बाघ-क्षेत्रीय देशों को एकजुट करना है। इस वर्ष, इसका विषय है ष्मूल निवासियों और स्थानीय समुदायों को केंद्र में रखकर बाघों के भविष्य को सुरक्षित करना। इस अवसर पर वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर/अध्यक्ष ए आर रहमान, अजमेर सिंह, नवजीत सिंह, सुखबीर सिंह, सुखदेव सिंह, करनैल सिंह, अंकित, शिवम कुमार, गुरप्रीत सिंह, सीमा, निशा, दीपा, हरविंदर सिंह, अशमीत कौर, सुखविंदर सिंह, परमजीत सिंहअन्य लोग उपस्थित रहे।



# पीएमवीबीआरवाई योजना नए कर्मियों के लिए साबित होगी वरदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में निधि आपके निकट के तहत विकसित भारत की आधारशिला रखने वाली प्रधानमंत्री विक. सित भारत रोजगार योजना- पीएमवीबीआरवाई के बारे में टीएमयू एवं अन्य प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों और कर्मियों को गहनता से समझाया गया। ईपीएफओ क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त/कार्यालय प्रभारी श्री अनिल कुमार और श्री मनोज कुमार गुप्ता ने कहा, पीएमवीबीआरवाई भारत की सामाजिक-आर्थिक संरचना को नया आयाम देने वाली एक दृष्टिकोणपरक और परिवर्तनकारी योजना है। पीएमवीबीआरवाई योजना निकट भविष्य में औपचारिक रोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए एक बेहद प्रभावशाली कदम सिद्ध होगी। इस योजना के तहत सरकार नए नियुक्त कर्मचारियों का ईपीएफ अंशदान वहन करेगी, जिससे नियोक्ताओं को बिना वित्तीय दबाव के रोजगार सृजन करने में सहयोग मिलेगा।

उन्होंने कहा, इस योजना के लागू होने के साथ ही देश के लाखों युवाओं को संगठित क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। कार्यक्रम में टीएमयू के डायरेक्टर अकाउंट्स श्री गौरव अग्रवाल की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही। श्री कुमार ने आह्वान किया, सभी प्रतिष्ठान सरकार की इस भावी पहल के प्रति जागरूक रहें और जैसे ही योजना लागू हो, अधिक से अधिक पात्र कर्मचारियों को इसका लाभ दिलाएं। उन्होंने बताया कि योजना के प्रावधानों को पारदर्शी और डिजिटल प्रणाली से जोड़ा जाएगा, जिससे लाभार्थियों तक सीधा और शीघ्र लाभ पहुंचेगा। यह योजना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ठोस आधारशिला रखेगी, जहां सामाजिक सुरक्षा, स्थायित्व और आर्थिक प्रगति एक साथ कदमताल करेंगे। इस अवसर पर टीएमयू एवं अन्य प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों को यूएएन, पेंशन, ई-नामांकन, आधार प्रमाणीकरण, मोबाइल अपडेट, क्लेम ट्रैकिंग सहित कई सेवाओं पर ऑन-द-स्पॉट सहायता भी प्रदान की गई। उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम की पारदर्शिता और अधिकारियों के सहयोग की भूरि-भूरि सराहना की।



# गुमथल गांव में नाग पंचमी पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी/बनियाठेर।** श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की नाग पंचमी के पावन अवसर पर मंगलवार को गुमथल गांव में स्थित प्राचीन जाहरवीर बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

सैकड़ों वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक परंपरा का निर्वहन करते हुए हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और खीर-पूड़ी, दूध व झंडी-पताका अर्पित की। बता दें कि ग्राम गुमथल के खेड़े एवं पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित स्थल पर स्थित जाहरवीर बाबा मंदिर में मंगलवार को सुबह 5:00 बजे से देर शाम तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मान्यता है कि नवविवा. हित जोड़ा विवाह उपरांत और किसी दंपत्ति के घर प्रथम संतान के जन्म के बाद इस मंदिर में विशेष पूजा कर मनौती मानते हैं। श्रद्धालुओं ने बताया कि यह परंपरा बुजुर्गों के जमाने से चली आ रही है, हालांकि मंदिर की स्थापना एवं प्रथम पूजा की तिथि का कोई लिखित प्रमाण नहीं है। पूरे आयोजन के दौरान थाना बनियाठेर पुलिस बल मुस्तैदी से सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहा।

मौके पर ग्रामीणों ने भी व्यवस्था में सहयोग किया जिसमें हीरा मुनि बाबा, दौलत राम प्रजा. पति, अजय कुमार उर्फ बबलू पाठक, दीपक कुमार, नंदकिशोर प्रधान, सत्येंद्र पाठक, राकेश दिवाकर, भगवान दास मौर्य, ऋषिपाल प्रजापति, धान सिंह (पूर्व प्रधान), लालाराम मौर्य, राकेश प्रजापति, झमन, ईश्वरी, तेजपाल पासी, दुरबेश आदि मौजूद रहे।

# टीकाकरण के कम प्रतिशत पर पहली अगस्त से 31 तक चलेगा अभियान

■ ब्लॉक में टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** टीकाकरण का प्रतिशत पूरा करने के लिए अगस्त में चलाए जाने वाले अभियान को लेकर आज वीडियो सतीश कुमार की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बताया गया की 24 अप्रैल से 10 मई तक चलाए गए विश्व टीकाकरण सप्ताह के दौरान 34 स्कूलों में टीडी वैक्सीनेशन का प्रतिशत 75% से कम रहा इसलिए 1 अगस्त से 31 अगस्त के बीच इन स्कूलों में कैंपेन चलाया जाएगा जिसमें किशोर एवं किशोरी को कक्षा 5 के बच्चों को 10 वर्ष या कक्षा 10 के बच्चों को 16 वर्ष का टीकाकरण दिया जाएगा। बताया कि सलेमपुर राजकीय इंटर कॉलेज सलेमपुर प्राइमरी स्कूल सलेमपुर आयशा मदरसा सलेमपुर प्राइमरी स्कूल सलेमपुर एमएमयू जूनियर स्कूल उमरी कला एमजेएन स्कूल कांठ केसी पब्लिक स्कूल ऋषिबाल स्कूल उमरी चौराहा राना पब्लिक स्कूल उमरी कला सकीना स्कूल रुस्तमपुर पंडित रामचरण हाई स्कूल मिलक में जीत इंटर कॉलेज चंगेरी राजकिय हाई स्कूल मानपुर राजकीय हाई स्कूल छाजुपुरा गंगा देवी स्कूल बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज डीएसएम इंटर कॉलेज रहबरे आम इंटर कॉलेज पब्लिक स्कूल मुन्ना मेमोरियल स्कूल रेनबो स्कूल शहदोली लक्ष्मी स्कूल चेत. रामपुर धर्म सिंह इंटर कॉलेज किशनपुर मानसरोवर एकेडमी राणा नगला राष्ट्रीय इंटर कॉलेज अकबरपुर चौदरी दा मिल्लत स्कूल बेगमपुर प्राइमरी स्कूल सलावा प्राइमरी स्कूल जूनियर स्कूल अनुप्रता दारुल उलूम मदरसा वीरपुर राजा स्कूल बीबीपुर आराम फैजाने सुन्नत स्कूल मदरसा एवं ज्ञानपुर केपी हायर सेकेंडरी स्कूल में यह टीकाकरण होगा। बैठक में बीपीएम चंद्रशेखर यादव बीएच डब्लू मोहित शिक्षा विभाग से प्रमोद कुमार आईसीडीएस विभाग से सीडीपीओ निगार अहमद यूनिसेफ से बीएमसी रेखा पटेल और डब्लू एचओ से राजवीर सिंह उपस्थित रहे।



# विश्व ओआरएस दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## पीएसआई इंडिया व केनव्यू के सहयोग से आयोजित हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** डायरिया रोको अभियान के तहत विश्व ओआरएस दिवस पर स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से मंगलवार को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीपीएच नया गाँव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि डायरिया के नियंत्रण व प्रबंधन में ओआरएस और जिंक की बड़ी भूमिका है, जिसकी उपलब्धता स्वास्थ्य इकाइयों और आशा कार्यकर्ताओं के पास सुनिश्चित करायी गयी है।इस मौके पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार बेलवाल ने महिलाओं को डायरिया की रोकथाम के लिए सही तरीके से ओआरएस का घोल तैयार करने और उसके सही इस्तेमाल के बारे में विस्तार से बताया। ज्ञात हो कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित डायरिया रोको अभियान में सहयोग के लिए पीएसआई इंडिया और केनव्यू के सहयोग से "डायरिया से डर नहीं" कार्यक्रम जनपद में संचा. लित किया जा रहा है। कार्यक्रम में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीपीएच नया गाँव के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर. के. सिंह, लोकेश शर्मा, पिंटू वर्मा तथा पीएसआई इंडिया से मोहम्मद रिजवान और ममता सैनी आदि उपस्थित रहे।दूसरी ओर विश्व ओआरएस दिवस पर हरथला अंबेडकर पार्क में महिला आरोग्य समिति की बैठक में भी महिलाओं को डायरिया होने पर ओआरएस और जिंक के उपयोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बैठक में आशा कार्यकर्ता प्रीति बाला, कीर्ति गुप्ता, ज्योति यादव, अर्चना यादव एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुम आदि शामिल हुईं।




# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'एनईपी 2020' की चौथी वर्षगांठ मनाए जाने के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) एवं स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) की चौथी वर्षगांठ मनाए जाने के अंतर्गत एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दी।।

उन्होंने यह भी कहा कि एनईपी 2020 के बारे में विद्यार्थियों को व्यापक रूप से अवगत कराए जाने की अत्यंत आवश्यक है, ताकि विद्यार्थी बेहतर पाठ्यक्रमों का चुनाव करके अपने भविष्य को बेहतर बना सकें। कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल के निदेशक डॉ. मोहनलाल 'आर्य' ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को एनईपी 2020 के बारे में व्यापक जानकारी प्राप्त होने के साथ ही अन्य विद्यार्थियों में इसका प्रचार-प्रसार भी अधिक होगा। इस मौके पर आईआईसी के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. मनोज कुमार ने बताया इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के 50 विद्यार्थियों ने बढ-चढ़कर प्रतिभाग किया। उन्होंने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बीए, तृतीय सेमेस्टर की छात्रा वंशिका सक्सेना प्रथम, बी.एससी, पांचवें सेमेस्टर की छात्रा शीतल द्वितीय एवं बीए-एलएलबी, पांचवें सेमेस्टर के छात्र मो. नदीम तृतीय स्थान पर रहे। साथ ही उन्होंने प्रतियोगिता में सम्मिलित रहे सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में आईआईसी के समन्वयक डॉ. अतनु नाग, आयोजन सचिव डॉ. नितिन कुमार समेत अन्य शिक्षकों श्री पुलकित शर्मा, भावेश मिश्रा, श्री भाग्य भटनागर एवं श्री जसवंत सिंह की विशेष भूमिका रही।



## एक नजर

### सभासदों ने मेसर्स भगवती प्रसाद शर्मा फर्म की जांच की मांग कर अधिकारियों को लिखा पत्र



**कांठ।** उमरी कला नगर पंचायत में अमृत 20 कार्यक्रम के अंतर्गत पुनर्गठन पेयजल योजना का कार्य चल रहा है जिसमें सभासद नफीस अहमद युनुस अहमद फरजाना खातून रेशमा खातून अतीब अहमद शाहाना समीम आदि का कहना है कि उक्त फर्म द्वारा ना तो पाइप लाइन में हो रही लीकेज को ठीक किया जा रहा है और ना ही सड़कों के रेस्टोरेशन का काम गुणवत्ता पूर्वक किया जा रहा है। बताया कि मुख्य मार्ग एवं छोटी गलियों में रेस्टोरेशन का कार्य गलत तरीके से हो रहा है फर्म द्वारा सीसी टाइल्स के रेस्टोरेशन कार्य में नई ईंट न लगाकर ज्यादातर पुरानी ईटों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे सड़कों में जगह-जगह गड्ढे पड़ गए हैं और अब बारिश का पानी भरने के कारण उनमें बच्चों के डूबने की भी आशंका बनी हुई है।

सभासदों ने इस फर्म की जांच करा कर मंडल आयुक्त जिला अधिकारी और जल निगम के उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर कार्यवाही करते हुए गुणवत्ता पूर्वक कार्य कराए जाने की मांग उठाई है।

### प्राइमरी स्कूल देवरी दिनोरा में साफ सफाई न होने पर एसडीएम ने किया निरीक्षण



**बिलारी।** देवरी दिनोरा स्थित प्राइमरी स्कूल के निरीक्षण के लिए एसडीएम विनय कुमार सिंह पहुंचे। जहां उन्होंने बरसात के दौरान होने वाली गंदगी को लेकर ग्राम प्रधान को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। वहीं ब्लॉक के अधिकारियों को निर्देशित किया कि यहां बेहतर साफ सफाई कराई जाए ताकि किसी प्रकार की बच्चों को कोई परेशानी ना हो पाए। देवरी दिनोरा स्थित स्कूल में बरसात के दिनों भारी परेशानियों का सामना स्कूली बच्चों को करना पड़ता है। स्कूल गेट पर पानी भर जाने की वजह से बच्चे बामुश्किल स्कूल जा पाते हैं। इसके अलावा स्कूल गेट के आगे झाड़ी झाड़ी बढ़ जाने के कारण जहरीले कीड़ों का भी खतरा बना रहता है। स्कूल आने वाले अध्यापकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अमरपुरकाशी नगलिया जदीद आदि स्कूलों में भी यही स्थिति बरकरार है। स्कूल अध्यापकों ने मांग उठाई कि बरसात की स्थिति को देखते हुए यहां बेहतर साफ सफाई कराई जाए ताकि परेशानियों से बचा जा सके। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वही ब्लॉक को भी सूचित किया गया है।

### कामगार महिलाओं को बताए उनके अधिकार



**बिलारी।** रूस्तमनगर सहसपुर के पासी मोहल्ला में नेशनल अकैडमी फॉर सोशल मूवमेंट एवं नागरिक एकता परिषद की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें दलित पासी समाज की कामगार महिलाएं,किशोरियां, ह्यूमन राइट डिफेंडर के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे। इस बीच कामगार महिलाओं को उनके अधिकार बताए गए। मंगलवार को बैठक में सभी को श्रम अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया और कानून की जानकारी दी। लेबर कार्ड के लाभों के बारे में बताया, गरीब मजदूरों के लिए चल रही सरकारी योजनाओं की जानकारी दी, महिलाओं को किसान का दर्जा दिलाने, महिला सम्मान निधि योजना से जोड़ने कैसे हो को लेकर भी रूपरेखा तय की गई। प्रेम कुमार प्रेम ने कामगार महिला को सुरक्षित कार्य वातावरण, उचित वेतन ,काम के घंटे का नियमन,उत्पीड़न से मुक्ति के बारे में बताया। वहीं मजदूर कार्ड बीमा योजना आदि के लाभों के बारे में जानकारी दी गई। प्रेम कुमार ने जोर देकर कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेती-बाड़ी में योगदान देने वाली महिलाओं को किसान का दर्जा मिलना चाहिए। इसके लिए खतौनी में उनका नाम भी शामिल किया जाए। इस मौके पर चंद्रवती, रीता पासी ,पप्पू पासी, काजल पासी, चांदनी पासी, नंदिनी, कस्तूरी, मितेश, सियाराम यादव, रामवती पासी, हरबती पासी, प्रीति पासी आदि सहित अनेकों मौजूद रहे।

### निर्माणाधीन मकान से सबमर्सिबल पाइप सहित सामान चोरी

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत गांव दारनी में सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने एक निर्माणाधीन मकान को निशाना बनाते हुए समरसेबल पाइप व अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीडिघ्त अजय कुमार पुत्र परशुराम निवासी दारनी ने घटना की तहरीर स्थानीय थाने में दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अजय कुमार का मकान बिलारी-आसफपुर रोड पर निर्माणाधीन है। ताजा चोरी की वारदात में चोर लगभग 25000 रु. मूल्य का सामान ले गए। पीडिघ्त ने बताया कि लगातार हो रही चोरियों से वह मानसिक रूप से परेशान है और उसे गंभीर आर्थिक क्षति हो रही है। उन्होंने पुलिस से त्वरित कार्रवाई कर चोरों को पकड़ने एवं क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# पीएम का जवाब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोकसभा में विपक्ष के तमाम सवालों के जवाब दिए। पीएम ने साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जो विपक्ष भ्रम फैला रहा है कि किसी के दबाव में पाकिस्तान से युद्ध को रोका गया, वह पूरी तरह गलत है। भारत ने किसी के दबाव में आकर कोई फैसला नहीं लिया। जाहिर है, जब वह ऐसा कह रहे थे उनके कहने का मतलब यही था कि यदि कोई युद्ध रोकने का श्रेय लेना चाह रहा है, तो यह सही नहीं है। पीएम मोदी ने विपक्ष को यह भी बताया कि यह मानकर चलना कि भारत के साथ उस युद्ध में कोई नहीं था यह भी एक गलत धारणा है। उन्होंने कहा कि 193 देशों में से मात्र एक-दो देश ही पाक के साथ खड़े थे, जबकि विश्व के अन्य देशों का व्यापक समर्थन भारत के साथ था।

उन्होंने कांग्रेस पर यह कहकर कटाक्ष किया कि कांग्रेस बराबर सरकार विरोधी व सेना विरोधी काम करती रही है। पीएम मोदी के अनुसार भारत ने अपने तमाम लक्ष्य हासिल किए और पाकिस्तान को घुटनों पर लाया गया। पाकिस्तान की पेशकश पर ही युद्ध को रोका गया था। उनसे पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी जोरदार हमला यह कहकर सरकार पर बोला था कि सरकार के पास दृढ़ इच्छाशक्ति का अभाव है और उसने सेना के हाथ बांध रखे हैं। उन्होंने कहा था कि जब पाक पर हमला करने से पहले ही हमारे विदेश मंत्री ही उनके सूचित करेंगे और बताएंगे कि भारत केवल हमला चुनिंदा ठिकानों पर करेगा, उनमें पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान शामिल नहीं होंगे। उससे संकेत क्या मिलता है यही कि सरकार के पास इच्छाशक्ति नहीं है। राज्यसभा में ही जोरदार चर्चा देखने में आई वहां नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जोरदार ढंग से अपनी बात को रखा और कहा कि सरकार ने अपने व्यापारिक मित्रों के हितों को ध्यान में रखकर सीज फायर पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि ट्रम्प बार-बार कह रहे हैं कि व्यापार ही वही कारण था जिसकी धमकी देकर उन्होंने भारत को मजबूर किया। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अगर ट्रम्प की इसमें कोई भूमिका नहीं थी, तो फिर युद्ध विराम की घोषणा ट्रम्प की तरफ से पहले कैसे आई।

पहलगाम आतंकी घटना को लेकर चूक का मामला भी सामने आया और सपा के अखिलेश यादव ने खुलकर कहा कि यह सुरक्षा चूक है और इसमें गृहमंत्री को अपनी जिम्मेदारी से नहीं भागना चाहिए। यह भी इत्तेफाक ही रहा कि एक दिन पहले ही तीन आतंकवादी जम्मू कश्मीर में हुई एक मुठभेड़ में मारे गए, उनके बारे में गृहमंत्री अमित शाह ने बताया कि यह तीनों आतंकी ही पहलगाम की घटना में शामिल थे और ये सभी लश्कर-ए-तैयबा के टॉप कमांडर थे। इस पर भी विपक्ष ने इस मुठभेड़ की टाइमिंग पर सवाल उठाए। कुल मिलाकर ऑपरेशन सिंदूर पर सत्ता पक्ष व विपक्ष की तरफ से जोरदार बहस देखने में आई, जिसकी जनता बहुत दिनों से प्रतीक्षा कर रही थी। बहस किसके पक्ष व विपक्ष में रही यह ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है लोकतंत्र में यह महत्वपूर्ण है कि सभी पक्ष अपने विचारों को खुले मंच से मजबूती के साथ रखें।

## सरकार के पास राजनीतिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए



पहलगाम में एक क्रूर और निर्दयी हमले में, जो साफ तौर पर पाकिस्तानी सरकार की ओर से प्रायोजित और षड्यंत्र किया गया था, युवा और वृद्ध लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई, लोकसभा के प्रत्येक सदस्य ने मिलकर पाकिस्तान की निंदा की है, ऑपरेशन सिंदूर से पहले ही विपक्ष सरकार और सेना के साथ था, विपक्ष के नाते हम एकजुट होकर सरकार के साथ थे, सेना का जवान देश के लिए लड़ने-मरने के लिए तैयार रहता है, सेना का प्रयोग करने से पहले सरकार के पास राजनी. तिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए, जैसे ही ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ, बल्कि शुरू होने से पहले ही विपक्ष ने, सभी दलों ने यह प्रतिबद्धता जताई कि हम सेना और भारत की निर्वाचित सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़े रहेंगे। **-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा**

# दो महाशक्तियों के बीच फंसी विदेश नीति और अंबानी की हिस्सेदारी

## भारत की कूटनीति की परीक्षा

वाहिद नसीम



भारत आज एक ऐसे कूटनीतिक जाल में फंस चुका है, जहां हर कदम आर्थिक और रणनीतिक बर्बादी की ओर ले जाता है। एक तरफ नाटो देशों (अमेरिका, यूरोप) का विशाल बाजार और हथियारों की चमक, दूसरी तरफ रूस और चीन की उभरती धुरी दुनिया दो खेमों में बंट चुकी है। भारत की रणनीतिक स्वायत्तता अब एक खोखला नारा बनकर रह गया है, और इसका सबसे बड़ा सबूत है हमारी विदेश नीति की कमजोरी, जो हमें इन महाशक्तियों के बीच लटका रही है।

इस जाल में तेल और तेल उत्पादों का निर्यात, जिसमें मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज की भारी हिस्सेदारी है, भारत की आर्थिक रीढ़ का अहम हिस्सा है।

### निर्यात का संकट: तेल और अंबानी का दबदबा

2023-24 में भारत का कुल निर्यात 447 बिलियन डॉलर था। इसमें पेट्रोलियम उत्पादों की हिस्सेदारी 17.5 प्रतिशत (लगभग 67.6 बिलियन डॉलर) थी। रिलायंस इंडस्ट्रीज, जिसका नेतृत्व मुकेश अंबानी करते हैं, भारत के पेट्रोलियम निर्यात का 50-60 प्रतिशत हिस्सा नियंत्रित करती है, यानी लगभग 33.8-40.6 बिलियन डॉलर। इसका मतलब है कि भारत के कुल निर्यात में रिलायंस की हिस्सेदारी 7.6 -10 प्रतिशत तक है।

### फार्मास्यूटिकल उत्पाद

ये उत्पाद भी महत्वपूर्ण हैं, जो कुल निर्यात का 6.8 प्रतिशत (30.5 बिलियन डॉलर) है। नाटो देश (अमेरिका, यूरोप, यूके) भारत के कुल निर्यात का 35-38 प्रतिशत (156-170 बिलियन डॉलर) हिस्सा लेते हैं। यदि भारत नाटो को छोड़कर रूस-चीन के साथ जाता है, तो 28-34 प्रतिशत निर्यात (125-152 बिलियन डॉलर) का नुकसान होगा। इसमें पेट्रोलियम निर्यात का 20-30 प्रतिशत (13.5-20.3 बिलियन डॉलर, जिसमें रिलायंस का बड़ा हिस्सा) और फार्मा का 50-55 प्रतिशत (15.25-16.78 बिलियन डॉलर) प्रभावित होगा।

रूस और चीन इस नुकसान की भरपाई नहीं कर सकते। चीन को निर्यात मात्र 3.6 प्रतिशत (16 बिलियन डॉलर) और रूस को 1 प्रतिशत (4-5 बिलियन डॉलर) है। रिलायंस, जो भारत के रूसी कच्चे तेल आयात का 25 प्रतिशत (2024-25 में 17 बिलियन डॉलर) संभालती है, यूरोप को रिफाइंड ईंधन निर्यात में अग्रणी है। लेकिन रूस-चीन खेमा न तो बाजार दे सकता है, न ही भारत की आर्थिक जरूरतों को पूरा कर सकता। फार्मा उद्योग में 60-70 प्रतिशत कच्चा माल चीन से आता है, लेकिन नाटो के साथ टकराव से विशेष रसायनों का आयात रुक सकता है, जिससे उत्पादन ठप हो सकता है।

### रक्षा क्षेत्र: रूस के बिना लाचार

रक्षा के मोर्चे पर भारत की हालत और भी नाजुक है। भारत के 85 प्रतिशत हथियार रूस से आते हैं सुखोई मिसाइल सिस्टम। यह हथियार चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसियों से मुकाबले की रीढ़ हैं। रूस को छोड़ने पर 70-85 प्रतिशत हथियारों की कमी हो सकती है। अमेरिका, फ्रांस और इजराइल से इनकी जगह लेने में 10-15 साल लगेंगे। राफेल (36 विमान) और अपाचे जैसे हथियार रूसी हथियारों का विकल्प नहीं बन सकते और उनकी लागत आसमान छूती है। स्वदेशी परियोजनाएं तेजस, AMCA अभी कच्ची हैं, और रूस की जगह लेने में दशकों लगेंगे।

मुकेश अंबानी की रिलायंस न केवल तेल निर्यात में दबदबा रखती है, बल्कि भारत के रूसी तेल आयात में भी अहम भूमिका निभाती है। 2024-25 में भारत का रूस से तेल आयात 68 बिलियन डॉलर था, जिसमें रिलायंस की हिस्सेदारी 45-50 प्रतिशत थी। यह ताकत भारत की कूटनीति को और जटिल बनाती है। नाटो के साथ टकराव से रिलायंस के निर्यात बाजार (विशेष रूप से यूरोप) को नुकसान होगा, और रूस-चीन के साथ जाना भी कोई स्थाई हल नहीं, क्योंकि चीन भारत का प्रतिद्वंद्वी है और रूस की अर्थव्यवस्था सीमित।



भारत की सबके साथ, किसी के खिलाफ नहीं वाली नीति अब उसका गला घोंट रही है। दुनिया दो लकीरों में बंट चुकी है और भारत की तटस्थता इसे कहीं का नहीं छोड़ रही। नाटो के साथ रहने का मतलब रूस से दूरी, और रूस-चीन के साथ जाने का मतलब आर्थिक और सैन्य नुकसान।

**क्या है रास्ता?**

भारत को अब चालाकी छोड़कर ठोस रणनीति चाहिए। रूस के साथ रक्षा सौदों को बनाए रखते हुए नाटो के साथ व्यापार संतुलित करना होगा। रिलायंस जैसे निजी खिलाड़ियों को वैकल्पिक बाजार तलाशने होंगे। स्वदेशी रक्षा और फार्मा उत्पादन PLI योजना, बल्क ड्रग पार्क में तेजी लानी होगी, लेकिन यह सब समय मांगता है, और समय भारत के पास कम है।

भारत की विदेश नीति एक तंग गली में फंस चुकी है। नाटो को छोड़ने से 28-34 प्रतिशत निर्यात (125-152 बिलियन डॉलर, जिसमें रिलायंस की 7.6-10 प्रतिशत हिस्सेदारी) और 70-85 प्रतिशत हथियारों की कमी होगी। रूस-चीन के साथ जाना भी कोई हल नहीं, क्योंकि उनका बाजार और ताकत सीमित है। रिलायंस की तेल निर्यात में 50-60 प्रतिशत हिस्सेदारी भारत की ताकत है, लेकिन यह ताकत कूटनीतिक कमजोरी के सामने बेकार साबित हो रही है। भारत को अब रणनीतिक स्वायत्तता को नारा नहीं, हकीकत बनाना होगा, वरना यह जंजाल हमें आर्थिक और सैन्य रूप से लाचार कर देगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विदेश नीति पर बहुत बारीक अध्ययन रखते हैं
ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जलवायु परिवर्तन से आल्पस क्षेत्र में भूकंप का खतरा

1960 के दशक में जब मॉन्ट ब्लांक टनल बनाई जा रही थी तो पहाड़ों के भीतर से अचानक तेजी से बहता हुआ बिलकुल ताजा पानी मिला। यह पानी इतना ताजा था कि उसमें अभी तक चट्टानों के खनिज भी नहीं घुल पाए थे। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों ने इन निष्कर्षों पर थोड़ी सावधानी बरतने की बात कही है। वैज्ञानिक फिलिप वर्नांट का कहना है कि वैसे तो आंकड़े काफी मजबूत हैं लेकिन यह भी मुमकिन है कि मॉन्ट ब्लांक सुरंग बनाने के प्रभाव देर से सामने आ रहे हों। इसलिए जरूरी है कि इस तरह की घटनाओं पर लंबे समय तक अध्ययन किए जाएं ताकि पता चल सके कि ऐसा पैटर्न केवल आल्प्स में है या दुनिया के अन्य पहाड़ी इलाकों में भी है।

हम अक्सर सुनते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण लू, बाढ़, जंगलों में आग और समुद्र स्तर बढ़ रहे हैं। लेकिन अब इसका एक और चौंकाने वाला असर पता चला है-आल्प्स पर्वतों में ग्लेशियरों के पिघलने से भूकंप का खतरा बढ़ सकता है। ऐसी घटना फ्रांस के मॉन्ट ब्लांक इलाके के एक ऊंचे बर्फ से ढंके पर्वत ग्रांड जोरासेस में घटी है। 2015 में जब इस क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ी तो भारी मात्रा में बर्फ पिघली।

इसके तुरंत बाद पहाड़ के नीचे छोटे-छोटे भूकंप महसूस किए गए। कोई नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे छोटे-छोटे भूकंप कभी-कभी बड़े भूकंप की चेतावनी भी होते हैं, लेकिन बर्फ के पिघलने से भूकंप कैसे आ सकते हैं? जब ग्लेशियर पिघलते हैं तो पानी चट्टानों की दरारों से गहराई तक चला जाता है। वहां यह पानी चट्टानों पर दबाव बनाता है और जमीन के अंदर जो फॉल्ट लाइनें होती हैं, उनकी पकड़ कमजोर कर देता है। इन फॉल्ट लाइनों के फिसलने से ऊर्जा निकलती है जो भूकंप का कारण बनती है। ऐसा नहीं है कि यह प्रक्रिया सिर्फ आल्प्स में होती है। वैज्ञानिकों ने ताइवान जैसे इलाकों में भी देखा है कि बारिश के हिसाब से भूकंप की संख्या बदलती है। इसी तरह, जहां फ्रैंकिंग (तेल और गैस निकालने की प्रक्रिया) या जियोथर्मल ऊर्जा के लिए जमीन के भीतर दबाव के साथ पानी डाला जाता है, वहां भी छोटे भूकंप आ सकते हैं। ETH ज्यूरिख के वैज्ञानिकों द्वारा मॉन्ट ब्लांक इलाके में छोटे भूकंप को मापने वाले यंत्रों की मदद से 2006 से अब तक दर्ज 12,000 से ज्यादा छोटे-छोटे भूकंपों के विश्लेषण से पता चला है कि 2015 की गर्मी के बाद इन भूकंपों की संख्या बढ़ी थी। यही पैटर्न अगले साल की ग्रीष्म लहरों के बाद भी दिखे। दिलचस्प बात यह है कि सतह के पास वाले छोटे भूकंप गर्मी के लगभग एक साल बाद बढ़े, जबकि गहराई (लगभग 7 कि.मी) में आने वाले भूकंप दो साल बाद बढ़े। इसका कारण यह हो सकता है कि पानी को गहराई तक पहुंचने में समय लगता है। भूकंप सम्बंधी ऐसे अनुभव पहले भी हुए हैं।

1960 के दशक में जब मॉन्ट ब्लांक टनल बनाई जा रही थी तो पहाड़ों के भीतर से अचानक तेजी से बहता हुआ बिलकुल ताजा पानी मिला। यह पानी इतना ताजा था कि उसमें अभी तक चट्टानों के खनिज भी नहीं घुल पाए थे। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों ने इन निष्कर्षों पर थोड़ी सावधानी बरतने की बात कही है। वैज्ञानिक फिलिप वर्नांट का कहना है कि वैसे तो आंकड़े काफी मजबूत हैं लेकिन यह भी मुमकिन है कि मॉन्ट ब्लांक सुरंग बनाने के प्रभाव देर से सामने आ रहे हों। इसलिए जरूरी है कि इस तरह की घटनाओं पर लंबे समय तक अध्ययन किए जाएं ताकि पता चल सके कि ऐसा पैटर्न केवल आल्प्स में है या दुनिया के अन्य पहाड़ी इलाकों में भी है। अभी तक तो आल्प्स में आए इन भूकंपों से मॉन्ट ब्लांक सुरंग या आस-पास के शहरों को कोई खतरा नहीं है। इस क्षेत्र की इमारतें रिक्टर पैमाने पर 6 स्तर के भूकंप झेलने लायक बनाई गई हैं, लेकिन स्थिति हिमालय जैसे इलाकों में ज्यादा गंभीर हो सकती है, जहां ग्लेशियर बहुत तेजी से पिघल रहे हैं और जहां बड़े और खतरनाक भूकंप आने की आशंका भी ज्यादा है। जलवायु परिवर्तन बढ़ता जा रहा है और यह अध्ययन हमें याद दिलाता है कि हमारी धरती पहले से ही एक नाजुक हालत में हैय ग्लेशियर पिघलने जैसे छोटे बदलाव भी इसे और अस्थिर कर सकते हैं।



**-स्रोत फीचर्स**

# वायु प्रदूषण से स्मृति लोप का बढ़ता खतरा

ललित गर्ग



पर्यावरण की उपेक्षा एवं बढ़ता वायु प्रदूषण मनुष्य स्वास्थ्य के लिए न केवल घातक हो रहा है, बल्कि एक बीमार समाज के निर्माण का कारण भी बन रहा है। हाल ही में हुए एक मेटा-अध्ययन ने वायु प्रदूषण और बिगड़ती स्मृति के बीच एक खतरनाक संबंध का खुलासा किया है।

हवा में मौजूद विषैले कण-खासकर महीन धूल और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें, जो मुख्य रूप से वाहनों और औद्योगिक प्रक्रियाओं से निकलती हैं, हमारे मस्तिष्क को सीधे प्रभावित कर रही हैं। यह व्यापक शोध लगभग 3 करोड़ व्यक्तियों से जुड़े 51 अध्ययनों पर आधारित है। यह निष्कर्ष भारत जैसे देशों के लिए विशेष रूप से चिंताजनक हैं, जहां वायु प्रदूषण का स्तर दुनिया में सबसे अधिक है। अगर धनी और विकसित देश भी प्रदूषण के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों से जूझ रहे हैं, तो भारत लापरवाही बर्दाश्त नहीं कर सकता। वायु प्रदूषण से निपटना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि प्रदूषित हवा के नियमित संपर्क में रहने से मनोभ्रंश एवं स्मृति-लोप का खतरा काफी बढ़ जाता है, यह एक ऐसी प्रगतिशील स्थिति है जो स्मृति और संज्ञानात्मक क्षमताओं को क्षीण कर देती है। दुनिया भर में, लगभग 5।74 करोड़ लोग पहले से ही मनोभ्रंश से प्रभावित हैं। वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई न किए जाने पर, यह संख्या 2050 तक तिगुनी होकर 15.28 करोड़ हो सकती है। मनोभ्रंश अर्थात डिमेंशिया या भूलने की बीमारी का दुनिया में बढ़ता खतरा इतना बड़ा है कि आगामी 25 वर्ष में इस बीमारी से ग्रस्त लोगों की संख्या तीन गुना हो जाएगी। शोधकर्ताओं ने वायु प्रदूषण में खासकर कार से निकलने वाले धुएं या उत्सर्जन को गंभीर माना है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण में रहने वाले लोगों के मस्तिष्क की कार्यक्षमता में एक दशक तक की गिरावट देखी जा सकती है, उदाहरण के लिए, लगातार जहरीली हवा में सांस लेने वाला 50 वर्षीय व्यक्ति 60 वर्षीय व्यक्ति के समान संज्ञानात्मक क्षमता प्रदर्शित कर सकता है।

वायु प्रदूषण का सबसे पहला असर फेफड़ों और दिल पर पड़ता है, लेकिन यह वहीं तक सीमित नहीं रहता। हवा में मौजूद ये छोटे-छोटे कण हमारी सांस के जरिए खून में चले जाते हैं और फिर सीधे दिमाग तक पहुंच जाते हैं। इससे-याद रखने की क्षमता कमजोर होती है। ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है। सीखने और नई बातें याद रखने में दिक्कत होती है। कुछ मामलों में डिप्रेशन यानी अवसाद की संभावना बढ़ जाती है। द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में पाया गया कि पीएम 2.5 (सूक्ष्म कण पदार्थ) में प्रति घन मीटर 10 माइक्रोग्राम की वृद्धि से स्मृति संबंधी बीमारियों का खतरा 17 प्रतिशत बढ़ जाता है। वाहनों के धुएं और जलती हुई लकड़ी से निकलने वाले ब्लैक कार्बन में एक माइक्रोग्राम की भी वृद्धि से यह खतरा 13 प्रतिशत बढ़ जाता है। यह सूक्ष्म कण हमारे श्वसन और परिसंचरण तंत्र को दरकिनार कर मस्तिष्क तक पहुंच सकते हैं और सूजन व ऑक्सीडेटिव तनाव पैदा कर सकते हैं, जिससे अंततः न्यूरॉन्स को नुकसान पहुंचता है। इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। प्रदूषित हवा न केवल फेफड़ों और हृदय के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि याददाश्त, एकाग्रता, सीखने और भावनात्मक स्थिरता को भी कमजोर करती है।

अध्ययनों से पता चला है कि उच्च प्रदूषण वाले क्षेत्रों में रहने वाले बच्चे स्वच्छ वातावरण में रहने वालों की तुलना में स्कूल की परीक्षाओं में खराब प्रदर्शन करते हैं। प्रदूषित हवा के संपर्क में आने वाले वयस्क अक्सर चिड़चिड़ापन, थकान और यहां तक कि अवसाद का अनुभव करते हैं। उनकी उत्पादकता और निर्णय लेने की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है।

प्रदूषण से प्रेरित स्मृति हानि का प्रभाव केवल व्यक्तियों तक ही सीमित नहीं है, यह शैक्षिक परिणामों, कार्यस्थल की दक्षता और सामाजिक निर्णय लेने को भी प्रभावित करता है। आंकड़े दर्शाते हैं कि उच्च-पीएम क्षेत्रों में लोग मौखिक प्रवाह, तर्क, सीखने और स्मृति परीक्षणों में कम अंक प्राप्त करते हैं, जो शिक्षा का एक पूरा वर्ष गंवाने के समान है।

एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि कैसे किराने की खरीदारी जैसे नियमित कार्यों में संज्ञानात्मक विकर्षण प्रदूषण के संपर्क में आने से बढ़ जाता है। वृद्ध और कम शिक्षित व्यक्ति विशेष रूप से असुरक्षित होते हैं, अक्सर रोजमर्रा के कार्य करने की क्षमता खो देते हैं और दूसरों पर अधिक निर्भर हो जाते हैं। बढ़ते खतरे के बावजूद, चिकित्सा विज्ञान वर्तमान में मनोभ्रंश का कोई निश्चित इलाज नहीं देता है। मौजूदा उपचार सीमित और अक्सर अप्रभावी होते हैं, जिससे मरीज धीरे-धीरे अपनी याददाश्त और स्वतंत्रता खो देते हैं। अध्ययन के सह-प्रमुख लेखक, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के डॉ. क्रिस्टियन ब्रेडल इस बात पर जोर देते हैं कि मनोभ्रंश की रोकथाम केवल स्वास्थ्य सेवा की जिम्मेदारी नहीं है।

शहरी नियोजन, परिवहन नीतियां और पर्यावरणीय नियम, सभी इस संकट से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वायु प्रदूषण न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि सामूहिक सोच, जीवनशैली विकल्पों और पर्यावरणीय निर्णयों को भी विकृत करता है। बड़े पैमाने पर, यह शैक्षिक उपलब्धि में कमी, उत्पादकता में कमी, स्वास्थ्य सेवा के बढ़ते बोझ और गहरी होती आर्थिक असमानताओं में योगदान देता है। वाशिंगटन में 12 लाख लोगों पर किए गए एक अलग अध्ययन से पता चला है कि जंगल की आग के धुएं के संपर्क में आने से, जो पीएम 2।5 के स्तर को बढ़ाता है, मनोभ्रंश का खतरा 18-21 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय द्वारा की गई एक और व्यापक समीक्षा (51 अध्ययनों में 2.9 करोड़ लोगों पर) ने पुष्टि की कि पीएम 2.5 के संपर्क में आने से मनोभ्रंश का खतरा 13-17 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। विज्ञान स्पष्ट है कि यह सूक्ष्म कण श्वसन तंत्र और मस्तिष्क में गहराई तक प्रवेश करते हैं, मस्तिष्क के कार्य को बाधित करते हैं और मानसिक गिरावट को तेज करते हैं। हाल ही में चीन में हुए एक शोध में भी पीएम और नाइट्रोजन ऑक्साइड के संपर्क को मध्यम आयु वर्ग और वृद्ध लोगों में संज्ञानात्मक क्षमता में कमी, विशेष रूप से कार्यशील स्मृति में कमी से जोड़ा गया है। यह एक बढ़ता हुआ संकट है जिसके प्रभाव न केवल व्यक्तियों पर बल्कि पूरे समाज पर पड़ रहे हैं। हमें यह स्वीकार करना होगा कि वायु प्रदूषण अब केवल खांसी या सांस की बीमारी तक सीमित नहीं है, यह चुपचाप हमारी स्मृति, संज्ञानात्मक कार्यों और मान. सिक स्वास्थ्य पर हमला कर रहा है। लोग मानसिक थकान, अवसाद या चिड़चिड़ापन महसूस कर सकते हैं। सामूहिक स्तर पर, शिक्षा और उत्पादकता में गिरावट, स्वास्थ्य पर बढ़ता बोझ और आर्थिक असमानता बढ़ती है।

अगर तत्काल और निर्णायक कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और बिगड़ेगी। वायु प्रदूषण शरीर में हानिकारक रासायनिक प्रतिक्रियाओं को जन्म देता है जो कोशिकाओं, प्रोटीन और डीएनए को नुकसान पहुंचाती हैं, जिससे मनोभ्रंश जैसी तंत्रिका संबंधी बीमारियों का मार्ग प्रशस्त होता है। उत्साहजनक रूप से, शोध बताता है कि वायु प्रदूषण को कम करने से स्वास्थ्य, आर्थिक, सामाजिक और जलवायु क्षेत्रों में दीर्घकालिक लाभ मिल सकते हैं। इससे मरीजों, परिवारों और देखभाल करने वालों पर बोझ भी कम होगा। अब हमें खुद से यह सवाल पूछना होगा कि हम न केवल अपने फेफड़ों, बल्कि अपने दिमाग की भी रक्षा के लिए कितनी दूर तक जाने को तैयार हैं?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नीदरलैंड ने इजरायल के दो कट्टर मंत्रियों पर लगाया बैन

## गाजा में हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप, अब तक सात देशों ने कट्टर मंत्रियों पर लगाया प्रतिबंध

**■ वेल्डकैंप ने कहा: इन मंत्रियों ने दिया फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा**



**एम्सटर्डम।** नीदरलैंड ने इजरायल के वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच और सुरक्षा मंत्री इतमार बेन-ग्विर के देश में प्रवेश पर रोक लगा दी है। टाइम्स आफ इजरायल के मुताबिक इन पर गाजा में हिंसा को बढ़ावा देने के आरोप हैं।

नीदरलैंड से पहले 6 देश इन दोनों नेताओं के अपने देश में आने पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। एमपी विदेश मंत्री कैस्पर वेल्डकैंप ने सोमवार को कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि इन मंत्रियों ने बार-बार फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा दिया है, अवैध यहूदी बस्तियों के विस्तार की वकालत की है और गाजा में जातीय सफाए की बात कही है। वेल्डकैंप ने यह भी कहा कि नीदरलैंड में इजरायली राजदूत को तलब किया जाएगा और उनसे अपील की जाएगी कि वे नेतन्याहू सरकार से अपना रवैया बदलने को कहें। उन्होंने मौजूदा हालात को बुरा बताते हुए कहा कि नीदरलैंड हमास पर युद्धविराम के लिए दबाव बढ़ाने को भी तैयार है। अक्टूबर 2023 में इजरायली सैन्य अभियान शुरू होने के बाद से अब तक 147 लोग भुखमरी से मारे जा चुके हैं। नीदरलैंड के इस फैसले पर इजरायली मंत्री इतमार बेन ग्विर ने नाराजगी जताई। उन्होंने मंगलवार को कहा कि चाहे उन्हें पूरे यूरोप में घुसने से रोक दिया जाए, वे इजरायल के लिए काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने हमास को खत्म करने और इजरायली सैनिकों का समर्थन करने की मांग की। उन्होंने यूरोप पर आरोप लगाया कि वहां हमेशा पीड़ितों को ही दोषी ठहराया जाता है। बेन-ग्वीर ने कहा कि यूरोप एक ऐसी जग वेल्डकैंपह है जहां आतंकवाद को बर्दाश्त किया जाता है और आतंकवादियों का स्वागत होता है। वहां आतंकवादी आजाद घूम रहे हैं और यहूदियों का बहिष्कार किया जा रहा है। बेन-ग्वीर पहले इजरायल में नस्लवाद भड़काने और एक आतंकवादी संगठन का समर्थन करने के मामले में दोषी ठहराए

**■ नीदरलैंड हमास पर युद्धविराम के लिए दबाव बढ़ाने को भी तैयार**

जा चुके हैं। हालांकि अब वह इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री हैं और स्मोट्रिच वित्त मंत्री हैं। गौरतलब है कि इजरायली मंत्रियों बेन ग्विर और स्मोत्रिच की एंट्री पर बैन लगाने वाला नीदरलैंड एकलौता देश नहीं है। इससे पहले 9 जून को आस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, नार्वे और ब्रिटेन ने भी एकसाथ उन पर प्रतिबंध लगाया था। हालांकि अमेरिका ने इस पर नाराजगी जाहिर की थी और इसे गैरजरूरी बताया था। इन पांचों देशों ने एक संयुक्त बयान में कहा था कि इन मंत्रियों ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक और गाजा में फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा भड़काई है। इसलिए उनकी संपत्ति जब्त की जाएगी और उन पर इन देशों में यात्रा करने पर रोक लगाई जाएगी। इसके बाद 17 जुलाई को स्लोवेनिया ने इन दोनों मंत्रियों पर बैन लगा दिया था।

### लंदन में छुरा घोंपने की घटना में दो की मौत

**लंदन।** मध्य लंदन में टावर ब्रिज के पास छुरे से किए गए हमले में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि कंट्रोल रूम को लंदन के साउथवार्क बरो में ब्रिज के पास एक सड़क पर कई हमलों की सूचना मिली थी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि 28 जुलाई को दोपहर 12:00 बजे अधिकारियों को सूचना मिली कि लॉन्ग लेन स्थित एक व्यावसायिक इकाई में कई लोगों पर हमला किया गया है। पुलिस और एम्बुलेंस सेवा घटनास्थल पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल चार लोगों का इलाज किया।



मुंबई। अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर बायकुला चिड़ियाघर में रॉयल बंगाल टाइगर 'शक्ति' को देखते लोग।

## अमेरिका में भी ड्रीमलाइनर से मिला मेडे कॉल

**■ आसमान में बोइंग-787 के इंजन में खराबी आई, अहमदाबाद में इसी मॉडल का विमान हुआ था क्रैश**

**वाशिंगटन।** अमेरिका में यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान 'बोइंग 787.8 ड्रीमलाइनर' के लेफ्ट इंजन में उड़ान के दौरान खराबी आ गई। हादसे के वक्त प्लेन 5000 फीट की ऊंचाई पर था, जिसके बाद पायलटों ने 'मेडे काल' (इमरजेंसी का मैसेज) भेजा। यह हादसा 25 जुलाई को हुआ था, जिसकी खबर अब सामने आई है।

पायलटों ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) के साथ मिलकर हालात को संभाला। फ्लाइटअवेयर के मुताबिक, प्लेन 2 घंटे 38 मिनट तक हवा में रहा। इसने राजधानी वाशिंगटन के उत्तर-पश्चिम में चक्कर लगाते हुए ईंधन खाली किया, ताकि लैंडिंग के लिए वजन कम हो सके। 12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया का जो प्लेन क्रैश हुआ था, वह बोइंग कंपनी '787-8 ड्रीमलाइनर' का ही था। तब यह विमानश टेकआफ के दो मिनट बाद ही क्रैश हो गया था। इस हादसे में 270 लोगों की जान गई थी। बोइंग दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कामर्शियल एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरर कंपनी है। फ्रांस की एयरबस कंपनी पिछले महीने ही सबसे बड़ी कामर्शियल एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरर बनी है। यूनाइटेड एयरला. इंस के पायलटों ने 5000 फीट की ऊंचाई पर ही ईंधन खाली करने की अनुमति मांगी थी। इसके बाद एटीसी ने उन्हें दूसरी उड़ानों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने के लिए गाइड किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका गाजा में खाद्य केंद्र खोलेगा: ट्रम्प

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा पट्टी में जारी मानवीय संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि अमेरिका फलस्तीनियों की मदद के लिए वहां 'खाद्य केंद्र' खोलेगा। ट्रम्प ने कल स्कॉटलैंड में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ अपनी बैठक के दौरान कहा कि गाजा में जारी मानवीय संकट इस बैठक का एक मुख्य कारण है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार दोनों नेताओं ने गाजा में भयावह स्थिति को स्वीकार किया।

### म्यांमार में बाढ़ आने पर 2200 से अधिक लोगों को बचाया

**यांगून।** पूर्वी म्यांमार में शान प्रांत के चार शहरों में बाढ़ में घिरे 461 घरों के कुल 2267 लोगों को बचाया गया है। म्यांमार अग्निशमन सेवा विभाग के मुता. बिक सोमवार तड़के हुई भारी बारिश के कारण पहाड़ों से आए पानी के तेज बहाव के कारण बाढ़ आने से यात्सौक, औंगबन, कलाव और पिडया कस्बे प्रभावित हुए हैं। पिडया कस्बे में मंगलवार सुबह बाढ़ से छह लोगों की मौत हो गई और अन्य तीन घायल हो गए। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बचाव टीमों ने बचाए गए लोगों को मठों और खेल के मैदानों में स्थानांतरित किया है।

## ग्रैंड मुफ्ती बोले: निमिषा की मौत की सजा रद्द

**नई दिल्ली।** यमन की जेल में बंद भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा पर संशय गहरा गया है। एक तरफ भारतीय ग्रैंड मुफ्ती कांथापुरम एपी अबू. बकर मुसलियार के आफिस ने दावा किया है कि निमिषा प्रिया की पहले स्थगित की गई मौत की सजा को अब रद्द कर दिया गया है।

वहीं, दूसरी तरफ विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने निमिषा की सजा रद्द होने की जानकारियों को भ्रामक बताया है। उन्होंने कहा कि ये जानकारियां मौजूदा स्थिति को सही ढंग से नहीं दर्शातीं। निमिषा प्रिया यमन में एक हत्या के मामले में मौत की सजा का सामना कर रही हैं। उसे जून 2018 में एक यमनी नागरिक की हत्या के लिए दोषी ठहराया गया



**विदेश मंत्रालय ने नकारा, भारतीय नर्स को यमन नागरिक की हत्या मामले में गोली मारी जानी है, मौत की सजा पर संशय गहराया**

था। इस मामले में उसे 16 जुलाई को मौत की सजा दी जानी थी। हालांकि, इससे पहले ही 15 जुलाई को निमिषा की सजा अस्थाई रूप से टाल दी गई थी। भारतीय ग्रैंड मुफ्ती कांथापुरम एपी अबूबकर मुसलियार और यमन के चर्चित सूफी विद्वान शेख हबीब उमर बिन हाफिज ने 15 जुलाई को इस मसले पर बातचीत की थी। इसमें यमन के सुप्रीम कोर्ट के एक जज और मृतक का भाई भी शामिल था। यमन के शेख हबीब को बात. चीत के लिए मुफ्ती मुसलियार ने मनाया था। यह भी पहली बार था कि जब मृतक के परिवार का कोई करीबी सदस्य बातचीत को तैयार हुआ हो। यह बातचीत शरिया कानून के तहत हुई थी। यह मृतक के परिवार को दोषी को बिना किसी शर्त के या फिर ब्लड मनी के बदले माफ करने का कानूनी अधिकार देता है।

# ब्रिटिश सेना में भी जल्द होगी सिख रेजिमेंट

## ब्रिटेन के रक्षा मंत्री बोले: हम इसके गठन पर विचार कर रहे, गोरखा ब्रिगेड की तर्ज पर बनेगी

**लंदन।** ब्रिटेन में एक खास सिख रेजिमेंट बनाने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की सरकार ने कहा है कि वह इस प्रस्ताव पर विचार करने को तैयार है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री वर्नोन राडनी कोकर ने सोमवार को कहा कि वे इस मामले में लेबर पार्टी के सिख सांसद कुलदीप सिंह सहोता के साथ चर्चा करेंगे।

सहोता ने 7 जुलाई को संसद में इसे लेकर सवाल पूछा था। उन्होंने दोनों विश्व युद्धों में सिख सैनिकों के योगदान और वीरता को याद करते हुए सवाल पूछा कि सिखो की एक अलग रेजीमेंट की पुरानी मांग पर अब तक क्या प्रगति हुई है। इसके जवाब में रक्षा मंत्री कोकर ने कहा कि वे इस विषय पर सहोता से मिलना चाहेंगे और जानना चाहेंगे कि सिखों और अन्य धर्मों के सैनिकों के योगदान को पहचान देने के लिए और क्या

**■ कोकर ने 15 अगस्त को विक्ट्री ओवर जापान-डे के अवसर पर सिख सैनिकों के वैश्विक युद्धों में योगदान को याद करने की बात कही**

किया जा सकता है। सिख रेजिमेंट की स्थापना ब्रिटिश सेना में नेपाल के गोरखा ब्रिगेड की तर्ज पर हो सकती है। रक्षा मंत्री कोकर ने कहा: 'मैं लार्ड सहोता से मिलने को तैयार हूं।' कोकर ने 15 अगस्त को विक्ट्री ओवर जापान डे के अवसर पर सिख सैनिकों के वैश्विक युद्धों में योगदान को याद करने की बात कही।

यूके डिफेंस जर्नल ने उनके हवाले से कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के आत्मसमर्पण में दुनिया भर के सिखों का भी योगदान था, जिन्होंने वीरतापूर्ण भूमिका निभाई। 2019 में ब्रिटिश सेना में 130 सिख सैनिक थे और अन्य 70 रक्षा बलों में सेवारत थे। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में ब्रिटिश सेना में सिख सैनिकों की संख्या बढ़कर लगभग 160 हो गई। यानी ब्रिटिश सेना में सिखों की मौजूदगी धीरे-धीरे बढ़ रही है, लेकिन अब भी यह बहुत कम है। ब्रिटिश सेना में सिख रेजिमेंट की मांग कोई नई बात नहीं है।

2015 में, तत्कालीन रक्षा मंत्री मार्क फ्रांस्वा ने हाउस आफ कामन्स में बताया था कि सेना प्रमुख जनरल निकोलस कार्टर एक सिख यूनिट लाने पर विचार कर रहे हैं। पूर्व रक्षा मंत्री सर निकोलस सोम्स ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा था कि राजनीतिक औपचारिकता को छोड़कर सिख रेजिमेंट की स्थापना की जानी चाहिए। उन्होंने सिख समुदाय की पीढ़ियों से चली आ रही वीरता और विशिष्ट सेवा की प्रशंसा की थी।

# बेटों को पाकिस्तान नहीं आने देंगे इमरान खान

## पांच अगस्त को पीटीआई के प्रदर्शन में शामिल नहीं होंगे सुलेमान खान और कासिम खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने बेटों को पाकिस्तान आने और किसी भी विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने से मना कर दिया है। इससे पहले इमरान की बहन, अलीमा खान ने दावा किया था कि उनके भतीजे अपने पिता की रिहाई के लिए 5 अगस्त को होने वाले प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे। हालांकि, खान ने साफ किया कि उनके बेटे न तो पाकिस्तान आएंगे और न ही किसी प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे।



फाइल फोटो

इमरान खान 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। खान के बेटे, सुल. मान खान (28) और कासिम खान (26), हाल ही में अमेरिका में थे, जहां उन्होंने अपने पिता की रिहाई के लिए अमेरिकी सां. सदों से मुलाकात की थी। इमरान की पार्टी पीटीआई 5 अगस्त से देशव्यापी प्रदर्शन शुरू करने की तैयारी कर रही है, ताकि उनकी रिहाई के लिए शहबाज शरीफ सरकार और सैन्य प्रतिष्ठान पर दबाव बनाया जा सके। पार्टी ने इसे इमरान खान को आजाद करो अभियान नाम दिया है। इमरान की बहन अलीमा खान ने भी मीडिया से कहा कि इमरान ने पीटीआई को निर्देश दिया है कि उनकी या उनकी पत्नी की सुरक्षा को खतरा होने पर मुनीर को जवाबदेह ठहराया जाए। पीटीआई के चेयरमैन बैरिस्टर गोहर अली खान ने कहा कि पार्टी का सुलेमान और कासिम से कोई संपर्क नहीं है, लेकिन उन्हें अपने पिता से मिलने का अधिकार है। इमरान खान 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। सुलेमान और कासिम ने एक हफ्ते पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विशेष प्रतिनिधि रिचर्ड ग्रेनेल से मुलाकात की थी। ग्रेनेल ने इमरान खान की गिरफ्तारी को ष्राजनीतिक उत्पीड़नष करार देते हुए उनकी रिहाई की मांग दोहराई थी। ग्रेनेल ने एक्स पर लिखा था कि कैलिफोर्निया (सुलेमान और कासिम) में आपका स्वागत है। सुलेमान और कासिम, आपको मजबूत रहना होगा। दुनिया भर में लाखों लोग राजनीतिक उत्पीड़न से तंग आ चुके हैं। आप अकेले नहीं हैं। यह पहली बार नहीं था जब ग्रेनेल ने इमरान खान का समर्थन किया हो। पहले भी उन्होंने कहा था कि ट्रम्प सरकार के दौरान, जब इमरान खान पाकिस्तान के पीएम थे, अमेरिका और पाकिस्तान के बीच बेहतर रिश्ते थे। इमरान खान कुछ दिन पहले कहा था कि अगर उन्हें कुछ हुआ तो इसके जिम्मेदार सेना प्रमुख आसिम मुनीर होंगे। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पीटीआई के मुताबिक इमरान ने कहा कि हाल के दिनों में जेल में उनके और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के साथ बुरा व्यवहार बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी के सेल में टेलीविजन भी बंद कर दिया गया है और कैदियों के बुनियादी मानवाधिकार नहीं दिए जा रहे।

### ट्रम्प ने लंदन के मुस्लिम मेयर को घिनौना इंसान बताया

**टर्नबेरी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर लंदन के मेयर सादिक खान पर हमला बोला है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ स्काटलैंड में एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने खान को नैस्टी पर्सन यानी घिनौना इंसान कह दिया और उनके कामकाज की आलोचना की। एक रिपोर्टर ने ट्रम्प से पूछा कि क्या वे सितम्बर में अपनी राजकीय यात्रा के दौरान लंदन आएंगे, तो उन्होंने कहा कि मैं आपके मेयर का फैन नहीं हूं। मुझे लगता है उन्होंने बहुत खराब काम किया है। उनके इस बयान पर ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने तुरंत कहा कि वो (सादिक खान) मेरे दोस्त हैं। हालांकि ट्रम्प अपने बयान पर अड़े रहे और दोबारा दोहराया कि उन्होंने बहुत ही खराब काम किया है।

# इजरायली हमलों में 30 फलस्तीनी मारे गए

**■ गाजा में अल-नुसेरत शरणार्थी शिविर इलाके में घरों को निशाना बनाया**

**गाजा।** इजरायल के जंगी हवाई जहाजों ने मंगलवार को गाजा पट्टी के अल-नुसेरत शरणार्थी शिविर इलाके में घरों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम 30 फ़लस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। इस शि. विर में बने अल-अवदा अस्पताल ने बताया कि मारे गए लोगों में जयादातर महिलाएं और बच्चे थे।

यह बमबारी नुसेरत इलाके के उत्तर में बने 'न्यू कैंप' क्षेत्र में की गई। यह मध्य गाजा के सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है। अस्पताल ने यहां जारी एक बयान में कहा कि सुबह के समय एक के बाद एक हुए इन हमलों में घरों को निशाना बनाया गया। स्थानीय निवासियों ने शिन्हुआ को बताया कि बिना हमला बिना किसी पूर्व सूचना के किया गया। एक हमले में एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गई। उस वक्त पूरा परिवार घर के अंदर ही था। एक स्थानीय फ़लस्तीनी मोहम्मद अल-हूर ने शिन्हुआ को बताया कि इलाके में 'एक घंटे' से जयादा समय तक लगातार गोलाबारी होती रही। इससे मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस बीच, स्थानीय निवासियों ने शिन्हुआ को बताया कि इज़रायली सेना ने नुस. रात के उत्तर-पूर्व में अल-मुगरका क्षेत्र और वादी ब्रिज के पास ज़मीनी हमले में आवासीय इलाकों के बाहरी क्षेत्रों को टैंकों और भारी तोपखाने से निशाना बनाया।

# चीन में बच्चा पैदा करने पर 1.30 लाख देगी सरकार

## देश में वन चाइल्ड पॉलिसी की वजह से 7 साल में जन्मदर आधी हुई, 21 प्रतिशत आबादी बुजुर्ग

**बीजिंग।** चीन में बच्चा पैदा करने पर सरकार ने माता-पिता को 1.30 लाख रुपये देने का फैसला किया है। सरकार ने यह कदम लगातार जन्मदर में हो रही कमी को लेकर उठाया है। चाइना डेली की रिपोर्ट के मुताबिक बच्चे के जन्म के बाद सरकार लगातार 3 साल तक माता-पिता को सालाना 3600 युआन (करीब 44,000 रुपये) देगी।

चीन की 21 प्रतिशत आबादी की उम्र 60 साल से ज्यादा है। चीन ने करीब एक दशक पहले अपनी विवादास्पद 'वन चाइल्ड पालिसी' खत्म कर दी थी, लेकिन इसके बावजूद जन्म दर कम होती जा रही है। दुनिया के बड़े देशों में चीन की जन्म दर सबसे कम है और यह लगातार घटती जा रही है। 2016 में चीन में 1.8 करोड़ बच्चे पैदा हुए थे। 2023 में यह 90 लाख पर आ गई। सिर्फ 7 साल में चीन में बच्चे पैदा होने की रफ्तार में 50 प्रतिशत फीसदी कमी आई। 2024 में इसमें



**■ चीन ने करीब एक दशक पहले अपनी विवादास्पद 'वन चाइल्ड पालिसी' खत्म कर दी थी**

थोड़ा इजाफा हुआ और यह 95 लाख हुई, लेकिन जनसंख्या में कुल गिरावट जारी रही क्योंकि मृत्यु दर जन्म दर से अधिक रही। जिन माता-पिता के पास तीन साल से छोटे बच्चे हैं, उन्हें सरकार हर साल नकद पैसे देगी। ये योजना 1 जनवरी 2025 से लागू होगी। इसमें वो बच्चे भी शामिल हो सकेंगे जिनकी उम्र अभी तीन साल से कम है। ऐसे बच्चे जिनके पास चीनी नागरिकता है, उन्हें तीन साल का होने तक प्रति वर्ष 3,600 युआन (करीब 502 अमेरिकी डालर) दिए जाएंगे। अगर कोई बच्चा पहले पैदा हुआ है लेकिन अभी तीन साल से छोटा है, तो उसे भी उतने महीने के हिसाब से पैसे मिलेंगे, जितने महीने वो इस योजना के दायरे में आता है। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि ये पहली बार है जब पूरे देश में एक जैसी बाल देखभाल सब्सिडी दी जा रही है। इससे लगभग दो करोड़ परिवारों को हर साल फायदा मिलने की उम्मीद है। पहले चीन के अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग तरह की योजनाएं चलती थीं, जिनमें ज्यादातर सब्सिडी सिर्फ दूसरे या तीसरे बच्चे पर दी जाती थी। लेकिन इस नई योजना में पहले, दूसरे और तीसरे सभी बच्चों को बराबर मदद दी जाएगी।

## चीन में बाढ़ व भूस्खलन से 34 की मौत

**■ बुलडोजर पर चढ़ाकर लोगों को सुरक्षित निकाला, 80 हजार लोगों का रेस्क्यू किया**

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग और आसपास के इलाकों में भारी बारिश और बाढ़ से अब तक 34 लोगों की मौत हो चुकी है। सरकारी टीवी चैनल सीसीटीवी के मुताबिक बीजिंग के मियुन जिले में 28 और यानछिंग जिले में 2 लोगों की जान गई है।

ये दोनों इलाके शहर के बाहरी हिस्सों में स्थित हैं। बाढ़ के चलते बीजिंग से 80 हजार से ज्यादा लोगों को निकाला गया है। इनमें से करीब 17 हजार मियुन जिले से हैं। लगातार बारिश की वजह से बीजिंग के कुछ हिस्सों में मंगलवार सुबह तक 30 सेंटीमीटर तक पानी गिरने की संभावना जताई गई थी। बीजिंग से लगे हपेई प्रांत की लुआनपिंग काउंटी में सोमवार को भूस्खलन हुआ। इसमें 4 लोगों की मौत हुई और 8 लोग लापता हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इलाके में नेटवर्क बंद है और संपर्क साधना मुश्किल हो गया है। बीजिंग में दर्जनों सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। यह तस्वीर मियुन जिले में उफनती नदी के पास एक सड़क की है। बीजिंग प्रशासन ने सोमवार रात 8 बजे टॉप लेवल इमरजेंसी रिस्पान्स जारी किया।

इसके तहत सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। निर्माण कार्य और बाहरी गतिविधियों पर भी रोक लगा दी गई है। चीन सरकार ने हपेई प्रांत को 50 मिलियन युआन की इमरजेंसी सहायता भेजी है। साथ ही चेंगदे, बाओडिंग और झांगजियाकौ जैसे प्रभावित शहरों में राहत कार्यों के लिए केंद्रीय टीमें रवाना की गई हैं। इससे पहले प्रशासन ने मियुन जिले के एक प्रमुख जलाशय से पानी छोड़ने का फैसला किया। यह 1959 में बना था। तब से पहली बार इसका जलस्तर सबसे ज्यादा हो गया था।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट